सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम तापमान : 26.4
न्यूनतम : 10.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-19 अंक-162 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, मंगलवार, 02 दिसम्बर 2025
10 जमादीउस्सानी 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# संसद को अहंकार का अखाड़ा न बनने दें : पीएम

**विपक्ष को मर्यादाओं के अनुरूप कार्यवाही में हिस्सा लेना चाहिए**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि उन्हें चुनावी हार-जीत के परिणामों से बाहर निकलकर इसकी निराशा या अहंकार का अखाड़ा संसद को नहीं बनाना चाहिए और जनता की आकांक्षाओं तथा लोकतंत्र की मर्यादाओं के अनुरूप संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि संसद का महत्वपूर्ण शीतकालीन सत्र शांतिपूर्ण ढंग से चलेगा और सभी सदस्य देश की प्रगति के लिए तथा चुने हुये प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति का अवसर देने के लिए सदन को चलाने में अपना सहयोग करेंगे।

पीएम मोदी ने सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र तेज गति से आगे बढ़ रहा है और इसे और आगे बढ़ने की ऊर्जा देने का काम शीतकालीन सत्र करेगा, उन्हें ऐसा उन्हें विश्वास है। चुनावी हार जीत लोकतंत्र का हिस्सा है लेकिन संसदीय लोकतंत्र की मजबूती का दायित्व हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निजी एजेंडे के लिए संसद की कार्यवाही बाधित नहीं होनी चाहिए। नये सांसदों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए और सदन के कार्यवाही बाधित कर उनके अवसर को छीना नहीं जाना चाहिए। इस नए सांसदों को अभिव्यक्ति का अवसर दीजिए अपनी निराशा और अपनी पराजय में सांसदों को भागीदार मत बनने दीजिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास मजबूत होता रहता है और ऐसा समय-समय पर कुछ न कुछ देखने को मिलता है। उन्होंने बिहार विधानसभा में हुए भारी मतदान का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा के चुनाव में मतदान जिस रिकॉर्ड के साथ हुआ वह लोकतंत्र में नया विश्वास पैदा करता है। बड़ी बात यह है कि चुनाव में माता बहने ज्यादा हिस्सा ले रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सत्र में यह पता चलना है कि संसद और संसद सदस्य देश के लिए क्या सोचते हैं। वे देश के लिए क्या करने वाले हैं और क्या कर रहे हैं। विपक्ष भी अपना दायित्व निभाए और मजबूत मुद्दे उठाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाए। उसे पराजय की निराशा से बाहर आकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना है लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि एकाध दल तो निराशा से बाहर ही नहीं आ पा रहे हैं, उनके बयानों से यही लगता है। पराजय से निराश होकर संसद को उसका अखाड़ा नहीं बनाना है और नहीं विजय के अहंकार में डूब कर अपने दायित्व को भूलना है।

पीएम मोदी ने कहा कि राज्यसभा के नए सभापति सीपी राधाकृष्णन पहली बार सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे उनके अनुभव का लाभ सबको मिलेगा ऐसा उनको विश्वास है। उन्होंने ने कहा कि पिछले कुछ समय से सदन को पराजय की बौखलाहट के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। सत्ता में रहने की बौखलाहट संसद में दिख रही है। जनता को अपनी बात नहीं बता पा रहे हैं और सारा गुस्सा सदन में उतार रहे हैं। यह नयी परंपरा शुरू की जा रही है और यह ठीक नहीं है। पिछले 10 सालों से जो खेल चल रहा है वह देश को स्वीकार नहीं है इसलिए रणनीति बदलने की उन्हें जरूरत है।

### संसद में ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि देश के लिए सबको मिलकर बेहतर काम करना चाहिए और सदन में इसका परिचय देना चाहिए। संसद में जब हंगामा होता है तो सदस्यों को अपनी बात कहने का मौका नहीं मिलता है। नये सांसदों को मौका देना चाहिए और उनके अनुभव और नयी पीढ़ी का जो जोश है उसका लाभ देश को मिलना चाहिए। संसद में ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए। नारे लगाने हैं तो पूरा देश खाली पड़ा है वहां नारे लगाए लेकिन संसद में नारे नहीं नीति पर बल देना चाहिए। नकारात्मकता भले ही किसी के काम कभी आ जाय है लेकिन देश के लिए सकारात्मक रूप से सोचना होगा। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से शांतिपूर्ण तरीके से सदन को चलाने में सहयोग करने की अपील की और उन्हें उम्मीद है कि सभी सांसदों को सदन में अभिव्यक्ति का अवसर देंगे और अपनी पराजय की निराशा को सदन नारे लगाकर व्यक्त नहीं करेंगे।

# संसदीय मर्यादा की लक्ष्मण रेखा का हर हाल में पालन हो : राधाकृष्णन

**राज्यसभा के नए सभापति ने सदस्यों का आभार व्यक्त किया**



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के नए सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सदन के पहले ही दिन साफ कर दिया कि उच्च सदन में मर्यादा और संविधान सर्वोपरि होंगे। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि राज्यसभा केवल बहस की जगह नहीं है, बल्कि यह वह मंच है जहां देश के करोड़ों लोगों की उम्मीदें जुड़ी होती हैं। इसलिए संसदीय व्यवस्था की 'लक्ष्मण रेखा' को हर सदस्य को समझना और उसका पालन करना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी सदस्य अपनी बात रखेंगे, लेकिन निर्धारित नियमों और संवैधानिक सीमाओं के अंदर ही।

राधाकृष्णन ने कहा कि भारत का संविधान और राज्यसभा की नियम पुस्तिका संसदीय आचरण की 'लक्ष्मण रेखा' को तय करते हैं। उनका कहना था कि सभापति और सदस्य दोनों को ही अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हुए इस रेखा का पालन करना होगा। उन्होंने भरोसा दिया कि वे हर सदस्य के अधिकारों की रक्षा करेंगे, लेकिन यह तभी संभव है जब वे निर्धारित नियमों के भीतर बात रखें। उन्होंने सदन को याद दिलाया कि एजेंडा और सीमित समय इस सत्र की सबसे बड़ी चुनौती है।

अपने पहले संबोधन में राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सदन के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया, जिन्होंने शीतकालीन सत्र के पहले दिन उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल पद का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का भी है। उन्होंने इस मौके को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उम्मीद है सभी सदस्य मिलकर सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग देंगे। सभापति ने कहा कि सदन में होने वाली हर चर्चा उन परिवारों से जुड़ी होती है जो संसद को उम्मीद की नजर से देखते हैं। उन्होंने किसानों, मजदूरों, रेहड़ी-पटरी वालों, महिलाओं, युवाओं और देश के सबसे कमजोर तबकों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी आवाज यहां गूंजनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद का असली दायित्व सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत करना है।

### सदस्यों को मिलेंगे पर्याप्त अवसर

राधाकृष्णन ने कहा कि संसदीय प्रक्रिया में प्रश्नकाल, शून्यकाल जैसे प्रावधान यह सुनिश्चित करते हैं कि हर सांसद को अपनी बात रखने और नागरिकों की समस्याएं उठाने का पर्याप्त अवसर मिले। उन्होंने दोहराया कि इनका सही उपयोग ही लोकतंत्र को मजबूत करता है।

# कुत्ते को साथ लाने पर टोकी गईं कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी

**गुस्से में संसद के भीतर बैठने वाले लोगों पर किया कटाक्ष**



**नई दिल्ली।** संसद परिसर में कुत्ते को साथ लाने पर टोकी गई कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने गुस्से में संसद के भीतर बैठने वाले लोगों पर कटाक्ष किया। माननीयों पर गंभीर टिप्पणी करते हुए रेणुका ने यहां तक कह दिया कि सरकार ने इन बेजुबान जीवों की हिफाजत के लिए कोई कानून नहीं बना रखा है। रेणुका चौधरी ने कहा कि उन्होंने किसी नियम या प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं किया है।

कांग्रेस सांसद के मुताबिक उन्होंने संसद आते समय डॉग रेस्क्यू किया, जिस मुद्दे को बेवजह तूल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद पहुंचाने के बाद उनकी गाड़ी कुत्ते को लेकर वापस भी लौट गई। रेणुका चौधरी ने कहा कि संसद में बैठकर रोज डसने वाले लोगों को लेकर किसी तरह की चिंता नहीं की जा रही है। रेणुका चौधरी ने देश के कई राज्यों में हुई बूथ लेवल ऑफिसर्स की मौत का जिक्र करते हुए कहा, देश में बीएलए की मौत को ड्रामा बताया जा रहा है, और उनके डॉग रेस्क्यू पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ऐसा करना हास्यास्पद है। कांग्रेस सांसद ने सत्ताधारी दल को भी आड़े हाथों लिया।

# साइबर अपराध और अवैध ड्रग्स कारोबार पर त्वरित कार्रवाई हो : सीएम

**योगी ने 23 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ की औपचारिक भेंट**



**लखनऊ।** सीएम योगी ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल, प्रभावी और सिटीजन सेंट्रिक पुलिस अधिकारी बनने के लिए संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता का मंत्र दिया है। सोमवार को 23 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ औपचारिक भेंट के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल राज्य पुलिस के लिए अनेक चुनौतियां लेकर आता है, इसलिए प्रशिक्षु अवधि को सीखने, समझने व अपने पुलिसिंग मॉडल को मजबूत बनाने का सुनहरा अवसर मानें।

मुख्यमंत्री ने कहा, जनपदों में प्रशिक्षण के दौरान यह सीखना सबसे आवश्यक है कि वास्तविक समस्याओं का प्रभावी और संतुष्टि परक समाधान कैसे किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस हमेशा फर्स्ट रिस्पांडर होती है। आपकी तत्परता, भाषा और प्राथमिकता पर ही पीड़ित का विश्वास टिका होता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को यह सलाह दी कि प्रशिक्षण अवधि में थाने का चार्ज, उसके प्रशासन, विवेचना, ड्यूटी मैनेजमेंट और स्थानीय विवादों की प्रकृति को बहुत बारीकी से समझें। मुख्यमंत्री ने कहा कि थाना पुलिसिंग की नींव है। ह्यूमन इंटेलिजेंस आज भी किसी भी पुलिस अधिकारी का बड़ा हथियार है। लोगों से संवाद, फील्ड में उपस्थिति और विश्वास ही आपको मजबूत बनाते हैं।

मुख्यमंत्री ने थाना, सर्किल तथा पुलिस लाइन तीनों की कार्यप्रणाली, संसाधनों और चुनौतियों को समझने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों का सामंजस्य ही किसी जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करता है। जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संवाद गरिमापूर्ण और संयत होना चाहिए। कैजुअल अप्रोच पुलिस अधिकारी के लिए उचित नहीं है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से महिलाओं के प्रति अपराध, साइबर क्राइम और अवैध ड्रग्स के नेटवर्क के खिलाफ सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया। अपराध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए आपकी प्रतिक्रिया और तैयारी भी आधुनिक होनी चाहिए।

### क्रय केंद्रों पर आने वाले हर किसान का खरीदा जाए धान, उठान की प्रक्रिया होगी सरल : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि धान क्रय केंद्र पर आने वाले हर किसान का धान खरीदा जाए। भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर सीधे उनके खाते में पहुंच जाए। उन्होंने सोमवार को धान खरीद की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीद की गति तेज हो और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष कॉमन धान 2369 और ग्रेड-ए 2389 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जा रहा है। यह रेट पिछले वर्ष की तुलना में 69 रुपये अधिक है। अब तक 4227 खरीद केंद्र संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 5000 की जाए, ताकि किसानों को अपने गांव-कस्बे के पास ही धान बेचने की सुविधा उपलब्ध हो सके। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 30 नवंबर तक 151030 किसानों से 9.02 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। 1984 करोड़ से अधिक राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि भुगतान में देरी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एफआरके (फोर्टिफाइड चावल) की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए वेंडरों की संख्या बढ़ाई जाए और तकनीकी अड़चनों का तत्काल समाधान किया जाए। बैठक में बताया गया कि अब तक करीब 2130 मीट्रिक टन एफआरके गुणवत्ता परीक्षण में पास हुआ है।

# लोगों के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं : प्रियंका गांधी

**संसद में चर्चा से बचने का सरकार पर लगाया आरोप**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना ड्रामा है।

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मोदी के बयान पर जवाब देते हुए, प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद किस लिए है। यह ड्रामा नहीं है। मुद्दों पर बोलना और मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है। ड्रामा का मतलब है चर्चा न होने देना। ड्रामा का मतलब है उन मुद्दों पर डेमोक्रेटिक चर्चा न होना जो जनता के लिए मायने रखते हैं। उन्होंने पूछा, हमने प्रदूषण के बारे में बात की है, हम इसे क्यों नहीं उठा रहे हैं। हमें इन चीजों पर चर्चा करने की इजाजत क्यों नहीं है।

उन्होंने दिल्ली में एयर क्वालिटी के मुद्दे को शर्मनाक बताया और कहा कि इस समस्या से निपटने और बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही सांस की समस्याओं से जूझ रहे लोगों की सेहत बचाने के लिए सभी को एक साथ आकर कड़े कदम उठाने चाहिए।

### कांग्रेस नेता के निशाने पर प्रधानमंत्री मोदी

प्रियंका गांधी ने कहा, सरकार किसी विषय पर चर्चा नहीं करना चाहती। फिर सदन कैसे चलेगा? हमारी कम से कम एक बात तो सुननी चाहिए। उन्होंने पीएम पर भी टिप्पणी की और कहा, पीएम ने सभी से मौसम का आनंद लेने को कहा है। दिल्ली के लोग कौन से मौसम का आनंद लें।


# अधिकारियों की लापरवाही से 50 हजार शिक्षकों का वेतन लटका

**लखनऊ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों की लापरवाही से प्रदेश के 25 जिलों के प्राथमिक शिक्षकों का चयनित वेतनमान अधर में लटका है। इसे लेकर महानिदेशक, स्कूल शिक्षा व राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय ने कड़ी नाराजगी प्रगट की है।

शिक्षा महानिदेशक के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अधिकारियों ने 10 वर्ष पूरे होने के बाद भी चयन वेतन स्वीकृत नहीं किया है। जिसके कारण करीब 50 हजार शिक्षकों का वेतन प्रक्रिया अधूरी पड़ी है। प्राथमिक शिक्षा में करीब 72 हजार और जूनियर स्कूलों में 29 हजार विज्ञान, गणित शिक्षकों की भर्ती के सितंबर में 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, जिनको चयन वेतनमान देना है।

# महिलाओं की नौकरियों पर बड़ा खतरा है एआई

**संयुक्त राष्ट्र की जेंडर स्नैपशॉट-2025 की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता**



**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आने से पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का करियर ज्यादा रिस्क में है। संयुक्त राष्ट्र में सामने आई एक स्टडी में पता चला है कि एआई के ऑटोमेशन से महिलाओं की नौकरियों को ज्यादा खतरा है। एआई और ऑटोमेशन दुनिया भर की इंडस्ट्रीज पर असर डाल रहा है। इसकी वजह से जॉब मार्केट में महिलाएं पीछे छूट सकती हैं। दरअलस, यूनाइटेड नेशन की नई जेंडर स्नैपशॉट-2025 रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ऑटोमेशन के चलते पुरुषों के मुकाबले महिलाएं ज्यादा जॉबलैस हो सकती हैं। रिपोर्ट में एआई की वजह से जाने वाले नौकरियों का संभावित प्रतिशत भी बताया गया है।

रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि दुनिया भर में महिलाओं के 28 प्रतिशत रोजगार एआई की वजह खतरे में हैं, जबकि पुरुषों की 21 प्रतिशत नौकरियां एआई की वजह से जा सकती हैं। यूएन की यह रिपोर्ट एआई के चलते टेक्निकल जॉब मार्केट में हो रही उथल-पुथल के साथ-साथ जेंडर गैप की ओर भी इशारा करती है। ग्लोबल टेक वर्कफोर्स में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 29 फीसदी है और टेक लीडरशिप के पदों पर उनकी हिस्सेदारी महज 14 फीसदी है। माना जा रहा है कि साल 2030 तक यानी इन पांच सालों में एआई बहुत सारे बदलाव लाने वाला है। रिपोर्ट, उन बदलावों में लैंगिक समानता पर फोकस करने के लिए इशारा करती है।

### डिजिटल और टेक्निकल स्किल्स सीखने से ही बचेंगे

जेंडर स्नैपशॉट-2025 रिपोर्ट हो या वर्ल्ड इकोनॉमिक की फ्यूचर जॉब्स रिपोर्ट, हाल ही में ऐसी कई स्टडी सामने आई हैं कि एआई बहुत से लोगों की नौकरियां छीन लेगा। लेकिन साथ ही यह भी सच है कि अगर आप खुद को अपग्रेड करते हैं, तो फायदा भी कई गुना होगा। अगर एआई के दौर में नौकरी बचानी है, तो डिजिटल और टेक्निकल स्किल्स सीखने होंगे। आप डाटा एनालिटिक्स, प्रोग्रामिंग, या डिजिटल मार्केटिंग जैसे स्किल सीख सकते हैं। ऑनलाइन कोर्स, वर्कशॉप या सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के जरिए खुद को अपस्किल कर सकते हैं। एआई के नए-नए टूल्स की नॉलेज न सिर्फ आपकी नौकरी बचा सकती है, बल्कि रोजगार के नए दरवाजे भी खोल सकती है।

**फैसला** — दूरसंचार विभाग ने कंपनियों को दिया 90 दिन का समय

# नए मोबाइल फोन में प्री-इंस्टॉल होगा संचार साथी एप




**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने मोबाइल फोन कंपनियों को बड़ा निर्देश जारी किया है। अब देश में बनने या आयात होकर आने वाले हर नए स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। कंपनियों को नियम को लागू करने के लिए 90 दिन का समय दिया गया है।

28 नवंबर को जारी दिशा-निर्देश के मुताबिक, 90 दिनों के बाद भारत में बनने या आयात किए जाने वाले सभी मोबाइल फोन में संचार साथी एप पहले से मौजूद होना चाहिए। यह एप फोन सेटअप के दौरान आसानी से दिखाई दे और इसे हटाया या डिसेबल ना किया जा सके। सरकार ने साफ कहा है कि यह नियम सभी कंपनियों पर लागू होगा। चाहे वह एपल, सैमसंग, गूगल, शाओमी, वीवो या कोई दूसरा ब्रांड हो।

जो मोबाइल फोन पहले से बन चुके हैं या बिक्री के लिए स्टोर में मौजूद हैं, उनमें भी यह एप जोड़ना अनिवार्य होगा। इसके लिए कंपनियों को सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए संचार साथी एप उपलब्ध कराना होगा। निर्माताओं और आयातकों को इस आदेश का पालन करने के लिए 120 दिनों के अंदर दूरसंचार विभाग में रिपोर्ट जमा करनी होगी।

संचार साथी एप मोबाइल सुरक्षा से जुड़े मामलों को रोकने के लिए बनाया गया है। इस एप के जरिए मोबाइल के आईएमईआई नंबर की जांच की जा सकती है। आईएमईआई से जुड़े किसी भी फर्जीवाड़े की शिकायत दर्ज की जा सकती है। एप से खोए या चोरी हुए फोन की रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है। फर्जी कॉल या धोखाधड़ी की शिकायत भी की जा सकती है। सरकार के अनुसार, आईएमईआई से छेड़छाड़ करना गंभीर अपराध है। यह गैर जमानती अपराध है और दूरसंचार अधिनियम 2023 के अनुसार इसमें 3 साल की जेल, 50 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

सरकार ने कहा है कि मोबाइल कंपनियां यह सुनिश्चित करें कि संचार साथी एप डिवाइस पर आसानी से दिखे। एप की सुविधाओं को डिसेबल किया या छुपाया ना जाए। जिससे उपयोगकर्ता एप को बिना किसी रुकावट के इस्तेमाल कर सकें। अगर निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो कंपनियों पर दूरसंचार अधिनियम 2023, दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियम 2024 सहित अन्य कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। एप्स को उपयोगकर्ता के एक्टिव सिम कार्ड से लगातार लिंक्ड रहना होगा। एप्स का वेब वर्जन हर 6 घंटे में ऑटो लॉगआउट होगा। दोबारा लॉग इन करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करके डिवाइस को फिर से लिंक करना होगा।

### फोन से सिम कार्ड निकालते ही बंद हो जाएगा वाट्सएप

सरकार ने साइबर ठगी रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब फोन से एक्टिव सिम कार्ड निकालते ही सभी तरह के मैसेजिंग एप बंद हो जाएंगे। भारत में वाट्सएप, टेलीग्राम और अन्य एप तमाम मैसेजिंग का माध्यम बन चुके हैं, लेकिन बढ़ती साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराधों के मामलों को देखते हुए भारत सरकार ने मैसेजिंग एप्स से जुड़े नियम पूरी तरह बदल दिए हैं। केंद्र सरकार के नए साइबर सुरक्षा नियमों के अनुसार अब कोई भी मैसेजिंग एप तब तक नहीं चलेगा, जब तक फोन में एक्टिव सिम कार्ड मौजूद न हो। यानी यदि कोई यूजर सिम निकाल देता है। तो एप काम करना तुरंत बंद कर देगा।

# सिगरेट, पान मसाला और तंबाकू होगा महंगा

**नया कानून बनाने जा रही सरकार**



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिगरेट, पान मसाला व अन्य तंबाकू उत्पाद आने वाले समय में काफी महंगे हो सकते हैं। केंद्र सरकार इन वस्तुओं पर क्षतिपूर्ति टैक्स की जगह नए रूप में इन पर और अधिक टैक्स वसूलने के लिए सेंट्रल एक्साइज (संशोधन) 2025 तो स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा सेस के नाम से कानून बनाने जा रही है। सोमवार को इन दोनों बिल को संसद में पेश किया गया।

वर्तमान में तंबाकू, पान मसाला, सिगरेट जैसे हानिकारक आईटम पर सरकार 28 प्रतिशत जीएसटी के साथ क्षतिपूर्ति सेस भी वसूलती है। क्षतिपूर्ति सेस की अवधि अगले साल मार्च तक समाप्त हो जाएगी और उसके बाद कानूनी तौर पर सरकार किसी भी आईटम पर क्षतिपूर्ति सेस नहीं लगा सकेगी। क्षतिपूर्ति सेस समाप्त होने से सरकार के राजस्व पर भी फर्क पड़ेगा।

इन चीजों को ध्यान में रखते हुए सरकार एक्साइज संशोधन बिल और स्वास्थ्य से सुरक्षा सेस कानून ला रही है। ताकि इस प्रकार के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक आईटम की बिक्री से सरकार को भरपूर राजस्व भी मिले और लोग इसकी खपत के लिए हतोत्साहित भी हो। स्वास्थ्य से राष्ट्रीय सुरक्षा सेस के तहत सिगरेट, पान मसाला जैसे आईटम के उत्पादन में शामिल मशीन व उपकरणों पर सेस लगाया जाएगा। वर्ष 2017 में क्षतिपूर्ति सेस की शुरुआत की गई थी जिसे पांच साल तक जारी रखना था। ताकि राज्यों को मदद दी जा सके। कोरोना काल में क्षतिपूर्ति सेस का संग्रह काफी कम होने से राज्यों की वित्तीय मदद के लिए केंद्र ने लोन लिया।

### सरकार ने पेश की 41,455 करोड़ रुपए की अनुदान मांगें

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को 41,455 करोड़ रुपए की शुद्ध अनुपूरक अनुदान मांगें लोकसभा में पेश की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन के समक्ष मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पहली अनुदान मांगें रखीं जिसमें कुल 72 अनुदान शामिल हैं। इसमें 1.32 लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त व्यय के लिए संसद से अनुमति मांगी गयी है।

# बीएलओ को तनाव मुक्त रखने पर डीएम ने दिया विशेष जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को तेज़, संतुलित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को अटल सभागार में खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम ने डिजिटाइजेशन की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया और उन मतदेय स्थलों पर विशेष रणनीति बनाने को कहा, जहां प्रगति 65 फ़ीसदी से कम रही। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने किया डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मतदेय स्थलों की कार्ययोजना तत्काल तैयार की जाए और आज रात तक न्यूनतम 80 फ़ीसदी डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पुनः समीक्षा की जाएगी बैठक के दौरान डीएम ने सभी बीईओ को निर्देशित किया कि वे अगले एक घंटे में अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ को 80 फ़ीसदी लक्ष्य आवंटित करें, और यह सुनिश्चित करें कि बीएलओ पर अनावश्यक दबाव न पड़े उन्होंने कहा कि बीएलओ इस अभियान की रीढ़ हैं, इसलिए उनकी सुविधा, सहयोग और स्ट्रेस में कमी प्रशासन की प्राथमिकता है डीएम ने कहा कि जहाँ भी कार्यभार अधिक है, वहां तुरंत अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती की जाए, ताकि बीएलओ पर पड़ने वाला भार कम हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि बीईओ स्वयं फील्ड में सक्रिय रहकर बीएलओ की आवश्यकताओं की निगरानी करें और उन्हें हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं उन्होंने यह भी कहा कि हर बीएलओ के कार्य की प्रगति की समीक्षा सिर्फ लक्ष्य संख्या से नहीं, बल्कि इस आधार पर भी की जाए कि उन्हें कितना सहयोग मिला और वे बिना तनाव के कार्य कर पा रहे हैं या नहीं डीएम ने कहा कि स्ढ्रक्र संबंधी कार्य अत्यंत संवेदनशील और प्राथमिकता आधारित हैं। निर्धारित समयसीमा में ठोस परिणाम लाना आवश्यक है, परंतु साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि फील्ड में कार्य कर रहे बीएलओ को पर्याप्त सहयोग मिले। उन्होंने कहा कि प्रशासन मिशन मोड में कार्यरत है और कार्य की वास्तविक प्रगति ही आगामी समीक्षा का आधार बनेगी।

## गन्ने के खेत में दलित ग्रामीण का शव हुआ बरामद

**लखीमपुर-खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र में जसवंतनगर-मोहम्मदापुर रोड पर गन्ने के खेत में दलित ग्रामीण का शव बरामद हुआ। शव गन्ने की पत्तियों से ढका था। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी देखे गए। ग्रामीण बुधवार की शाम से लापता था। मृतक की पत्नी और बेटे ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खमरिया थाना क्षेत्र के डलईपुरवा मजरा महरिया निवासी 55 वर्षीय मुन्ना भार्गव पुत्र रामदयाल भार्गव का शव जसवंतनगर-मोहम्मदापुर मार्ग पर बांके लाल यादव के गन्ने के खेत में बरामद हुआ। मृतक की पत्नी मुन्नीदेवी के मुताबिक मुन्नालाल का शव गन्ने की पत्तियों से ढका था जिसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी देखे गए। मुन्नीदेवी ने बताया कि उसका पति बुधवार की शाम बाजार से वापस आकर दुआरे पर कोइरा तापने लगा। मुन्नी देवी सामान रखने घर के भीतर गई और चंद मिनट में वापस आई तो मुन्नालाल गायब था। परिजनों ने देर तक वापस न आने पर मुन्नालाल की तलाश शुरू की।

# पांच दिनों से गायब युवक का पानी भरे खेत में शव हुआ बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पांच दिनों से गायब कस्बे के एक मोहल्ले के युवक का रविवार को पानी भरे खेत में शव बरामद हुआ। इससे लोगों में रोष फैल गया। परिजन और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने ढीला साजी का आरोप लगाते हुए पुलिस वालों को शव कीचड़ से बाहर नहीं लाने दिया उन्होंने पड़ोस के गांव के एक ठेकेदार व उसके साथियों पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। हरकत में आई पुलिस ने ठेकेदार समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया। तब लोग शांत हुए और शव को बाहर लाने दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है कस्बे के नानकनगर (छींटनपुरवा) मोहल्ला निवासी बाबूराम भार्गव व कुछ अन्य मजदूर एक किलोमीटर दूर गोविंदपुरी (हीरालालपुरवा) मोहल्ले के ठेकेदार कमलेश गौतम के साथ करीब दो महीने पहले मजदूरी करने लद्दाख गए थे। लगभग बीस दिन पहले वहां बहुत ज्यादा बर्फबारी होने की वजह से कमलेश और सभी मजदूर वहां से वापस घर आ गए थे। बाबूराम की पत्नी अनीता के मुताबिक कमलेश पर उसके पति की मजदूरी के 1900 रुपए बकाया थे। कई बार मांगने पर भी कमलेश ने ये रुपए बाबूराम को नहीं दिए थे। बाबूराम के पिता विंद्रा व उसकी पत्नी अनीता ने बताया कि 25 नवंबर को एक बार फिर बाबूराम अपना बकाया रुपया मांगने कमलेश के घर गया था इसके बाद वह गायब हो गया और वापस घर नहीं लौटा। घरवालों ने कमलेश के घर से पता करने के साथ ही उसे आसपास के खेतों, तालाबों के अलावा पड़ोसी गांवों और रिश्तेदारों में भी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। अगले दिन 26 नवंबर को विंद्रा ने कोतवाली में तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। रविवार को बाबूराम के घर से करीब दो सौ मीटर दूर गांव के उत्तर पानी भरे खेत के कीचड़ में मंझिलीपुरवा गांव की लड़कियां सेरुका नामक कंद निकालने गई थीं। वहां उनको पानी वाले खेत के पार गन्ने के खेत में शव पड़ा दिखा। उनके शोर मचाने पर लोग वहां पहुंचे तो वह बाबूराम का शव निकला। इसके बाद घरवाले भी वहां पहुंच गए। गन्ने के खेत में बाबूराम की औंधे मुंह लाश पड़ी थी उसके दोनों पैरों की एड़ियों का कुछ हिस्सा कटा मिला। चेहरे पर चोट के निशान भी बताए जा रहे हैं। नाक से खून निकला था। मौके पर भी कुछ खून पड़ा था। वहां से करीब बीस मीटर दूर रामगोपाल की पुआल की खरही के पास उसकी चप्पलें व लोअर पड़ा पाया गया। सूचना पाकर कोतवाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब शव उठाने की कोशिश की तो परिजनों ने उन्हें रोक दिया। परिजनों का कहना था कि जब तक हत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो जाती और आरोपी गिरफ्तार नहीं हो जाते। वह शव उठाने नहीं देंगे। हालात बिगड़ते देख आसपास के थानों की पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया। सीओ साथ ही पढुआ निरीक्षक और सिंगाही थाने के एसआई समेत इन थानों के पुलिसकर्मी भी आ गए। काफी मान मनौव्वल के बाद भी जब लोग नहीं माने तो पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। साथ ही पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश करने लगी। इसी बीच महिलाओं तक ने गाड़ी का रास्ता रोक लिया। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी किए बिना शव न ले जाने देने की बात कही। पुलिस के रिपोर्ट दर्ज करने और ठेकेदार समेत पांच आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद लोग शांत हुए। तब जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## अवैध खनन के मामले में डम्पर चालक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बिना रायल्टी के अवैध खनन कर ले जा रहे एक डम्पर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी चालक व मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालक को जेल भेज दिया। थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि बीती रात्रि उनके नेतृत्व में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान डम्पर चालक बिलाल पुत्र नाजिम निवासी ग्राम दंभेड़ा कंला थाना चिलकाना व डम्पर मालिक शोबान निवासी ग्राम दूधगढ थाना चिलकाना व रायल स्टोन क्रेशर नानोली बेहट द्वारा आपसी सांठगांठ करके चोरी से बिना वैध खनन परिपत्र रायल्टी के अवैध खनन कर, ओवरलोड परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने चालक बिलाल को दबोचकर उसके व डम्पर मालिक शोबान व रायल स्टोन क्रेशर स्वामी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया।

## सड़कों पर उतरी जागरूकता, हस्ताक्षरों में दिखा संकल्प



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता** विश्व एड्स दिवस पर शनिवार को शहर जागरूकता के रंग में रंगा नजर आया। स्वास्थ्य विभाग की पहल पर कलेक्ट्रेट परिसर में हस्ताक्षर अभियान और जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।कार्यक्रम के शुभारंभ पर डीएम ने हस्ताक्षर बैनर पर अपना संदेश दर्ज करते हुए कहा कि एड्स से जुड़ी भ्रांतियां समाज में सबसे बड़ा खतरा हैं। जागरूकता और सही जानकारी ही इससे बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित व्यवहार अपनाने और दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करने की अपील की।इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर से रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्काउट एंड गाइड, एनसीसी कैडेट्स, स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक शामिल रहे। रैली के दौरान छात्र हाथों में तख्तियां और बैनर लिए नारे लगाते चल रहे थे एड्स से न डरें, जानें और बचें, जागरूकता लाएं-एड्स मुक्त समाज बनाएं रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए आमजन को जागरूक करती रही। रास्ते भर छात्रों ने राहगीरों को जागरूकता पंपलेट वितरित किए। रैली अंत में सीएमओ कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई, जहां सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने एड्स जागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। जिले में पूरे दिसंबर माह में जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला जारी रहेगी, जिसमें स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इस दौरान एसीएमओ डॉ एससी मिश्र, डॉ रवि मोहन गुप्ता, डिप्टी डीटीओ डॉ नवीन गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ लाल जी पासी, डॉ धनीराम, डीपीएम अनिल यादव, जिला डीपीएम कॉर्डिनेटर रणजीत कुमार, टीबी एचआईवी कॉर्डिनेटर अनुदीप वर्मा मौजूद रहे।

## बरेली के आंवला स्थित मनौना धाम जा रही निजी बस मोहम्मदपुर ताजपुर के पास खाई में पलटी

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता** पसगवां क्षेत्र में शाहजहांपुर-लखीमपुर मार्ग पर रूपैडिहा बहराइच से बरेली के आंवला स्थित मनौना धाम जा रही निजी बस के मोहम्मदपुर ताजपुर के पास खाई में पलट गई। हादसे में 32 यात्री घायल हो गए। पांच गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। सभी घायल जनपद बहराइच के थाना क्षेत्र रूपैडिहा के निवासी हैं। घटना रविवार देर रात की है पुलिस ने बताया कि मनौना धाम जा रही बस के पलटने से ग्राम चिकनियां निवासी बाबूलाल, सुबरा पत्नी बाबूलाल, रामवचन, लालदेई पत्नी मटरू, मटरू, सोना पुत्री महेश नानपारा निवासी कुल्लन, कलावती पत्नी कुल्लन, ओहरावा निवासी पूजा वर्मा पत्नी दीपनारायण, दीपनारायण, अन्टाना निवासी शांति देवी पत्नी रामचंद्र, तिवारी, अहरावा निवासी राजवती पत्नी चेतराम, नेतराम, मोनी पत्नी राजेश, जगदीश, फूलमती पत्नी हजारी डब्लू, दिनेश, ज्ञानवती पत्नी बाबूलाल, जुगरी पत्नी अयोध्या प्रसाद, बाबूलाल, जालियां पत्नी तिवारी, बाला चौक निवासी मुन्ना, किरन पत्नी मुन्ना, पवन कुमार, परगावां निवासी हसीना पत्नी राजेश, राजेश उर्फ सफी, रामनारायण, राना देवी पत्नी रामनारायण, संयोगिता पत्नी वंशीधर, प्रेमा देवी पत्नी तीरथ राम घायल हुए हैं सभी घायलों को सीएचसी मोहम्मदी भेजा गया। जहां से गंभीर रूप से घायल बाबूलाल, बाबूलाल की पत्नी सुबरा, रामवचन, लालदेई पत्नी मटरू, मटरू को जिला अस्पताल लखीमपुर भेजा गया है।

# दो सिख सेवादारों की पगड़ी उछालकर की गई पिटाई के मामले में आरोपियों को जमानत मिल जाने पर सिख समुदाय में भारी आक्रोश

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** दो सिख सेवादारों की पगड़ी उछालकर की गई पिटाई के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों को शांतिभंग की धारा में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किए जाने और वहां से उन्हें जमानत मिल जाने पर सिख समुदाय में भारी आक्रोश है। रविवार की देर शाम गुरुद्वारे में संगत की बैठक में इस निर्णय पर कड़ी नाराजगी जताई गई और निर्णय लिया गया कि मंगलवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। समुदाय ने एसडीएम के स्थानांतरण और पुलिस पर कार्रवाई की भी मांग की है।निघासन कोतवाली क्षेत्र के गोविंदपुर फार्म निवासी मनप्रीत सिंह व गुरविंदर सिंह गत शुक्रवार गांव बिरजा पुरवा में श्री अखंड पाठ की सेवा करके लौट रहे थे। इसी दौरान लुधौरी में डॉ. निसार अहमद के घर के पास अजय, विजय, अंकित, अखिलेश, अनुज, शिवम निवासी लुधौरी व सोनू और शुभम निवासी बिहारीपुरवा समेत करीब एक दर्जन लोगों ने उन्हें घेर लिया था। आरोपियों ने पहले दोनों सेवादारों की पगड़ी उतारी, जमीन पर फेंकी और लाठी-डंडों व बेल्ट से बेरहमी से पीटा। सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोपी फरार हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। हालांकि पुलिस ने सिख समाज में उपजे रोष को देखते हुए रिपोर्ट दर्ज कर शनिवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था आरोप गंभीर होने के बावजूद पुलिस ने कठोर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज न कर केवल शांतिभंग की धारा में चालानी कार्रवाई की। रविवार को आरोपियों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें मुचलके पर जमानत मिल गई। इसकी जानकारी जब सिख समाज के लोगों को हुई तो उनमें भारी आक्रोष पनप गया। देर शाम बड़ी संख्या में सिख संगत गुरुद्वारे पर एकत्र हुई और एक बैठक की। पुलिस की लचर कार्रवाई और जमानत पर छोड़े जाने पर कड़ा विरोध जताया। बैठक के बाद किसान नेता जसपाल सिंह पल्ला ने बताया कि गुरु घर में सेवा करने वाले दो बच्चों की पगड़ियां उतारी गईं। उने बाल खींचे गए, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने दोषियों को गिरफ्तार किया और जेल भेजने का आश्वासन दिया, लेकिन पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में एसडीएम की कोर्ट में पेश किया, जहां से एसडीएम ने जमानत दे दी। उन्होंने बताया कि जब सिख समाज को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस के सामने अपना विरोध जाताया। उनका कहना है कि पुलिस ने उन्हें बताया कि उन्होंने अपनी चालानी रिपोर्ट में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की अपील की थी। एसडीएम ने दबाव में आकर जमानत दी है। इससे सिख समाज में आक्रोश है। निर्णय लिया गया है कि एसडीएम के स्थानांतरण, गुंडों को जेल भेजने और पुलिस की लापरवाही को लेकर दो दिसंबर मंगलवार को सिख संगत घेराव प्रदर्शन करेगा। यह धरना-प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा। जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती।

## एक अदद देशी व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद कर एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव पुलिस द्वारा, एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर एक नफर अभियुक्त सुधाकर उर्फ रामनिवास तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी निवासी ग्राम रसूलपुर थाना नीमगांव जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना नीमगांव पर मु0अ0सं0 501/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय रवाना किया गया।

## पार्टी को बूथ स्तर पर किया जायेगा मजबूतः रजनीश

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार बंधु ने कहा कि वह पार्टी की नीतियों और दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को बसपा से जोड़ने का कार्य करेंगे और पार्टी सुप्रीमो सुश्री मायावती के हाथों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आज पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह नानौता को पद से हटाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह पार्टी हाईकमान का निर्णय है और संगठन में बदलाव समय-समय पर होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह बसपा के सच्चे सिपाही हैं और उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा और टीमवर्क के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी न कभी कमजोर हुई है और न कभी होगी, बल्कि संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के सहयोग से पार्टी को और अधिक मजबूत दिशा मिलेगी। रजनीश कुमार बंधु ने कहा कि बसपा एक विचारधारा और मिशन आधारित पार्टी है और उसी सोच के साथ समाज के हर वर्ग को सम्मान और राजनीतिक भागीदारी दिलाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली व कस्बा रामपुर मनिहारान में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे में दिल्ली हाइवे पर स्थित खुराा काम्पलैक्स कालोनी में विवाहिता दीपांशी का शव संदिग्ध परिस्थियों में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को मृतका के ससुराल पक्ष के लोग फरार मिले तथा मौके से सीसीटीवी का डीवीआर भी गायब मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे गांव सिहंखेड़ा निवासी चरण सिंह उर्फ सोनू ने बताया कि उसने अपनी बेटी दीपांशी की शादी 2 मार्च 2024 को विशाल निवासी कल्लरपुर से की थी। विवाह के बाद ससुराल पक्ष रामपुर मनिहारान की खुराना कॉम्प्लेक्स कॉलोनी में रहने लगा। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज में बड़ी गाड़ी की लगातार मांग कर रहा था। रोजाना ताने, धमकियां, प्रताड़ना से परेशान होकर दिपांशी अपने मायके चली गई थी। करीब 20 दिन पहले भी मायके में पंचायत भी कराई गई, जिसके बाद 1 नवंबर 2025 को दीपांशी को ससुराल वापस लाया गया था। उन्होंने बताया कि आज दीपांशी ने अपने पिता चरण सिंह को फोन कर बताया था कि ससुराल वाले उसे फिर से कार न लाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# विश्व एड दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

## संगोष्ठी में दिए गए बचाव के टिप्स

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** विश्व एड्स रोग दिवस के अवसर पर गिंदो देवी महाविद्यालय से एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई,तथा हस्ताक्षर अभियान एवं संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

हस्ताक्षर कार्यक्रम में परियोजना निदेशक द्वारा सबसे पहले हस्ताक्षर कर अभियान की शुरुआत की गई जिसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, प्राचार्य, प्रोफेसर, लेक्चरार एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर किये। हस्ताक्षर अभियान के बाद कॉलेज से एक जागरूकता रैली निकाली गई।रैली को परियोजना निदेशक एवं सीएमओ द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाक रवाना किया गया। कॉलेज में एक संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता काभी आयोजन किया




गया द्यपोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा अनामिका प्रथम वैष्णवी द्वितीय तथा साक्षी तृतीय स्थान पर रही,जिन्हें पुरस्कार दिए गए अन्य छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।डॉ विनेश कुमार द्वारा प्राचार्य एवं उनके स्टॉफ द्वारा विशेष सहयोग करने पर उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया।संगोष्ठी में परियोजना निदेशक ने बताया कि एचआईवी एड्स एक भयानक रोग है जो चार कारणों से फैलता है इसका कोई इलाज नहीं है जानकारी ही इसका बचाव है इसलिए सभी युवा पीढ़ी इस चीज का विशेष ध्यान रखें की हम इस बीमारी के बारे में अच्छे से समझ लें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। डॉ विनेश कुमार जिला क्षय रोग अधिकारी / जिला कार्यक्रम अधिकारी एड्स द्वारा बताया गया की 2025 की थीम >बाधाएँ होंगी दरकिनार एचआईवी और एड्स पर होगा सशक्त प्रहार < इस थीम के अंतर्गत इस बार विश्व एड्स रोग दिवस मनाया जा रहा है द्य

संगोष्ठी में प्रोफेसर डॉ इंदु वर्मा डॉ श्रद्धा यादव एन सी सी समन्वयक,डॉ शुभी भसीन, डॉ अनीता सिंह, डॉ प्रीति वर्मा एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर, डॉ शालू गुप्ता रेंजर्स ऑफिसर, डॉ वबिता, डॉ इति अधिकारी, डॉ वंदना वर्मा, डॉ उमा सिंह गौर,डॉ निशा साहू, डॉ शिल्पी शर्मा, डॉ सोनी मौर्य,संदीप राजपूत,आसिफ रजा, सोमेन्द्र, गुलशन, विमल पाठक,शिवम् गुप्ता, सुषमा रानीआदि मौजूद रहे।

# जनपद में 06 दिसम्बर को कुल 16 केन्द्रों पर 9696 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

## परीक्षार्थियों को न हो किसी प्रकार की असुविधाः मनीष बंसल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई जाने वाली सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी प्रारम्भिक परीक्षा की संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आगामी छह दिसम्बर को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई जाने वाली सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्व परीक्षाओं की भांति पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मनीष बंसल ने कहा कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। जनपद में अभ्यर्थियों के मूवमेंट के दृष्टिगत किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने परीक्षा में महिला अभ्यर्थियों के शामिल होने के दृष्टिगत सुरक्षा के लिये विशेष प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये।

**एफआईआर**
- सीसीटीवी की निगरानी में होगी परीक्षा अनुचित
- साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़े जाने पर होगी एफआईआर दर्ज



उन्होने कहा कि अभ्यर्थियों के साथ मधुर व्यवहार किया जाए एवं उनके बैग इत्यादि रखवाने की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि अन्य जनपदों से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी प्रारम्भिक परीक्षा जनपद में 16 परीक्षा केंद्रों पर संपादित होगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में सामान्य अध्ययन एवं गणित तथा द्वितीय पाली में सामान्य अध्ययन एवं हिन्दी की परीक्षा होगी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अपनी टीम के साथ परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी कमी ना रहे। इसके साथ ही कि परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। नकल विहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में उन्होंने कहा कि परीक्षा के संबंध में आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। कक्ष निरीक्षकों की अच्छी तरह से ब्रीफिंग और ट्रेनिंग करा दी जाये।

बैठक में एसपी सिटी व्योम बिंदल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, डिप्टी कलेक्टर विकास कुमार पाण्डेय, आयोग से आए पर्यवेक्षक विनय पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार पाठक, हर्षदेव स्वामी, सैक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसआईआर अभियान में रूचि लेकर मतदाताओं के फार्म भरवायें बीएलए: चौधरी रूद्रसैन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसैन ने कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान की समयसीमा आगामी 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। इसलिए सभी बीएलए इस अभियान में रूचि लेकर घर-घर जाकर मतदाताओं के एसआईआर फार्म भरवाने का कार्य करें ताकि भाजपा द्वारा मतदाताओं को मताधिकार से वंचित रखने के मनसूबों को विफल किया जा सके।

राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसैन आज झाडवन स्थित फार्म हाउस पर पार्टी द्वारा आयोजित बीएलए की मीटिंग को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के अवधि पहले 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक निर्धारित की गयी थी, जिसे बढ़ाकर अब 11 दिसम्बर कर दिया गया है। उन्होनें



कहा कि सभी बीएलए वह घर-घर जाकर मतदाताओं के एसआईआर फार्म भरवाने का कार्य करें ताकि भाजपा की पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक मतदाताओं को मताधिकार से वंचित रखने की चाल विफल की जा सके। गंगोह विधानसभा प्रभारी चौधरी इन्द्रसैन ने कहा कि बीएलए किसी भी पार्टी की रीढ़ होते हैं, क्योंकि बीएलए ही बूथ पर रहकर फर्जी मतदान को रोकने का कार्य करते हैं, इसलिए सभी बीएलए एसआईआर अभियान में रूचि लेकर अभी तक जिन मतदाताओं ने अपने एसआईआर फार्म नहीं भरे हैं, उनके फार्म भरवाने का काम करें। उन्होनें कहा कि मत का अधिकार संविधान द्वारा दिया गया अधिकार है, जिसके माध्यम से ही दलित पिछडे व अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकार की रक्षा की जा सकेगी। उन्होनें कहा कि बीएलए द्वारा इस अभियान में की गयी मेहनत ही आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की जीत में सहायक साबित होगी। बैठक को गंगोह विधानसभा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने भी सम्बोधित किया।

बैठक में प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष अनुज प्रधान मदनूकी, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष विलास राणा, राशिद जंग, राव वजाहत, हकीम नईम, बलकार सिंह डूभर, बिट्टू रादौर, चौधरी सोनू खड़खडी आदि सैंकडो कार्यकर्ता व बीएलए मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद के बैनर तले पत्रकारों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन

- पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमे और जानलेवा हमला किए जाने का विरोध
- प्रदर्शन के बाद परिषद के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश के नेतृत्व में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** प्रदेश में लगातार पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज होने और उन पर जानलेवा हमला किए जाने के विरोध में सोमवार को राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद के बैनर तले पत्रकारों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद परिषद के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश नायक के नेतृत्व में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर पत्रकारों का उत्पीड़न और फर्जी मुदकमों की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग उठाई।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का उत्पीड़न किया जा रहा है। प्रदेश में लगातार पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर उनका शोषण किया जा रहा है साथ ही उन पर दबाव बनाकर उनकी आवाज को दबाए जाने की निरंतर कोशिश की जा रही है। बताया कि अभी हाल ही में जिला ललितपुर में गौशाला की वास्तविक स्थिति को उजागर किए जाने पर पत्रकार देवेंद्र कौशिक के विरुद्ध षडयंत के तहत फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया, जबकि संपूर्ण मामले का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ, जिसमें स्पष्ट दिख रहा है कि कुछ महिलाएं लाठी डंडे लेकर पत्रकार पर हमला करने के लिए दौड़ रही है और प्रशासन ने पत्रकार पर ही एससी एसटी सहित अनेक मुकदमे दर्ज कर जेल भेज दिया, जिसकी पत्रकार संगठन घोर निंदा कर विरोध जता रहे हैं।

ज्ञापन में बताया कि इसी प्रकार उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 18 नवम्बर को पत्रकार सुशील अवस्थी राजन को उनके ही घर के समीप अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला किया था, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए थे। पत्रकार पर हमला करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार तो किया, लेकिन उनसे बिना पूछताछ किए जेल भेज दिया, जो चिंता का विषय है। जबकि पत्रकार पर हमला करने वाले अन्य आरोपी आज भी फरार चल रहे हैं। राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद ने मुख्यमंत्री से पत्रकारों पर बढ़ते हमलों व दर्ज फर्जी मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में श्यामजी तिवारी, हरीसिंह वर्मा, अजय सेन, सत्यनारायण मोनू अग्रवाल, राकेश दीक्षित, नरेंद्र अग्रवाल, रामलखन नामदेव, अरविंद चतुर्वेदी, जितेंद्र राजपूत सहित दर्जनो पत्रकार शामिल हैं।

# वर्ल्ड एड्स डे : छूने से नहीं फैलता, दिमाग से निकाल दें, जागरूकता बहुत बड़ा रोकथाम है : डॉ. तुलिका राय

- गर्भावस्था के दौरान नियमित एचआईवी जांच करानी चाहिए

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है।यह दिन केवल एक तारीख नहीं बल्कि एचआईवी-एड्स के खिलाफ एक विश्वव्यापी संघर्ष का प्रतीक है। आज भी बहुत से लोग इस बीमारी को लेकर कई भ्रांतियों और डर के साये में जी रहे हैं,इसी भ्रांतियां को दूर करने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज,(आईएमएस) सर सुन्दरलाल चिकित्सालय,काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड,नई दिल्ली तथा नेशनल हेल्थ मिशन,उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विश्व एड्स दिवस पर आयोजित इस कार्यशाला में किशोर स्वास्थ्य और विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र (मॉडल एएफएचसी) ने ÷विघटन को पार करना,एचआईवी/एड्स प्रतिक्रिया को बदलना ÷थीम पर था।इस कार्यक्रम में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों का एक पैनल शामिल था,जो एचआईवी/एड्स की जटिलताओं को संबोधित करने के लिए आवश्यक बहु-विषयक दृष्टिकोण को उजागर करता है। उपस्थित सम्मानित वक्ताओं में शामिल थे।प्रथम वक्ता के रूप में प्रो0 डॉ. तुलिका राय,(आईएमएस) में त्वचा विभाग की प्रमुख ने एचआईवी/एड्स पर एक सूचनात्मक अवलोकन के साथ चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने रोकथाम रणनीतियों और सावधानियों पर जोर देते हुए कहां की इसके प्रति ज्ञान और जागरूकता बहुत बड़ा रोकथाम करेगा। प्रो0मनुशी श्रीवास्तव, सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने एचआईवी के प्रति भ्रांतियां को दूर करते हुए कहा कि,किशोरों को अपने स्वास्थ्य के बारे में खुलकर बातचीत करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

प्रो0 (डॉ.) सरिता चौधरी,बालरोग सर्जरी की प्रमुख ने विशेष रूप से कमजोर जनसंख्याओं में एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने नए संक्रमणों को रोकने में शिक्षा के महत्व व प्रभावित लोगों को पर्याप्त देखभाल व समर्थन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

प्रो0 डॉ.ममता और डॉ.दीप्ति, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग,ने गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए आवश्यक स्वास्थ्य जांचों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान नियमित एचआईवी परीक्षण को वायरस के मां से बच्चे में संचरण को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उनकी चर्चा में प्रीनेटल देखभाल पर दिशानिर्देश और गर्भवती माताओं के लिए नियमित स्वास्थ्य देखभाल में एचआईवी परीक्षण को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया गया।कार्यक्रम की शुरुआत हर्ष कुमार सिंह,एक काउंसलर, द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिनकी भूमिका ने सभा के लिए एक सकारात्मक माहौल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर डॉ. संगीता राय ने किया।

# यातायात जागरूकता माह : नवम्बर 2025 का समापन समारोह भव्य रूप से किया गया आयोजित




- जागरूकता, जिम्मेदारी और सुरक्षित भविष्य का लिया संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** रिजर्व पुलिस लाइन में सोमवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में यातायात माह नवम्बर-2025 का समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। समारोह दौरान जीजीआईसी एवं ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत प्रभावशाली नुक्कड़ नाटकों ने उपस्थित जनसमूह को यातायात नियमों के पालन की अनिवार्यता से परिचित कराया। इस मौके पर सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षित यातायात के लिए शपथ भी ग्रहण की। कार्यक्रम के समापन पर डीएम एवं एसपी ने पुलिस लाइन से बाइक यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो शहर के प्रमुख तिराहों व चौराहों से होकर गुजरी। रैली के दौरान पंपलेट एवं बैनरों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

यातायात माह के समापन समारोह के अवसर पर जिलाधिकारी ने गोल्डन आवर के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे में दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दिये जाने पर उनको समय पर उपचार प्रदान होने अनेकों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा का संकल्प है।

# सड़क सुरक्षा से संबंधित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा पर लोगों का ध्यान केंद्रित करते हुए शासन द्वारा नवंबर माह सड़क सुरक्षा जागरूक माह के रूप में मनाया जा रहा था। सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर आज पुलिस परेड ग्राउंड, वाराणसी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई तथा पुलिस विभाग व परिवहन विभाग के साथ विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से एक पैदल मार्च रैली और एक वाहन रैली निकाली गई। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस कमिश्नर, वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस तथा अन्य विभाग व स्वैच्छिक संगठनों के साथ के परिवहन विभाग से सुधांशु रंजन,एआरटीओ व अखिलेश पांडे यात्री कर अधिकारी उपस्थित रहे है। परिवहन विभाग द्वारा प्रदर्शनी में ब्रेथ एनलाइजर,स्पीड गन,रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप व ई चालान ऐप से संबंधित जानकारी प्रदर्शनी में आए आगंतुकों को दी गई। इससे पहले सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई।जिसमें बताया गया कि परिवहन विभाग द्वारा वर्तमान में प्राइवेट वाहनों का कमर्शियल प्रयोग करने वाले वाहनों के विरुद्ध व सघन प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। वहीं विभाग से जुड़े लोगों ने सड़कों पर गाड़ी चेक करने केदरमियां चार पहिया स्वामियों को सीट बेल्ट एवं दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के बारे में जागरूक किया।

# ग्राम पंचायत अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति लागू किये जाने के विरोध में काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शासन ने पंचायत सहायक, अकाउंटेन्ट कम डाटा इंट्री ऑपरेटर की भांति ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों की एक दिसम्बर से ऑनलाइन उपस्थिति सिस्टम लागू किये जाने के विरोध में सोमवार को ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सचिव कार्यालय चरखारी में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। सचिवों ने बताया कि तकनीकी खामियों के बावजूद आनलाइन उपस्थिति सिस्टम शुरू करने का सभी जगह विरोध किया जा रहा है।

ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के के तत्वाधान में चल रहे विरोध प्रदर्शन में सोमवार को सभी ग्राम विकास अधिकारियों ने हाथ में काली पट्टी बांधते हुए विरोध दर्ज कराया है। संगठन के पदाधिकारियें का कहना है कि अभी तक निदेशालय पंचायतीराज व आयुक्त ग्राम्य विकास कार्यालय से जिलों को कोई दिशा निर्देश नहीं दिया गया है, लेकिन प्रदेश के कुछ विकास खंड अधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने अधीनस्थों (ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी) पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली से उपस्थिति दर्ज करने के लिए बिना कोई भौतिक संसाधन उपलब्ध कराए रोस्टर एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए पत्र लिखकर दबाय बनाने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

तकनीकी खामियों के बीच आनन फानन में लागू किए गए नियम को लेकर संगठन ने कठोर नाराजगी व्यक्त की है। जिसके क्रम में चरखारी विकास खण्ड में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी शोएब नसीम, सोहेल नसीम, हिमांशु अग्रवाल, स्वाति रिछारिया, जितेन्द्र कुमार सतीश कुमार आदि ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराते हुए सरकारी कार्य जारी रखा। हालांकि ग्राम सभी कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचकर काली पट्टी बांधकर कार्य करते दिखाई दिये।

# माज़ खान के शिष्यों ने थाईलैंड में लहराया भारत का परचम

- गोरखपुर के विवेक और महाराजगंज के समीर ने इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**अवधनामा संवाददाता**



**पूर्वांचल का नाम किया रोशन :** विवेक और समीर की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और जिले में उत्साह का माहौल बना है, बल्कि पूरे पूर्वांचल में खुशी की लहर है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह सफलता आने वाले समय में गोरखपुर, महाराजगंज और आसपास के जिलों के युवाओं को फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए बड़ी प्रेरणा देगी।

**भारत को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान:** यह उपलब्धि भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया भर में बॉडी बिल्डिंग बेहद प्रतिस्पर्धी खेल माना जाता है। यहाँ जरा सी कमी भी खिलाड़ी को खिताब से दूर कर सकती है। लेकिन विवेक और समीर ने बिना किसी संदेह के अपने वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और भारत को सर्वोच्च स्थान दिलाया।

**गोरखपुर।** भारत ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी ताकत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित आईएफबीबी प्रो लीग एनपीसी वर्ल्ड वाइड इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में गोरखपुर के विवेक और महाराजगंज के समीर ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का परचम विश्व पटल पर लहरा दिया। यह उपलब्धि पूर्वांचल ही नही बल्कि पूरे देश के साथ साथ गोरखपुर के लिए गर्व का विषय बन गई है।

दोनों युवा एथलीटों की इस असाधारण सफलता के पीछे उनके गुरु माज़ खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने कड़ी मेहनत, कठोर प्रशिक्षण और पूर्ण समर्पण के साथ अपने शिष्यों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के अनुरूप तैयार किया।

इस वैश्विक प्रतियोगिता में दुनिया के कई देशों से हजारों बॉडी बिल्डर्स ने हिस्सा लिया था। भारी प्रतिस्पर्धा, कठोर जजमेंट और ऊँचे मानकों के बीच विवेक और समीर ने अपनी सटीक बॉडी कट, शानदार प्रेजेंटेशन, शारीरिक क्षमता और अनुशासन से सभी को पीछे छोड़ दिया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनका चमकना इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन, अथक परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कोई भी बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है।

गोल्ड मेडल जीतने के बाद भावुक विवेक ने कहा यह गोरखपुर का पहला इंटरनेशनल गोल्ड मेडल है। यह उपलब्धि पूरी तरह मेरे गुरु माज़ खान की देन है। उन्होंने मुझे गोरखपुर से बैंकॉक तक पहुँचाया। उनका लक्ष्य था कि जब लौटें तो गोल्ड लेकर ही लौटें–और वही हुआ।

विवेक ने बताया कि उनके गुरु ने प्रतियोगिता की एक-एक बारीकी सिखाई और यह सुनिश्चित किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रदर्शन किसी भी एथलीट से कम न हो। महाराजगंज के समीर भी अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने गुरु माज़ खान को देते हैं। उन्होंने कहा ÷माज़ सर ने हमें अपने बच्चों की तरह तैयार किया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर लोग उनकी ट्रेनिंग देखकर हैरान थे। सभी कह रहे थे कि भारत में ऐसा ज्ञान और कोच मिलना मुश्किल है।

समीर ने बताया कि प्रतियोगिता से पहले माज़ सर लगातार दो रात नहीं सोए। वे अपनी टीम की डाइट, शेप, कट्स और कार्ब-लोडिंग में लगे रहे, ताकि दोनों खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें। उनका यह समर्पण ही था कि भारत दो गोल्ड मेडल लेकर लौटा।

माज़ खान पिछले कई वर्षों से फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में प्रतिभाओं को तराशने का कार्य कर रहे हैं। उनकी ट्रेनिंग पद्धति, सख्ती और वैज्ञानिक ढंग से तैयार की गई डाइट प्लानिंग के कारण आज कई युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना रहे हैं। विवेक और समीर की जीत ने एक बार फिर साबित किया कि अगर सही मार्गदर्शन मिले तो छोटे शहरों के खिलाड़ी भी वैश्विक स्तर पर स्वर्णिम इतिहास रच सकते हैं। थाईलैंड में गूँजा भारत का परचम और उसके केंद्र में थे गोरखपुर और महाराजगंज के दो युवा, जिनकी मेहनत और आत्मविश्वास ने देश का नाम शीर्ष पर पहुँचाया। इन दोनों चैम्पियनों ने साबित कर दिया कि सपने चाहे जितने बड़े हों, यदि उन्हें पूरा करने का जज्बा और सही दिशा हो, तो दुनिया की कोई शक्ति उन्हें रोक नहीं सकती।

# अज्ञात चोरो ने बंद घर को बनाया निशाना, लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सत्तीपुरा में अज्ञात चोरो ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए अलमारी में रखे साने चांदी के आभूषण सहित लाखो रुपये नगद चोरी कर भाग गए। तड़के सुबह जब परिजन घर वापस आए तो मेन गेट का ताला टूटा देख उन्हें अंदर जाकर देखा तो नगदी, आभूषण गायब मिले। पीड़ित ने तत्काल कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटना का निरीक्षण कर जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

मोहल्ला सत्तीपुरा निवासी प्रदीप कुमार ने बतायाा कवह रविवार की रात अपने परिवार के साथ रिश्तेदारों के यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे, तभी चोरो ने घर के मेन गेट का ताला तोड़ और कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे लाखो रुपये के सोना चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर फरार हो गए। बताया कि सोमवार की तड़के सुबह जब परिवार के साथ वापस घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए।

## मानसिक विक्षिप्त किशोरी लापता केस दर्ज

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के माडर निवासी सीता पत्नी पन्ने साहनी की पुत्री प्रियंका 12 वर्ष जो मानसिक विक्षिप्त है। 29 नवंबर को अपराह्न दो बजे घर से निकली लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटी खोजबीन के बाद पता नहीं चला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

## सोशल मीडिया पर बात कर किशोरी को भगाया

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला जो लुचूई में किराए के मकान में परिवार सहित रहती है। मार्च में वह परिजन के साथ वृन्दावन गई थी। जहां एक ऑटो चालक से नाबालिक किशोरी से जान पहचान हो गई थी। दोनों सोशल मीडिया पर बातचीत करने लगे । जिसके संबंध में बेटी को बात करने से मना किया था। लेकिन ऑटो चालक बेटी को अपनी जाल में फंसा लिया था। 30 नवंबर को अपराह्न 2 बजे बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## युवती को बहला फुसला कर भगाया

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीय युवती को 29 नवंबर को शाम 5 बजे बनकटिया गांव का एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी संदीप सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पशु तस्कर की गाड़ी ने मारा टक्कर युवक घायल

**गोरखपुर ।** गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड निवासी संदीप साहनी पुत्र सदानंद के पापा का लड़का विजय साहनी 29 नवंबर रात्रि में 11 बजे सहजनवा से घर आ रहा था। रानीपुर एक जीम के पास पहुंचा था। तभी तस्कर की गाड़ी अनियंत्रित होकर गाड़ी में ठोकर मार कर फरार हो गया। जीस्से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्जकर लिया है।

## शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया

**अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा द्वारा मय स्टॉफ थाना कमालगंज थाना राजेपुर क्षेत्र में स्थित आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर से बिक्री, कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## यूपी 112 का जन जागरूकता अभियान नुक्कड़ नाटक और एलईडी प्रस्तुत माध्यम से चलाया गया




**फर्रुखाबाद।** जनपद फतेहगढ़ यूपी-112 पुलिस द्वारा यूपी-112 की जनसेवाओं की जागरूकता अभियान के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पर नुक्कड़ नाटक और एलईडी प्रस्तुति के माध्यम से जनता को डायल- 112 की जानकारी देकर, उसके कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया । यूपी-112 की एक पहल योजना के तहत आम जनमानस को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जा रहा जागरूक। सिर्फ अपने लिए नहीं,दूसरों की मदद के लिए भी 112 मिलाएं,कॉलर की पूरी जानकारी गुप्त रखी जाती है। सिर्फ पुलिस सहायता ही नहीं,फायर,एम्बुलेंस,प्राकृतिक आपदा आदि में भी होती है मदद।

# भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के महामंत्री का स्वागत किया गया

**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**



**फर्रुखाबाद।** आज भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के महामंत्री रामकिशोर साहू ने फर्रुखाबाद जनपद में एक दिवसीय प्रवास पर रहे इसके अंतर्गत उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 128 वें संस्करण कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र के पश्चिमी मंडल के अंतर्गत टाउन हॉल शक्ति केंद्र की बूथ संख्या 217 बूथ अध्यक्ष आदर्श मिश्रा के आवास पर पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके उपरांत उन्होंने पार्टी जिला मुख्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों के साथ मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता मुख्य रूप से रहे।

पार्टी मुख्यालय पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के महामंत्री राम किशोर साहू ने अभियानों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस समय पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को स्ढ्ढक्र को गंभीरता से लेते हुए उसे अभियान में अपनी सहभागिता करनी है। विपक्ष के द्वारा जनता के बीच वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एस ए आर को लेकर विभिन्न गलतफहमियां और कन्फ्यूजन उत्पन्न किया जा रहा है विपक्ष चुनाव आयोग के इस महाव्यापी अभियान को लेकर जनता को भ्रमित कर रहा है इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता जन जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक घर-घर पहुंचकर इस अभियान के बारे में संपूर्ण जानकारी देने का कार्य करें सभी बूथों पर टीमें बनाकर प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जोड़ने का कार्य करें। संगठन के प्रत्येक मोर्चे महिला मोर्चा युवा मोर्चा अनुसूचित मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा एवं सभी विभागों सोशल मीडिया आईटी सेल मीडिया के समस्त पदाधिकारी इस अभियान को सफल बनाने का कार्य करें प्रत्येक मतदाता तक पहुंच कर इस अभियान के बारे में सटीक जानकारी देकर उनको बताएं कि यह अभियान स्वस्थ लोकतंत्र की नींव है सही मतदाता की पहचान कर उन्हें मतदान का अधिकार दिलाना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। मन की बात कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए क्षेत्रीय महामंत्री ने कहा बहुत से बूथों पर कार्यकर्ता मन की बात को नहीं सुनते हैं। इसलिए प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री के द्वारा किए जा रहे हैं इस लोकप्रिय कार्यक्रम को प्रचारित और प्रसारित किया जाए। क्षेत्रीय नेतृत्व द्वारा इन दोनों अभियानों की लगातार समीक्षा की जा रही है।

क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने कहा भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां पर लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं लागू है इसलिए मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है विपक्ष के द्वारा किस अभियान को लेकर जो भ्रम फैलाया जा रहा है वह निराधार है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जमीन पर उतरकर इसका जवाब देना है।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया पूरे जनपद में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को चलाया जा रहा है जिसकी विधिवत समीक्षा भी की जा रही है। इसके लिए जिले से पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। ह्यद्वह्म्देश की एकता अखंडता और लोकतंत्र की स्वच्छता को मजबूत करने वाला अभियान है।

# हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 4 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए जिले में संचालित अवैध जुआ, सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी के लिएचलाये जा रहे अभियान के तहत थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 जुआरियों को मुखबिर की सूचना पर पड़कर उसके खिलाफ कार्रवाई की है।

प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार ने उपनिरीक्षक देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीम के कांस्टेबल अमित कुमार, शमीम खान ने सार्वजनिक स्थान ग्राम महोबकंठ के पास जुआ खेल रहे सुनील (32) पुत्र भानप्रताप, निवासी ग्राम कनकुआ, शिवसहाय (36) पुत्र टुट्टीलाल निवासी ग्राम रजौनी, आकाश (25) पुत्र रामजीवन राजपूत व श्याम सिंह (30) पुत्र दशरथ उम्र करीब 30 वर्ष निवासीगण ग्राम कनकुआ को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से जामा तलाशी 680 रूपये व मालफड़ 470 रुपये कुल 1150 व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 13 जी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# श्रवण, दृष्टि व बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए योगी सरकार की बड़ी सौगात

## अयोध्या में 3.19 करोड़ की लागत से बन रहा दिव्यांग बच्चों के लिए बचपन डे-केयर सेंटर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने दिव्यांग बच्चों के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रामनगरी अयोध्या में श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित व बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए आधुनिक बचपन डे-केयर सेंटर तेजी से निर्माणाधीन है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अंतर्गत करीब 3.19 करोड़ रुपये की लागत से नजूल की भूमि पर बन रहे इस सेंटर से 3 से 6 वर्ष की आयु के उन दिव्यांग बच्चों को विशेष देखभाल, प्रारंभिक शिक्षा और थेरेपी मिलेगी, जिनके माता-पिता दिनभर काम पर रहते हैं। यह सेंटर अयोध्या धाम के पवित्र परिक्रमा मार्ग के पास ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा क्षेत्र में करीब 4 हजार वर्ग फुट भूमि पर बनाया जा रहा है। राज्य कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य में तेजी आई है और कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड इसे निर्धारित समय में पूरा करने में जुटी है। यह तीन मंजिला होगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशील सोच का यह जीवंत उदाहरण है कि दिव्यांग बच्चों को भी समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। विशेष डे-केयर सेंटर की कमी के कारण कई अभिभावक अपने छोटे दिव्यांग बच्चों को घर पर अकेला छोड़ने को मजबूर थे या नौकरी छोड़नी पड़ती थी। अब अयोध्या में बन रहा यह सेंटर उन परिवारों के लिए वरदान साबित होगा। सेंटर में बच्चों को सुबह से शाम तक सुरक्षित माहौल में रखा जाएगा। प्रशिक्षित विशेष शिक्षक, थेरेपिस्ट, केयरटेकर और मनोवैज्ञानिक बच्चों की जरूरत के अनुसार व्यक्तिगत ध्यान देंगे।शुरुआती दौर में 30-40 बच्चों को प्रवेश दिए जाने की सूचना मिल रही है, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है। अलग-अलग दिव्यांगता (श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित, बौद्धिक दिव्यांग) के लिए विशेष कक्षाएं व थेरेपी रूम, स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी और सेंसरी इंटीग्रेशन थेरेपी की सुविधा, ब्रेल किट, श्रवण यंत्र, संवेदी खिलौने और विशेष शैक्षिक सामग्री रैंप, लिफ्ट, हैंडीकैप टॉयलेट सहित पूरी तरह दिव्यांग-अनुकूल भवन प्रशिक्षित विशेष शिक्षक, स्पीच थेरेपिस्ट और साइकोलॉजिस्ट की टीम, पौष्टिक भोजन, साफ-सफाई, स्वास्थ्य जाँच व सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था रहेगी। अभिभावकों के लिए काउंसलिंग और जागरूकता सत्र यह सेंटर न केवल बच्चों की देखभाल करेगा बल्कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा, भाषा विकास और सामाजिक कौशल को भी बढ़ावा देगा, ताकि आगे चलकर वे सामान्य स्कूलों में आसानी से दाखिला ले सकें। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चंद्रेश त्रिपाठी ने बताया कि योगी सरकार प्रदेशभर में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है। चाहे दिव्यांगों को आरक्षण, मुफ्त कोचिंग, कृत्रिम अंग वितरण हो या अब यह अनूठा डे-केयर सेंटर हर कदम यह संदेश दे रहा है कि उत्तर प्रदेश में कोई भी दिव्यांग पीछे न छूटे।

### छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने दिया एड्स से बचाव का संदेश

**अयोध्या।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर देवकाली स्थित डॉ. बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा निकाली गई इस रैली में कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह रैली मेडिकल कॉलेज कैंप से देवकाली पुलिस चौकी तक निकाली गई थी। वहीं रैली के दौरान प्रतिभागियों ने एड्स से बचाव, जागरूकता और सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देने वाले संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य आमजन में एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। एड्स एक लाइलाज बीमारी है, जिससे केवल सतर्कता और जागरूक रहकर ही बचाव संभव है।

## बार काउंसिल एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू कराने के लिए प्रयासरत, जल्द होगा लागू- प्रदीप कुमार सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सह अध्यक्ष/ सदस्य प्रदीप कुमार सिंह का स्वागत फैजाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह और पूर्व अध्यक्ष संजीव दुबे के नेतृत्व में किया गया। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बार काउंसिल अधिवक्ताओं को मेडिकल की सुविधा,70 साल से अधिक उम्र के अधिवक्ताओं को पेंशन की सुविधा के साथ साथ ई लाइब्रेरी प्रदान कराने के लिए प्रयासरत है।प्रदीप कुमार सिंह ने बताया बार काउंसिल द्वारा सरकार को एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को भेजा जा चुका है और काउंसिल का प्रयास है कि जल्द ही इसे लागू कराया जाए। वार्ता के दौरान बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव दुबे द्वारा कई मुद्दों पर वार्ता की गई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य



नारायण सिंह द्वारा अधिवक्ताओं को हो रही समस्याओं और वोटर लिस्ट को लेकर चर्चा की गई। बार कौंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश के सदस्य प्रदीप कुमार सिंह ने कचहरी में अधिवक्ताओं से संपर्क कर अपने लिए चुनाव में क्रमांक 205 पर मत प्रयोग का अनुरोध किया। कार्यक्रम के दौरान बार मंत्री ऋषि मिश्रा, उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह,राजेश पांडे ,राज कपूर सिंह, आलोक सिंह, विवेक कुमार सिंह सुदर्शन, बृजेश कुमार सिंह सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## धान खरीद न होने पर होगा अधिकारियों का घेरावः घनश्याम वर्मा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सरकारी धान का केंद्र प्रभारियों द्वारा किसानों का धान न खरीद कर किसानों को हैरान व परेशान किया जा रहा है जिन किसानों का धान खरीदा भी गया है उन किसानों से आर्थिक शोषण किया गया है धान क्रय केंद्रों पर किसी तरह की सुविधा भी नहीं है। उक्त आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी के0 के0 सिंह तथा संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) श्री कृष्ण जी से मिलकर जनपद अयोध्या के किसानों का धान वास्तविक रूप से खरीदने तथा धान खरीद में किसानों का शोषण न करने की मांग किया है घनश्याम वर्मा ने कहा कि धान क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा किसानों को कल आना, एक महीने बाद आना, धान में नमी है, धान में पइया है, तौलवाई तथा उतरवायी लगेगी जैसी तमाम बहाना बताया जा रहा है और किसानों को परेशान किया जा रहा है घनश्याम वर्मा ने कहा कि जहां सरकारें किसानों की आय दोगुना करना चाहती हैं वहीं धान क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है। घनश्याम वर्मा चेतावनी दी है कि यदि किसानों का धान खरीदा नहीं गया और किसानों को हैरान परेशान किया गया तो धान क्रय से संबंधित अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।अधिकारियों से मिलने तथा वार्ता करने में जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ,जिला उपाध्यक्ष भागीरथी वर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास वर्मा, विवेक पटेल, देवी प्रसाद वर्मा शामिल रहे।

### सेवा का जीवंत उदाहरण बहन रेखा राजपाल: महंत गणेश दास

**अयोध्या।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जे.बी.एकादमी के परिसर में दी डिवाइन चैरिटेबल ट्रस्ट और श्री अयोध्या धाम शिवालय सेवा ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग दिवस मनाया गया जिसमें संपूर्ण प्रदेश आए दिव्यांग अतिथि का सम्मान किया गया इस अवसर पर महंत गणेश राय दास जी ने कहा बहन रेखा राजपाल समाज के युवाओं के लिए सेवा का जीवंत उदाहरण है जिस प्रकार उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव सेवा को समर्पित किया है यह आज के युवा जो रील और मोबाइल में अपना समय बर्बाद कर रहे हैं उनके लिए एक सजीव उदाहरण है इसी कार्यक्रम में महंत गणेश राय दास और रेखा राजपाल की अगुवाई में विशेष अतिथि के रूप में शिवकुमार सिंह अध्यक्ष (NFB), श्याम प्रकाश सिंह अध्यक्ष (NFB), गीता जी प्रवक्ता,पुरोहित प्रांजल द्विवेदी,ब्रह्माकुमारी माधुरी दीदी,सिंधी समाज के मुखिया राजकुमार मोटवानी, समाजसेवी राजकिशोर राजपाल,समाजसेवी वेदप्रकाश राजपाल, समाजसेवी रोशन शेवानी,रानी बाजार पब्लिक स्कूल के प्रबंधक , समाजसेविका साक्षी वासवानी का अंगवस्त्र ओर प्रभु प्रतिमा भेट कर सम्मान किया गया मंच संचालन डॉ धर्मेंद्र शुक्ला द्वारा हुआ जो सराहनीय रहा

## भाकियू टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना शुरूः अवैध खनन से फसलों को नुकसान, धूल से राहगीर परेशान

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) ने बाराबंकी के जैदपुर रजवाहा पर रविवार सुबह 10 बजे से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यूनियन ने सिल्ट सफाई के नाम पर मानक विहीन मिट्टी खनन और अवैध मिट्टी खनन का आरोप लगाया है। भाकियू का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से नीलामी प्रक्रिया में तय मात्रा से कहीं अधिक मिट्टी का खनन किया गया है। इस अनियमितता के विरोध में किसानों ने यह कदम उठाया है।खनन के दौरान निकाली गई मिट्टी को सड़कों पर फैला दिया गया है, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। स्कूली बच्चों की ड्रेस पर धूल जम जाती है, और आसपास की फसलों पर भी धूल की मोटी परत जमा हो गई है। इससे



किसानों को फसल बर्बाद होने का खतरा सता रहा है। विभागीय अधिकारियों पर आरोप है कि वे मौके पर पहुंचने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर लीपापोती कर रहे हैं। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता (जेई) हरीश वर्मा, ने मौके पर पहुंचकर भाकियू कार्यकर्ताओं से बातचीत की, लेकिन यूनियन अपनी मांगों पर अड़ी हुई है और धरना जारी रखने का फैसला किया है। धरने में भाकियू (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा, युवा जिलाध्यक्ष राजदेव वर्मा, राकेश वर्मा, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष गुलजार हुसैन, जिला सचिव मुलायम यादव ब्लाक अध्यक्ष सिरौली गौसपुर शिवराज रावत आकाश वर्मा आजाद वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद हैं। स्थिति को देखते हुए जैदपुर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित हैं।

### बाराबंकी में बड़ा वेतन घोटाला: कर्मचारियों की मेहनत की कमाई लेकर फरार हुए कंपनी डायरेक्टर!

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जिले में माया संसार इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, संसार आरो वाटर सल्यूशन्स, संसार भविष्य उज्ज्वल बेनिफिट निधि लिमिटेड और संबंधित प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को एक गंभीर शिकायत पत्र देकर बड़ा खुलासा किया है। शिकायत के अनुसार कंपनी के डायरेक्टर–आफरोज अहमद, शिखा निगम, रामगोपाल निगम और सौरभ वर्मा ने दो महीनों से कर्मचारियों का वेतन रोक रखा था। आरोप है कि सभी आरोपी कार्यालयों में ताला लगाकर फरार हो गए और अपने मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ कर दिए। कर्मचारियों का कहना है कि वे 10,000 से 15,000 रुपये प्रतिमाह पर कलेक्शन का काम करते थे, लेकिन दो महीने से वेतन न मिलने के कारण उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों के मुताबिक 13 नवंबर को रामगोपाल निगम द्वारा वेतन देने का आश्वासन दिया गया था, पर उसके बाद सभी आरोपियों ने फोन बंद कर लिया। इस घटना के बाद कर्मचारियों को पूर्ण विश्वास हो गया कि उनके साथ संगठित धोखाधड़ी की गई है। उक्त प्रतिष्ठानों के नाम पर बड़ी संख्या में वाहन पंजीकृत होने और कई शाखाओं के संचालन की बात भी सामने आई है, जिससे धोखाधड़ी का दायरा और बड़ा माना जा रहा है। पीड़ित कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक से मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि बाराबंकी पुलिस इस गंभीर आर्थिक धोखाधड़ी में कितना त्वरित कदम उठाती है।

### अवैध कब्जे का मामला गर्माया, न्याय की गुहार लेकर उपजिलाधिकारी के दरबार पहुँचा पीड़ित

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** त्रिलोकपुर गांव में भूमि कब्जे को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। ग्राम बादीपुरवा मजरे तिलोकपुर निवासी योगेन्द्र कुमार ने उपजिलाधिकारी तिलक रामनगर को प्रार्थना पत्र देकर गाटा संख्या 131/0-3670 पर चल रहे अवैध निर्माण व कब्जे को तत्काल प्रभाव से रुकवाने की मांग की है। प्रार्थी योगेन्द्र कुमार के अनुसार उक्त भूमि संबंधी वाद संख्या टी-202404120403305 श्रीमान न्यायालय अं. धा. 116 उप्रा.-06 में विचाराधीन है तथा नियत तिथि 01 दिसंबर 2025 तय है। मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद विपक्षी उपेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग जबरन मिट्टी पटाई कर पक्का निर्माण करा रहे हैं। योगेन्द्र कुमार का आरोप है कि रोकने पर भी विपक्षी जन मानने को तैयार नहीं हैं, जिससे मुकदमे के दौरान उन्हें अपूर्णीय क्षति होने की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध निर्माण व कब्जे को रुकवाने तथा उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया बाधित न हो और न्याय मिल सके। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के बाद ग्रामीणों में भी इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर भूमि विवाद पर कितनी त्वरित कार्रवाई करता है।

### जैदपुर पुलिस ने दो गैंगस्टर अभियुक्तों को भेजा जेल

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जैदपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि जनपद के तेजतर्रार एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में सोमवार को जैदपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार उपनिरीक्षक विनय कुमार हेड कांस्टेबल गुफरान खान, अनुज कुमार सिंह के साथ इलाके का भ्रमण कर रहे थे तभी सूचना मिली कि फो अभियुक्त गैंगस्टर वांछित अनवर अली पुत्र अदालत निवासी धौरहरा उर्फ धरमपुर बढ़नी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर हालपता अनवार कला थाना बीबीडी जनपद लखनऊ, अमित रावत पुत्र सरवन निवासी गोठिया थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को तेजवापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों गैंगस्टर अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

### दस लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर जैदपुर टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके पास दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर कार्यवाही की गयी है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाने में तैनात एस आई हलीम बाबू सहयोगी पुलिस के जवानों के साथ थाना क्षेत्र के निजामपुर मोड़ से 200 मीटर पहले एक व्यक्ति को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया।

### ऑनलाइन हाजिरी को लेकर ग्राम सचिवों का विरोध

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धौर बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी अब अपनी मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। विकासखंड सिद्धौर ब्लॉक परिसर में सोमवार सुबह से ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले ऑनलाइन उपस्थिति (एफआरएस) और सचिवों से लिए जा रहे गैर-विभागीय कार्यों के विरोध में एक बड़ा शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुरू हो गया है। सचिवों ने अपनी रणनीति को चार मुख्य चरणों में विभाजित किया है, जो 1 दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक चलेगा- 1 से 4 दिसंबर- सभी सचिव काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करेंगे। 5 दिसंबर- ब्लॉक परिसर में धरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही, जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सएप ग्रुपों से सभी ग्राम सचिव स्वयं को अलग (बाहर) कर लेंगे। 10 दिसंबर सभी ग्राम सचिव अपने निजी वाहन का प्रयोग पूरी तरह बंद कर देंगे।

## उम्मीद पोर्टल पर शिया वक्फ का 80 प्रतिशत पंजीकरण पूरा

### 5 दिसंबर तक प्रक्रिया पूरी करने की अपील, मंज़र अब्बास रिज़वी




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** उम्मीद पोर्टल पर शिया वक्फ के 80 प्रतिशत पंजीकरण का कार्य पूरा हो गया है। शिया वक्फ के नोडल अधिकारी मंज़र अब्बास रिज़वी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनकी पूरी टीम दिन-रात इस कार्य में जुटी हुई है। श्री रिज़वी ने उम्मीद जताई कि यह कार्य समय पर पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि शेष बचे 20त्न वक्फों से संपर्क कर उन्हें पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने सभी औकाफ (वक्फ) के मुतवल्लियों से सक्रिय होने की अपील की, ताकि काम में तेजी लाई जा सके। श्री रिज़वी ने स्वीकार किया कि कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिन लोगों के पास वक्फ के पूरे दस्तावेज़ नहीं हैं, उन्हें वक्फ बोर्ड लखनऊ और अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बाराबंकी के सहयोग से आवश्यक पेपर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दोनों विभागों के समन्वय से बाराबंकी जिले में शिया वक्फ का पंजीकरण तेजी से हो रहा है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित 5 दिसंबर की समय सीमा को देखते हुए, सभी वक्फों (चाहे वे सुन्नी वक्फ के हों या शिया वक्फ के) के लोगों को जागरूक होने की सख्त आवश्यकता है, तभी यह कार्य संभव हो पाएगा। समय कम होने की वजह से उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण कराने को लेकर भीड़ देखने को मिला। नोडल अधिकारी मंज़र अब्बास ने जनपद के सभी मुत्तलियानो से अपील की है कि जल्द से जल्द छुटे वक्फ का पंजीकरण करे अगर ऐसा नही किया गया तो वक्फ पर प्रशासन का कब्जा माना जायेगा।

## चनकौली ग्रामीणों ने डीएम से लगाई निष्पक्ष जांच की गुहार

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** विकास खंड सिसवां के अंतर्गत आने वाली चनकौली ग्रामसभा में सरकारी धन के दुरुपयोग और गबन के गंभीर आरोपों ने स्थानीय स्तर पर हड़कंप मचा दिया है। ग्रामसभा के कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महराजगंज को सामूहिक शिकायत पत्र देकर ग्राम प्रधान जयप्रकाश यादव और सचिव/सहायक विकास अधिकारी पर करोड़ों रुपये की योजनाओं में अनियमितता, फर्जी कार्य दिखाकर धन निकालने तथा मूलभूत विकास कार्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं देता। कई कार्यों को सिर्फ कागजों पर पूरा दिखाकर धन निकाल लिया गया, जबकि ग्रामसभा आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। कई जगह विकास के नाम पर किए गए कार्यों के निशान तक नहीं मिलते। मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए ग्रामीणों ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत विस्तृत सूचनाएँ माँगी थीं और इस पर शुल्क भी जमा किया था। आरोप है कि इसके बावजूद सहायक विकास अधिकारी द्वारा अधूरी और भ्रमित करने वाली सूचनाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिससे वास्तविक आंकड़ों को छुपाने की कोशिश की गई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष टीम से कराई जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, सरकारी धन की रिकवरी भी सुनिश्चित करने की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं में आर्शन निषाद, राज, हरिपाल निषाद, मुकेश, श्रीराम सेनी, बबलू, बैजू चौहान, प्रहलाद, पवन कुमार, गंगेश, रवि धारिया, पिंटू, अखिलेश निषाद, विभीषण, समक्षान गुप्ता सहित कई ग्रामीण शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में ग्राम पंचायत सचिव



*अवधनामा संवाददाता*


**सिसवा बाज़ार (महराजगंज)।** सिसवा ब्लॉक परिसर में सोमवार को ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और गैर-विभागीय कार्यों के बढ़ते बोझ के विरोध में काला फीता बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। यह विरोध पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग के प्रांतीय संगठनों के प्रदेशव्यापी आह्वान पर किया गया।

सचिवों ने बताया कि फेशियल रिकॉग्निशन आधारित उपस्थिति व्यवस्था उनके निजी मोबाइल नंबर व सिम पर बिना अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए थोप दी गई है। उन्होंने कहा कि शासन को कई बार पत्र भेजने के बावजूद समाधान न मिलने पर प्रांतीय जूम बैठक में सामूहिक विरोध का निर्णय लिया गया। सचिवों ने बढ़ते गैर-विभागीय कार्यों—जैसे फार्मर रजिस्ट्री, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, शिक्षा व बोर्ड परीक्षा ड्यूटी, गौशाला प्रबंधन, पराली प्रबंधन आदि—को भी बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि इन कार्यों का दबाव उनके मूल दायित्वों को प्रभावित कर रहा है और मानसिक तनाव बढ़ा रहा है। प्रदर्शन में शशिकांत पांडेय, जयहिंद गौतम, नीरज सिंह, योगेश मद्धेशिया, बालेश्वर कुमार, अभिनव श्रीवास्तव, मनिंद्र चौधरी, राजकिशोर यादव, राजकुमार भारती, अशोक पासवान, राहुल कुमार, विनोद वरुण, विनय शर्मा सहित कई ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जीवनदीप पब्लिक स्कूल परासखाड़ के छात्रों ने सोमवार को स्थानीय पुलिसकर्मियों के साथ यातायात जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली को उपनिरीक्षक राहुल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चे अपने हाथ में यातायात नियमों से संबंधित स्लोगन लिखे तख्तियों को लेकर चल रहे थे। रैली विद्यालय परिसर ने निकलकर परासखांड गांव, जोगा टोला, झुंगवा चौराहा होते हुए पुनः विद्यालय पर पहुंचीं, जहां गोष्ठी आयोजित की गई। विद्यालय के प्रबंधक कमलेश शर्मा ने छात्रों को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ भी दिलाई। उपनिरीक्षक राहुल कुमार ने कहा कि इस रैली का




परासखाड़ में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकालते छात्र व पुलिसकर्मी।

मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक कराना है। जागरूकता के अभाव में यातायात नियम का पालन न करने से अधिकतर मार्ग दुर्घटनाएं होती हैं। प्रबंधक कमलेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरें को भी इसके लिए प्रेरित करें। इन्हीं नियमों के पालन कराने के लिए यह रैली निकाली गई। महिला आरक्षी प्रियंका यादव ने मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो कदापि घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें। रैली में समाजसेवी रवींद्र जैन, आरक्षी अमित मौर्य, चन्द्रगुप्त मौर्य, शिक्षक आदित्य धारिया, शिमला सिंह, अंकित कन्नौजिया, राजेंद्र शर्मा, मिथिलेश शर्मा, नीलम यादव, प्रीति कन्नौजिया, सलमा खातून, रेनू मौर्य व छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी पर कारण बताओ नोटिस


**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खण्ड मिठौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों के चयन में गड़बड़ी सामने आने पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने ग्राम पंचायत-हरखोड़ा की प्रधान अनीता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ग्राम पंचायत हरखोड़ा द्वारा भेजी गई सूची की जांच जिला ग्राम विकास अधिकारी ने की, जिसमें आवास आवंटन में गंभीर अनियमितता पाई गई। रिपोर्ट के अनुसार चार आवास लाभार्थियों- सुमन, अमरावती, त्रिभुवन और रमनी-का चयन पात्रता नियमों के विपरीत किया गया। प्रत्येक लाभार्थी के लिए 1,20,000 रुपये के हिसाब से कुल 4,80,000 रुपये की धनराशि पर सवाल खड़ा हो गया है।

### पोखरी में तैरता मिला युवक का शव, पुलिस कार्यवाही में जुटी

अवधनामा संवाददाता

**मिठौरा (महराजगंज)।** नगर पंचायत चौक के धर्मपुर-बरगदही बसंतनाथ रोड स्थित एक पोखरी में सोमवार दोपहर एक युवक का शव तैरता हुआ मिलने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पोखरी में शव दिखते ही ग्रामीणों ने शोर मचाया और तत्काल इसकी सूचना चौक थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता को दी। सूचना पर थाना अध्यक्ष अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पोखरी से बाहर निकलवाया और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान नगर पंचायत चौक, वार्ड नंबर 1 ओवरी निवासी सुभाष जायसवाल पुत्र लालबहादुर के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष के अनुसार, पीड़ित परिवार की तहरीर पर युवक की गुमशुदगी 30 तारीख को दर्ज की गई थी। सोमवार सुबह पोखरी में शव मिलने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## व्यापारियों ने जेई के खिलाफ खोला मोर्चा, डीएम को सौंपा ज्ञापन




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** स्वर्ण व्यवसायी के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर सोमवार को संयुक्त व्यापारी मोर्चा के प्रतिनिधियों ने जिला अध्यक्ष पशुपतिनाथ गुप्त के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

मामला गणपति ज्वेलर्स के स्वामी मनोज वर्मा एवं उनके पुत्रों से जुड़ा है। आरोप है कि विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) और ठेकेदार के साथ आए कुछ लोगों ने प्रतिष्ठान पर पहुंचकर न सिर्फ अभद्रता की, बल्कि मारपीट भी की। इस घटना में मनोज वर्मा के बेटे सागर वर्मा की एक हाथ की उंगली टूट गई, जिसकी चिकित्सकीय पुष्टि भी हुई है।

संयुक्त व्यापारी मोर्चा के नेताओं ने बताया कि विद्युत कर्मियों और ठेकेदारों ने बिना पूर्व सूचना के दुकान की बिजली काट दी, विरोध करने पर मारपीट की गई और बाद में थाने में व्यापारी पक्ष के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करा दिया गया, जो व्यापारी समाज के लिए अत्यंत निंदनीय है। जिला अध्यक्ष पशुपतिनाथ गुप्त ने जेई आलोक कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आलोक कुमार लगभग एक दशक से अधिक समय से जिले में तैनात हैं और उनके कार्यकाल में कई बार व्यापारियों एवं आम नागरिकों से दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आई हैं।

# आयुक्त ने अधिकारियों को भेजा पत्र, कहा शिकायतों में बिल्कुल भी ढिलाई न बरती जाए

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद के अंतर्गत आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में सोमवार को 14 महिलाओं ने अपने-अपने मामलों को रखते हुए न्याय और समाधान की मांग की। जनसुनवाई की अध्यक्षता आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने की। उन्होंने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को अधिकतम दो सप्ताह की अवधि में अनिवार्य रूप से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा व उपायुक्त खाद्य उपस्थित रही।

जनसुनवाई में प्रस्तुत प्रकरणों में कई गंभीर और संवेदनशील मुद्दे सामने आए। ग्राम मुण्डेरवा कला की बुजुर्ग पीड़िता राजपता देवी ने अविवाहित पुत्र की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु के बाद आपदा राहत राशि न मिलने की समस्या रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि लेखापाल और कानूनगो द्वारा गलत रिपोर्ट लगाकर उनके मृत पुत्र को विवाहित दिखा दिया गया, जिसके कारण उन्हें सहायता नहीं मिल सकी।इसी बीच बहराइच जनपद से पहुंचे दलित मजदूर दंपति ने सुजौली थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मियों पर गंभीर उत्पीड़न, मारपीट, जातिसूचक अपशब्द, 50 हजार रुपये की अवैध मांग और थाने में अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया। पीड़ित ने आरोपों की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।बहराइच जिले के ग्राम आनन्दनगर बरखड़िया, थाना सुजौली की रहने वाली सीमादेवी ने मण्डलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर विपक्षी पक्ष द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को हटवाने की मांग की है। सीमादेवी के अनुसार जिलाधिकारी बहराइच के आदेश पर 3 मीटर चौड़ा और 100 मीटर लंबा खड़ंजा मार्ग बनाया जा रहा था, लेकिन विपक्षीगण जबरन रास्ते पर पक्का व फूस का निर्माण कर रहे हैं, जिससे रास्ता बाधित होने की आशंका है। पीड़िता का कहना है कि उसने एसडीएम न्यायालय में वाद दायर किया है, लेकिन राजस्व लेखपाल द्वारा विपक्षियों से मिलकर गलत रिपोर्ट लगाई गई। जिलाधिकारी द्वारा अवैध निर्माण रोकने का निर्देश होने के बावजूद स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता से निर्माण जारी रहा। सीमादेवी ने रास्ता मुक्त कराए जाने और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

वहीं ग्राम बुधईपुरवा, पूरे शिवाबख्तावर की मीना देवी ने मण्डलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर अपनी पुश्तैनी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने की मांग की है। उनका आरोप है कि विपक्षियों ने अपनी हिस्सेदारी से अधिक जमीन पर जबरन कब्जा करते हुए उनकी भूमि पर नवनिर्माण कर रहे हैं। मीना देवी का कहना है कि वह कमजोर और गरीब महिला हैं, जबकि विपक्षी दबंग

## पति के उत्पीड़न से त्रस्त महिला की एसपी से गुहार, भरण-पोषण की माँग

**सिद्धार्थनगर।** बबिता त्रिपाठी ने अपने पति देवेंद्र मणि त्रिपाठी पर गंभीर उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना, भरणङ्कपोषण न देने और बच्चों से जबरन अलग करने का आरोप लगाते हुए एसपी डा.अभिषेक महाजन को प्रार्थना पत्र सौंपा है। सौंपे गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि मेरे पति नौगढ तहसील में तहसीलदार के पद पर तैनात हैं। बबिता त्रिपाठी ने कहा है कि मेरी शादी वर्ष 2005 में विधि-विधान से देवेंद्र मणि त्रिपाठी के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ वर्ष तक दाम्पत्य जीवन सामान्य रहा, लेकिन वर्ष 2018 के बाद पति का व्यवहार बदलने लगा और घरेलू कलह बढ़ती गई। पीड़िता का कहना है कि पति द्वारा आये दिन विवाद किया जाता रहा, जिससे पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पति देवेन्द्र मणि त्रिपाठी उसे बार-बार मायके भेजने का दबाव बनाते रहे और उसे बच्चों से अलग कर दिया गया। कहा कि पति ने अंतिम बार उसे मायके भेजकर लौटने नहीं दिया और बातचीत तक बंद कर दी।

# उपहार लेकर नेपाल जा रहे दूल्हा पक्ष को एसएसबी ने रोका

**खुनुवां चेकपोस्ट पर बिना परमिट सामान से लदे वाहन को नहीं मिली अनुमति**

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल के बीच वर्षों से रोटी-बेटी का संबंध और खुला व्यापारिक आवागमन दोनों देशों के नागरिकों को जोड़ता आया है। इसी परंपरा के तहत तौलिहवा (नेपाल) के महुआ निवासी कृष्णा कुमार कंदू अपने बेटे की शादी चिल्हिया थाना क्षेत्र के करौंदा मसिना गांव निवासी राम अवतार की बेटी खुशबू से करने पहुंचे। रविवार को धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ और सोमवार को बहू की विदाई भी हो गई।

विदाई के बाद दुल्हा पक्ष शादी में मिले घरेलू उपहार–फ्रिज, बेड, सोफा, वाशिंग मशीन, कूलर आदि– को वाहन में लादकर नेपाल लौट रहा था। लेकिन खुनुवां सीमा चेकपोस्ट पर एसएसबी जवानों ने दूल्हा-दुल्हन को तो जाने दिया, मगर सामान से भरे वाहन को रोक दिया। दूल्हे के पिता कृष्णा कुमार ने सुरक्षा कर्मियों से गुहार लगाते हुए कहा कि भारत-नेपाल में रोटी-बेटी का गहरा संबंध है। शादी में मिले उपहारों को रोकना आपसी रिश्तों में खटास ला सकता है। पुलिस चौकी और कस्टम से वाहन की पासिंग भी हो चुकी है।

स्थानीय व्यापारी सुनील मिश्रा, बहरैची बाबा, सचमुच त्रिपाठी, वीरू, रमेश गुप्ता, महेश और सलीम सहित कई लोगों ने भी इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड की फोटो कॉपी और मोबाइल में मौजूद आधार को अमान्य बताते हुए लोगों को नेपाल न जाने देना, और शादी के उपहारों को रोकना गलत है। इससे दोनों देशों के संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा हो रहा है।

इस मामले पर खुनुवां चेकपोस्ट के एसएसबी असिस्टेंट कमांडर कैलाश दान ने स्पष्ट किया कि वाहन पर शादी का सामान था, लेकिन उसके पास नेपाल में प्रवेश के लिए अनिवार्य परमिट नहीं था। उच्चाधिकारियों के आदेश के अनुसार कोई भी सामान लदा पीला प्लेट (कमर्शियल) वाहन बिना परमिट के नेपाल नहीं जा सकता।

उन्होंने यह भी कहा कि आधार कार्ड की हार्ड कॉपी या डिजीलॉकर में उपलब्ध आधार ही मान्य है। फोटो कॉपी या मोबाइल में सेव आधार को स्वीकार नहीं किया जाएगा। शादी के उपहारों पर कोई रोक नहीं है, लेकिन वाहन को नियमों के अनुसार जाना होगा। बताया गया कि हाल के दिनों में शादी के बसों को भी सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों द्वारा रोककर वापस किया जा रहा है, जिसके कारण दूल्हा-दुल्हन पक्ष एवं बारातियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा।

# पुलिस ने नेपाल से आई महिला का 2.50 लाख के आभूषणों से भरा गुमशुदा बैग किया बरामद



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद पुलिस ने त्वरित एवं संवेदनशील पुलिसिंग का परिचय देते हुए नेपाल से विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आई महिला का आभूषणों से भरा गुमशुदा बैग कुछ ही समय में खोजकर सकुशल बरामद कर पीड़िता को सुपुर्द किया। नेपालगंज, जिला बाँके (नेपाल) निवासी रेखा कुमारी तमोली पत्नी दीपक तमोली अपने जीजा आकाश पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी जानकीनगर (भूतहाताल), निकट सूरज होटल, थाना कोतवाली नगर, गोण्डा के यहां शादी में आई थीं।

रोडवेज बस स्टेशन से ऑटो द्वारा जाते समय उनके पास रखा लगभग ?2,50,000 मूल्य का आभूषणों (सोने का हार 15 ग्राम, सोने की अंगूठी 10 ग्राम सहित अन्य सामग्री) से भरा बैग ऑटो में ही छूट गया। पीड़िता की सूचना पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा के दिशा-निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही की गई ।

यातायात टीम ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऑटो पर अंकित टोकन संख्या 436 की पहचान कर संबंधित ऑटो का पता लगाया । तत्पश्चात ऑटो चालक मोनू पुत्र शिवप्रसाद, निवासी ग्राम सोनई इमलिया मिश्रा, थाना को0 देहात, जनपद गोण्डा को पूछताछ हेतु यातायात कार्यालय बुलाया गया। आवश्यक पूछताछ के उपरांत गुमशुदा बैग बरामद कर समस्त सामग्री सहित पीड़िता को सुरक्षित रूप से सुपुर्द किया गया। बैग की बरामदगी पर पीड़िता द्वारा गोण्डा पुलिस द्वारा की गई त्वरित एवं जनसेवा की भावना से युक्त कार्यवाही की सराहना की गई।

# टेलर और टैम्पो में टक्कर ड्राइवर सहित बैठे लोगों घायल



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत लोटन सोहास रोड पर स्थित पोखरभिटवा मोड़ के सामने एक टेलर व टैम्पो के टकराने से रामजीत वर्मा उम्र 55वर्ष ग्राम नेतवर बुरी तरह घायल हो गया।साथ ही उसमें बैठे अन्य लोगों को भी हल्की चोट लग गयी। घटना दस बजे की है। सूचना पर पुलिस ने टेलर को कब्जे में ले लिया है।

घायल रामजीत के लड़की की शादी 30नवम्बर को सिद्धार्थनगर मैरेज हाल में थी। लड़की की शादी निपटाने व विदाई करने के बाद अपने निजी टैम्पो से नेतवर घर आ रहे थे कि पोखरभिटवा मोड़ पर बनियाडीह चौराहे पर सीमेंट उतार कर सोहास के तरफ जा रहा था कि सामने से आ रहे टेम्पो में ठोक दिया जिससे टेम्पो पलटा गया और उसमें बैठे लोग घायल हो गये। जिसमें टेम्पो चला रहे रामजीत को बुरी तरह चोट लग गया। टेम्पो पल्टने के बाद ड्राइवर गाड़ी खड़ा कर फरार हो गया और घायल को परिजनों ने एम्बुलेंस द्वारा मेडिकल कालेज भर्ती कराया जहां दवा चल रही है।

# साइकिल यात्रा से हिन्दू सम्मेलन के लिए जागरूकता अभियान किया तेज

**आरएसएस शोहरतगढ़ खंड के टेकनार मंडल द्वारा चिल्हिया क्षेत्र में निकाली गई साइकिल यात्रा**

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शोहरतगढ़ खंड के टेकनार मंडल की ओर से सोमवार को चिल्हिया क्षेत्र में भव्य साइकिल यात्रा निकाली गई। यह यात्रा टेकनार मंडल में प्रस्तावित हिन्दू सम्मेलन से पहले समुदाय को जागरूक करने और राष्ट्रवाद का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। यात्रा में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए समाज में उत्साह का संचार किया।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष के अवसर पर वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पहले चरण में पथ संचलन, दूसरे चरण में घर-घर गृह संपर्क अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। अब तीसरे चरण के रूप में दिसंबर माह में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाना है। इसी कार्यक्रम के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने हेतु यह साइकिल यात्रा निकाली गई।

यात्रा भगत सिंह चौक से प्रारंभ होकर स्टेट बैंक, गौरा मार्ग, पल्टा देवी मार्ग, साधन सहकारी समिति होते हुए पुनः भगत सिंह चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने संघ गीत व नारों के माध्यम से राष्ट्रवाद, एकता और सांस्कृतिक जागृति का संदेश दिया। जिला प्रचारक विशाल ने कहा कि हिन्दू समाज आज भी कई स्तरों पर सोया हुआ है, जिसे जगाने का प्रयास शताब्दी वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा है। हर हिंदू को अपनी सांस्कृतिक विरासत, धरोहर और मूल्यों की रक्षा के लिए तन-मन से जागरूक होना होगा। तभी हम मां भारती को परम वैभव पर स्थापित कर सकेंगे। साइकिल यात्रा में पंकज श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, शनि मद्धेशिया, राहुल वर्मा, राजन सिंह, राघव मद्धेशिया, संतोष चौधरी, हरिश्चंद्र सिंह, अरुणेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# डाक्टर ने पीड़ित गरीब का ऑपरेशन कर दिया नया जीवन



**अवधनामा संवाददाता**

**बढनी सिद्धार्थनगर।** जी हाँ चौंकिए मत! नगर पंचायत बढ़नी में ढेबरूआ रोड पर धर्मकांटा के पास स्थित डीएसके मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के डॉ एसएन सोनकर ने गुप्तांगों में गंभीर रोग से पीड़ित एक गरीब वृद्ध व्यक्ति का सफल आपरेशन किया और पेशाब हेतु नई जगह नया रास्ता बनाकर नया जीवन प्रदान किया है चिकित्सक के उक्त चिकित्सीय कार्य की चहुंओर प्रशंसा की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस हटवा विशुनपुर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर निवासी श्याम बरन उम्र (80) वर्ष गुप्तांगों में गंभीर रोग से पीड़ित डीएसके मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल पर पहुँचा और उसने डॉ एसएन सोनकर से मुलाकात की और रोग की जांच करायी। बताते हैं कि मरीज के गुप्तांगों की स्किन में कीड़े पड़ चुके थे जिससे उसका आपरेशन किया जाना अत्यंत दुष्कर कार्य था। रोग से पीड़ित उक्त मरीज की दशा अत्यंत दयनीय होने के साथ ही उसके रोग की कंडीशन बहुत ही खराब थी क्योंकि गुप्तांगों के स्किन में कीड़े पड़ चुके थे। डॉ सोनकर ने बताया कि दो दिन मरीज के गुप्तांगों के स्किन से कीड़े निकालने के बाद मरीज के गुप्तांगों का आपरेशन कर उसे शरीर से अलग कर दिया गया और शरीर से उत्सर्जी पदार्थ त्यागने हेतु नई जगह इम्प्लांट कर मरीज को नया जीवन प्रदान किया है। डॉ सोनकर ने इससे पहले भी आंत में कैंसर रोग से पीड़ित मरीज का आपरेशन कर ऐतिहासिक व सराहनीय कार्य किया है।

# ड्यूटी प्वाईट से लापता हुए पुलिसकर्मी तो की जायेगी कठोर कार्यवाही

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** कुछ पुलिसकर्मी अपनी आदत सुधार दें अन्यथा होगी कार्रवाई पुलिस कर्मी क्षेत्र में भ्रमण जरूर करेंगे अन्यथा होगी कार्रवाई कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी पुलिस अंबेडकर नगर अभिजीत आर शंकर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव सीओ टाडा शुभम कुमार के निर्देश पर रविवार को कोतवाली टांडा परिसर में देर शाम रात्रि गणना में कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी ने टांडा कोतवाली में पुलिस कर्मियों की गणना के दौरान जमकर फटकार क्लास लगाई कहा किसी भी हाल में ड्यूटी पॉइंट के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी काफी नाराज दिखे।

कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी वहीं कुछ पुलिसकर्मी बैंक ड्यूटी के दौरान लापता हो जाते हैं कृपया ऐसा ना करें अन्यथा मेरे द्वारा कार्रवाई की जाएगी कुछ पुलिसकर्मी कान में वायर लगाकर बैंक ड्यूटी करते हैं और क्षेत्र में बाइक चलाते हैं कृपया ऐसा ना करें वरना मेरे द्वारा कार्रवाई की जाएगी कुछ पुलिस कर्मियों की खास का शिकायत मिली है कि बार-बार उनको समझाया जाता है फिर भी अपनी आदत से नहीं मान रहे हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

वही कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी ने खासकर पुलिस कर्मी को निर्देश दिया की सभी पुलिसकर्मी बीट प्रभारी बीट आरक्षी उप निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में समय से भ्रमण करेंगे संदिग्धों को रोककर पूछताछ करेंगे जैसे स्कूल कॉलेज ढाबा बैंक में चेकिंग जरूर करेंगे आसपास संदिग्ध व्यक्तियों मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को रोककर कर जरूर पूछताछ करेंगे कहां भी किसी हाल में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी हयातगंज रणजीत सिंह चौकी प्रभारी मुबारकपुर राहुल पांडेय चौकी प्रभारी सकरवाल रामप्रकाश सिंह चौकी प्रभारी दिनेश मौर्य उपनिरीक्षक महिला रीना यादव महिला कांस्टेबल सिपाही दीवान मौजूद रहे।

## थानाध्यक्ष की निजी कार खेत में पलटी घायल

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में थानाध्यक्ष सम्मनपुर की निजी कार डिवाइडर से टकराने के बाद खेत में पलट गई हादसे में वह मामूली रूप से घायल हो गए।

थानाध्यक्ष सम्मनपुर दिनेश कुमार सिंह छुट्टी में घर गए थे। छुट्टी समाप्त होने के बाद वह अपने निजी कार से रविवार को थाना सम्मनपुर आ रहे थे। गौहन्ना बाईपास के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में थाना अध्यक्ष की निजी कार डिवाइडर से टकरा गई इससे कार के आगे का एक पहिया अचानक फट गया। और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई। हादसे में थाना अध्यक्ष को सिर व शरीर के अन्य हिस्से पर कई जगह चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से कार से थाना अध्यक्ष को बाहर निकाल कर निजी अस्पताल में उपचार कराया गया उसके बाद वह अपने गंतव्य को रवाना हो गए। गनीमत रही की बड़ा हादसा टल गया।

## डीजी जेल ने एसपी के साथ किया जिला कारागार का निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश



**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** डीजी जेल द्वारा सोमवार को पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त रूप से जिला कारागार सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान भोजनालय, बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला कारागार में आने वाले प्रत्येक नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें व निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखें।

## नाबालिग लड़की व लड़के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली लोटन क्षेत्र की एक महिला ने 5अक्टूबर को अपने ही गांव के एक लड़के पर अपने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर भागा ले जाने की शिकायत लोटन थाने पर किया था। जिसकी तलाश लोटन पुलिस कर रही थी लेकिन पता नही चल रहा था। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि सोमवार को मुखबिर द्वारा सुचना मिली की संजय कुमार पुत्र शिवचरन ग्राम फुलवरिया निवासी लड़के की आप तलाश कर रहे थे वह लड़का एक लड़की के साथ कठौवा पुल के पास खड़ा है जो कही जाने के फिराक मे है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज द्वारा एस आई गोपाल यादव, हेड कांस्टेबल संजय गुप्ता, महिला कांस्टेबल पूजा वर्मा को भेजा गया और पहचान कर दोनों लोगो को पकड़ लिया गया है और न्यायलय भेज दिया गया।

## आनलाइन उपस्थिति व गैर विभागीय कार्यो के विरोध में काली पट्टी बांध कर सचिवों ने किया प्रदर्शन




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक मुख्यालय पर कार्यालय के सामने सचिवों ने अपने मांगों को लेकर सोमवार को काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया। पंचायती राज सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष विवेक कुशवाहा के अगुवाई में आयोजित प्रदर्शन में सचिवों ने फेशियल रिकग्निशन सिस्टम, आनलाइन उपस्थिति, व गैर विभागीय कार्यों का विरोध कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के आह्वान पर एक दिसंबर से चार दिसंबर तक सभी सचिव काली पट्टी बांध कर शासकीय कार्यों को करते हुए प्रतीकात्मक विरोध करेंगे। ब्लाक अध्यक्ष विवेक कुशवाहा ने बताया कि पांच से नौ दिसंबर तक ब्लाक मुख्यालय पर धरने पर बैठने व सरकारी वाट्सएप समूहों से बाहर होने, तथा दस दिसंबर से निजी वाहनों का उपयोग बंद करते हुए फील्ड का कार्य बंद करने की बात कही है। इतना ही 15 दिसंबर से सभी सचिव सामुहिक रूप से अपने डोंगल को भी ब्लाक कार्यालय में जमा करने की चेतावनी देते हुए तकनीकी कार्यों को भी प्रभावित करने की बात कही है।

## स्वदेश रत्न सम्मान के लिए अंतरराष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया का चयन

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** सागर कला भवन, स्वदेश संस्थान (एसबी सागर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ आर्ट) अयोध्या के तत्वावधान में आयोजित रविन्द्र नाथ टैगोर स्वदेश रत्न सम्मान 2025 के लिए इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया का चयन किया गया है। संस्था द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जनपद गोण्डा अंतर्गत विकास खण्ड परसपुर निवासी जादू की दुनिया के बेताज बादशाह जादूगर मिस्टर इंडिया को उनकी विशिष्ट कला, जनसेवा तथा सांस्कृतिक योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सागर कला भवन आयोजन समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम 'स्वदेश रत्न सम्मान' का उद्देश्य भारत भर में कार्यरत प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर सम्मानित करना है। उन्होंने कहा कि यह एक पंजीकृत संस्थान है और इसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत में विस्तारित है। संस्थान ने ख्याति प्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया के चयन पर उन्हें बधाई दी है और आशा व्यक्त की है कि उनका कार्य भविष्य में भी समाज को नई दिशा प्रदान करेगा।

# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज में गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, अंबेडकरनगर में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के संयुक्त सहयोग से यूएचटीसी, आरएचटीसी एवं कॉलेज परिसर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, भ्रांतियों का निवारण करना तथा रोकथाम संबंधी वैज्ञानिक जानकारी आमजन तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम का शुभआरंभ जागरूकता रैली के साथ हुआ, जिसमें विभिन्न संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें एमबीबीएस, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कालेज के छात्रों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज करायी। प्रस्तुतियों के माध्यम से एड्स के संक्रमण के जोखिम, प्रसार के कारण, रोकथाम, उपाय तथा सुरक्षित व्यवहार संबंधी संदेश प्रभावी रूप से समाज तक पहुंचाये गये।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 डा0 मुकेश यादव रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में एड्स से लड़ने में जागरूकता को सबसे प्रमुख हथियार बताया तथा युवाओं को जिम्मेदारी पूर्वक समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ0 उमेश कुमार वर्मा एवं ट्रॉसफ्यूजन मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डा0 मनोज कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ।

## यातायात माह नवंबर-2025 के समापन समारोह का किया गया आयोजन

**सिद्धार्थनगर।** यातायात माह नवम्बर-2025 के समापन पर सोमवार को पुलिस लाइन्स में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा यातायात माह नवम्बर में रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित यातायात से सम्बन्धित कार्यक्रमों (लेखन/पेन्टिग आदि) में प्रतिभाग लिए स्कूली-बच्चो को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा यातायात माह को सकुशल सम्पन्न कराने एवं चालकों को उनके कर्तव्यों का ध्यान दिलाने व यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में एएसपी प्रशान्त कुमार प्रसाद व क्षेत्राधिकारी यातायात आदि मौजूद रहे। यातायात माह समापन के दौरान हुई कला प्रतियोगिता में कक्षा-8 से 12 तक भाग लेने वाली छात्र/छात्राओ में में अजीत कुमार ने प्रथम, सामूहिक रुप से द्वितीय, आदर्श गुप्ता, नेहा प्रजापति व संसीता प्रजापति ने सामूहिक रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने 92 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** गोण्डा में विधानसभा निर्वाचन से संबंधित प्रमुख कार्यों के अंतर्गत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण SIR (Special Intensive Revision) फार्म के 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 92 बीएलओ को आज जिला पंचायत सभागार में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मान जताया। यह सम्मान उन सभी बीएलओ के उत्कृष्ट कार्य, समयबद्धता तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उनके सहयोग और समर्पण को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस सम्मान समारोह में जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण फॉर्म का पूर्ण डिजिटाइजेशन निर्वाचन कार्यों को सुदृढ़, पारदर्शी एवं सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े सभी कार्यों में सटीकता, समयबद्धता और तकनीक के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता होती है। समय से पूर्व 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करना न केवल विभागीय टीमवर्क का उदाहरण है, बल्कि यह प्रशासन की कार्यकुशलता को भी दर्शाता है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी 92 बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि के लिए प्रत्येक बीएलओ की मेहनत, जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी प्रशंसनीय है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में भी अधिकारी एवं कर्मचारी इसी लगन के साथ निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बीएलओ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में कार्य करने वाले कर्मचारी ही सफलता की मुख्य कड़ी होते हैं। समय पर कार्य पूर्ण कर बीएलओ ने जिले को प्रदेश स्तर पर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर किया है।

## शीतकालीन सत्र में बढ़ेगा सियासी तापमान

संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरु हो रहा है, जो 19 दिसंबर तक चलेगा। सत्र शुरु होने से पहले रविवार को परंपरानुसार सर्वदलीय बैठक हुई, जिसके बाद सरकार की तरफ से दावा किया गया कि सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए विपक्ष के साथ तालमेल बिठाया जाएगा। वहीं विपक्ष से उम्मीद जताई गई कि वह अपने सवालों को अध्यक्ष के जरिए सदन में उठाए और लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए संसद की मर्यादा बनाए रखे। सत्र को अकारण बाधित न करे। जिन लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादा की उम्मीद सरकार विपक्ष से कर रही है, असल में वही अब भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनने वाले हैं। क्योंकि विपक्ष ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि लोकतंत्र में मतदान के अधिकार को बचाने के लिए एसआईआर के खिलाफ बड़ी लड़ाई छेड़ी जाएगी और संसद में इस मुद्दे को पूरे दमखम के साथ उठाया जाएगा।

वहीं लालकिले के पास आतंकी हमला, दिल्ली का प्रदूषण, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में तैयारी की कमी, आर्थिक सुरक्षा और कमजोर पड़ती विदेश नीति जैसे अहम मुद्दों पर भी विपक्ष सरकार से जवाब मांगेगा। लोकसभा में उपनेता प्रतिपक्ष गौरव गोगोई ने इस तरफ भी ध्यान दिलाया कि यह शायद अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र होगा, जिसमें केवल 15 कामकाजी दिन ही होंगे। श्री गोगोई ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार खुद संसद को डिरेल करना चाहती है। वहीं राजद सांसद मनोज झा ने एक गंभीर बात कही है कि सरकार की तरफ ज़्यादातर राजनीतिक चर्चाएं आभासी होती हैं, जबकि जनता के बुनियादी मुद्दों को नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि सरकार चुनावों से आगे भी सोचेगी। भारत की जीडीपी वृद्धि से लेकर एसआईआर विषय तक, इन पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए; वरना संसद सिर्फ एक संग्रहालय जैसी संरचना बनकर रह जाएगी। दरअसल पिछले सत्रों को देखें तो मनोज झा की बात ही सच भी दिखती है कि सरकार की दिलचस्पी संसद चलाने से अधिक समय बिताने की है। अगर सत्र चलेंगे तो विपक्षी सांसद सवाल पूछेंगे, जिनके जवाब ऑन रिकॉर्ड देना सरकार की मजबूरी हो जाएगी। इसलिए सत्र सरकार की तरफ से ही कई बार बाधित किया जाता है। पिछले मानसून सत्र में यही हुआ। एसआईआर पर सरकार ने चर्चा नहीं होने दी और विपक्ष इसकी मांग करता रह गया। नतीजा यह हुआ कि 120 घंटों की जगह केवल 35 घंटे काम हुआ। इस बार भी ऐसा ही होने की आशंका बलवती है। क्योंकि बिहार चुनाव में धांधली के आरोप अब भी बरकरार हैं और इसके बाद प.बंगाल, उत्तरप्रदेश समेत 12 राज्यों में जो एसआईआर चल रही है, उसमें बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की मौतें गंभीर मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस की शुक्रवार को ही चुनाव आयोग के साथ दो घंटे बैठक हुई, जिसमें टीएमसी सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के मुंह पर ही कह दिया कि चुनाव आयोग के हाथों में खून लगा है। हालांकि आश्चर्य की बात ये है कि ज्ञानेश गुप्ता ने इस बात से अनभिज्ञता जाहिर की कि कई बीएलओ एसआईआर के दबाव में अकाल मौत का शिकार हो चुके हैं।

## पूजा, इबादत प्रार्थना सेवा और आध्यात्मिकताः राजनीतिक़ घुसपैठ से ऊपर उठाने की वैश्विक अनिवार्यता

वैश्विक स्तरपर आधुनिक विश्व का सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि जहां विज्ञान, तकनीक और भौतिक प्रगति मानव जीवन को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले गई है,वहीं मनुष्य का आंतरिकसंसार अस्थिरता, अनिश्चितता और विभाजन की गिरफ्त में है।ऐसे समय में पूजा,इबादत प्रार्थना सेवा और आध्यात्मिकता मनुष्य के मन में संतुलन,करुणा और शांति का आधार बनने चाहिए थे, पर विडंबना यह है कि आज इन्हीं आध्यात्मिक क्षेत्रों में राजनीति का हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है।आध्यात्मिकता का राजनीतिकरण वैश्विक स्तरपर एक गहरी चिंता का विषय बन चुका है क्योंकि इससे न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्रभावित होती है, बल्कि सामाजिक एकता, धार्मिक सद्भाव और लोकतांत्रिक व्यवस्था भी कमजोर पड़ती है। इसलिए यह आवश्यक है कि पूजा-इबादत प्रार्थना सेवा को मनोरंजन, प्रचार-प्रसार, या राजनीतिक लाभ के साधन के रूप में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति को रोका जाए और अध्यात्म की पवित्रता को पुनर्स्थापित किया जाए।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि विश्व की लगभग सभी धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराएँ,हिंदू, बौद्ध, ईसाई, इस्लाम, यहूदी, ताओ, शिंतो-पूजा को एक आंतरिक प्रक्रिया मानती हैं। हिंदू दर्शन में पूजा मन,बुद्धि,चित्त की शुद्धि का साधन है, केवल क्रियाकलाप का नहीं। बौद्ध परंपरा में पूजा नहीं, बल्कि स्मृति और ध्यान केंद्र में है, जिसका उद्देश्य मन की अशुद्धियों को शांत करना है।इस्लाम में नमाज़ मनोरंजन नहीं, बल्कि विनम्रता का प्रशिक्षण है। ईसाई प्रेयर को आत्मिक संवाद कहते हैं, जहाँ बाहरी आडंबर से अधिक भीतरी पवित्रता को महत्व दिया जाता है।यानें पूरी दुनियाँ इस बात को मानती है कि पूजा कोई कार्यक्रम याफेस्टिविटी नहीं,बल्कि एक अंतर्यात्रा है,स्वयं को जानने की, स्वयं को सुधारने की,और स्वयं को ईश्वर या ब्रह्मांडीय चेतना से जोड़ने की। मानव सभ्यता के विकास में पूजा,ध्यान,प्रार्थना और आध्यात्मिक साधनाएँ केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं रहीं,बल्कि मनुष्य के आंतरिक संतुलन,मानसिक अनुशासन और सामाजिक नैतिकता के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में विकसित हुई हैं। किंतु आज के डिजिटल युग,तीव्र बाज़ारीकरण, उपभोक्तावाद और मनोरंजन-प्रधान संस्कृति में पूजा के वास्तविक स्वरूप के समक्ष सबसे बड़ा संकट यही है कि इसे अनायास ही मनोरंजन, उत्सव, प्रदर्शनी या दिखावे के रूप में देखा जाने लगा है।पूजा इबादत प्रार्थना सेवा मनोरंजन नहीं है यह पंक्ति केवल धार्मिक चेतना को पुनर्स्थापित करने का आह्वान नहीं, बल्कि 21वीं सदी की मानव सभ्यता के लिए एक नैतिक मार्गदर्शन भी है कि आध्यात्मिकता और बाज़ार, श्रद्धा और मनोरंजन, साधना और प्रदर्शन के बीच सीमाओं को समझे बिना समाज का मानसिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक शुचिता और आध्यात्मिक अनुशासन लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रह सकता।

साथियों बात अगर हम पूजा या इबादत प्रार्थना सेवा मनोरंजन नहीं हैप्पवित्रता की मूल आत्मा है इसको समझने की करें तो, पूजा और इबादत प्रार्थना सेवा किसी भी धर्म या संस्कृति में आनंद या मनोरंजन का माध्यम नहीं रहे हैं। प्राचीन सभ्यताओं से लेकर आधुनिक धार्मिक परंपराओं तक, पूजा का उद्देश्य मनुष्य को उसके अहंकार, उसकी इच्छाओं और उसकी भ्रमित अवस्थाओं से ऊपर उठाना रहा है।पूजा में एकांत, अनुशासन और मन की शुद्धता का भाव शामिल होता है, जबकि मनोरंजन का मूल स्वभाव हल्कापन क्षणिकता और बाहरी उत्तेजना पर आधारित होता है। आज जब कई स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठानों को संगीत-उत्सवों, भीड़-इकट्ठा करने वाले कार्यक्रमों या दिखावे की प्रतियोगिताओं में बदलते देखा जाता है, तब पूजा अपनी मूल सार्थकता खोने लगती है।पूजा का उद्देश्य आत्म-निरीक्षण औरआध्यात्मिक उन्नयन है, न कि भीड़ जुटाकर लोकप्रियता कमाना।पूजा या इबादत प्रार्थना सेवा को मनोरंजन के स्तर पर उतार देने से समाज में दो गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। प्रथम, धार्मिक भावना का बाजारीकरण बढ़ता है, जिसके कारण समारोह सजावट आयोजनों की भव्यता और तकनीकी प्रदर्शन पर केन्द्रित हो जाते हैं।दूसरा, इससे धर्म का उपयोग सामुदायिक पहचान दिखाने के साधन में बदल जाता है, जिससे बंटवारा और प्रतिस्पर्धा उत्पन्न होती है। पूजा यदि मन की शांति का स्रोत रहे तो समाज शांत होता है, पर यदि इसे भीड़-संचालित मनोरंजन के रूप में रूपांतरित कर दिया जाए तो इससे तनाव और विभाजन बढ़ते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**


**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# संसद को बाधित करना राष्ट्र को बाधित करना है



भारत की संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से आरंभ हो रहा है और इसके प्रारंभ होने से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने आने वाले दिनों में संसद की कार्रवाई के हंगामेदार होने का संकेत देने में देर नहीं लगाई। विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया है कि वह एस.आई.आर. सहित कई मुद्दों पर जोरदार ढंग से सदन में अपनी आवाज उठाएगा। विपक्ष संसद में सवाल उठाए, आवाज उठाए, यह उसका संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है, लेकिन मुद्दा यह है कि क्या यह अधिकार सार्थक बहस के रूप में सामने आएगा या एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़कर भारत के लोकतंत्र को शर्मसार करेगा। मॉनसून सेशन अगर ऑपरेशन सिंदूर के नाम था, तो इस बार बहस के केंद्र में एस.आई.आर. है। लेकिन, सरकार और विपक्ष-दोनों से ही सदन के भीतर ज्यादा समझदारी, संयम, शालीनता और सहयोग की अपेक्षा है, ताकि सत्र में अधिक काम हो सके। शीतकालीन क19 दिसंबर तक चलना है। इसमें कुल 15 दिन कार्यवाही चलेगी और इस दौरान शिक्षा, सड़क और कॉरपोरेट लॉ संबंधी कई अहम बिल पेश किए जाएंगे। इसी सत्र में हेल्थ सिक्यॉरिटी एंड नैशनल सिक्यॉरिटी सेस बिल, 2025 भी रखा जा सकता है, जिसका मकसद देश के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा तैयारियों के लिए एक नया उपकर लगाना है। सारे ही बिल-प्रस्ताव महत्वपूर्ण हैं और इन पर सार्थक बहस की जरूरत है।



ललित गर्ग

निश्चित दौर पर पिछले अनेक वर्षो से संसद की कार्रवाई हंगामे, शोर-शराबे, नारेबाजी की भेंट चढ़ती रही है। पिछला सत्र इस संदर्भ में बेहद निराशाजनक रहा। वेल में आकर नारेबाजी, कुर्सियां ठोकने, प्लेकार्ड दिखाने और लगातार स्थगन जैसे दृश्य दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण तस्वीर पेश करते रहे। वह सत्र देश के संसदीय इतिहास के सबसे कमजोर प्रदर्शन वाले सत्रों में गिना गया, जब लोकसभा की प्रॉडक्टिविटी महज 31 प्रतिशत के आसपास और राज्यसभा की लगभग 39 प्रतिशत रही। हंगामे और शोर-शराबे की वजह से दोनों सदनों में कई महत्वपूर्ण घंटे बर्बाद हो गए थे। सवाल यह है कि आखिर यह परंपरा कब बदलेगी? कब हमारे जनप्रतिनिधि समझेंगे कि संसद का एक-एक मिनट देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई से चलता है? एक मिनट का व्यर्थ खर्च लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचाता है। संसद केवल बहस का मंच नहीं बल्कि देश की नीतियों, कानूनों और विकास-दिशा को तय करने वाला सर्वोच्च स्थल है। लोकतंत्र की सफलता का मूलमंत्र जनता द्वारा चुनकर भेजे गए प्रतिनिधियों की सजगता, जवाबदेही और गरिमा है। इसलिए संसद का हर क्षण अर्थपूर्ण, कार्यकारी होना चाहिए, हर चर्चा राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने वाली होनी चाहिए और हर बहस शालीनता तथा परिपक्वता की कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए।

सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिये सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक आयोजित करना एक स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण परम्परा एवं एक आशा की किरण है। इस बार भी सत्र शुरू होने से पहले 36 दलों का एक साथ बैठक करना एक अच्छी शुरुआत है। यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं बल्कि संवाद और सहयोग की दिशा में एक सार्थक पहल है। देश यह उम्मीद कर सकता है कि यदि सदन का संचालन भी इसी सकारात्मक भावभूमि पर हुआ तो यह सत्र एक आदर्श परंपरा स्थापित कर सकता है। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, परंतु मनभेद अनिवार्य नहीं। संसद उन मनभेदों को संवाद में बदलने का पवित्र स्थान है। निश्चित ही विपक्ष की भी अपनी मांगें हैं, जिसे सर्वदलीय बैठक में रखा गया। विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, एसआईआर, वायु प्रदूषण और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा चाहता है। अच्छी बात है कि विपक्षी दलों ने इस बारे में पहले ही अवगत करा दिया है और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के ही मुताबिक, किसी ने भी यह नहीं कहा कि संसद नहीं चलने दी जाएगी। सरकार और विपक्ष, दोनों का इस पर सहमत होना कि सदन चलना चाहिए, स्वागत योग्य है। इस सत्र से सरकार 14 महत्त्वपूर्ण विधेयक पेश करने जा रही है। इन विधेयकों को पारित करवाना मात्र सरकार की जिम्मेदारी नहीं है; यह विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी भूमिका है कि वह रचनात्मक सुझाव दे, आवश्यक संशोधन का आग्रह करे और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए संवाद के माध्यम से कानूनों को दिशा दे। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों दो पहिये हैं, एक पहिया चिटक जाए तो रथ आगे नहीं बढ़ता। आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद में एक नई लकीर खींची जाए-शालीनता की, संवैधानिक मर्यादाओं की, तर्कसंगत बहस की और राष्ट्रीय हित की। दुनिया भर के लोकतंत्रों में बहसें गरम होती हैं, लेकिन गरिमा नहीं टूटती। भारत में भी यह संस्कृति विकसित होनी चाहिए। विपक्ष का काम सरकार को कठघरे में खड़ा करना है, लेकिन वह हंगामे से नहीं बल्कि तथ्यपूर्ण तर्कों से हो। सवाल उठाने का अधिकार तभी सार्थक है जब उसके साथ उत्तर सुनने की तैयारी भी हो। पिछले कुछ सत्रों में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि विपक्ष प्रश्न पूछता है लेकिन उत्तर सुनने का अवसर ही नहीं देता। यह लोकतंत्र की आत्मा का हनन है। संसद सिर्फ आवाज बुलंद करने का मंच नहीं, वह सुनने, समझने और समाधान खोजने का माध्यम है। दुर्भाग्य से, पिछले कुछ वर्षों में यह मंच पक्ष और विपक्ष की राजनीतिक लड़ाइयों का अखाड़ा बनता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकार को भी विपक्ष के सवालों का सम्मानपूर्वक जवाब देना चाहिए, लेकिन विपक्ष को भी यह समझना होगा कि राजनीति निरंतर संघर्ष का नाम नहीं बल्कि संवाद की प्रक्रिया है। देश की जनता बेहद उम्मीदों के साथ इस सत्र को देख रही है। महंगाई, रोजगार, सुरक्षा, विदेश नीति, सामाजिक सौहार्द, अर्थव्यवस्था, कृषि, शिक्षा और न्याय-ये सभी गंभीर मुद्दे हैं। जनता चाहती है कि उसके चुने हुए प्रतिनिधि इन मुद्दों पर ठोस बहस करें। यदि संसद हंगामों का अखाड़ा बन जाए, तो इन मुद्दों का समाधान कैसे निकलेगा? लोकतंत्र का वास्तविक मूल्य कानून में नहीं बल्कि उसके निर्बाध संचालन में है; यदि संचालन त्रुटिपूर्ण हो जाए, तो कानून भी अर्थहीन हो जाता है। संसद की गरिमा देश की गरिमा है। सांसद केवल राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा के वाहक हैं। उनकी भाषा, उनका आचरण और उनकी बहसें भविष्य की राजनीति का मार्ग तय करती हैं। यह चिंता का विषय है कि आज युवा पीढ़ी संसद के व्यवहार को लोकतंत्र का आदर्श नहीं, बल्कि अव्यवस्था का प्रतीक मानने लगी है।सदन की मर्यादा केवल स्पीकर या सभापति पर निर्भर नहीं, बल्कि सभी सांसदों के संयम एवं शालीनता पर निर्भर है। सभापति का सम्मान करना, नियमों का पालन करना, विषय पर रहने वाली बहस करना और असहमति में भी सभ्यता-शालीनता बनाए रखना-ये संसदीय चरित्र के मूल तत्व हैं। इनका पालन ही संसद की शुचिता को बनाए रख सकता है। यदि सरकार बहुमत के अहंकार में विपक्ष की उपेक्षा करती है तो यह गलत है; लेकिन यदि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका छोड़कर केवल अवरोध बन जाए तो यह भी लोकतंत्र के साथ अन्याय है। संसद तभी सफल होगी जब दोनों तरफ का आचरण सकारात्मक हो।

# हवा में कैद सांसें, प्रदूषण महामारी से ज्यादा हानिकारक

पर्यावरण प्रदूषण का चौतरफा प्रहार आज मानव सभ्यता के अस्तित्व को चुनौती दे रहा है। प्रकृति के सुगठित संतुलन में जब अपशिष्ट तत्व अनियंत्रित रूप से मिलते हैं, तब वातावरण प्रदूषित होकर जीवन के लिए विष बन जाता है। प्रदूषण के कई आयाम हैं वायु, जल, भूमि, ध्वनि किन्तु वायु प्रदूषण इन सभी में सर्वाधिक घातक और संहारक सिद्ध हुआ है। यह मानव जीवन की सबसे मूलभूत आवश्यकता ÷साँस÷ को ही संकटग्रस्त कर रहा है। आकाश में तैरते सूक्ष्म प्रदूषण-कण, उद्योगों से निकलती जहरीली गैसें, वाहनों की धुएँ की लकीरें और मशीनों की निरंतर तपन इन सबने मिलकर हवा को एक अदृश्य हथियार बना दिया है, जो हर क्षण हमारे फेफड़ों को चीरने का काम कर रहा है। अब स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि स्वच्छ हवा में सांस लेना भी एक दुर्लभ सौभाग्य लगने लगा है।वायु प्रदूषण केवल आँकड़ों का विषय नहीं, बल्कि अस्तित्व का संकट है। विश्व-स्तर पर हुए वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि भारत में प्रदूषित वायु के कारण जीवन प्रत्याशा सामान्यतः 10 से 15 वर्ष तक घट सकती है। हमारा देश विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित देशों में गिना जा रहा है, जहाँ लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या विषाक्त वायु की गिरफ्त में है। महानगर तो जैसे धुएँ की क़ैद बन चुके हैं–दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर और अनेक औद्योगिक नगर प्रदूषण के शिखर पर हैं, जहाँ बचपन, बुढ़ापा और रोगग्रस्त शरीर मृत्यु के सबसे बड़े जोखिम पर खड़े हैं। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियाँ रोज़गार, शिक्षा और सामान्य पारिवारिक जीवन की गति को बाधित कर रही हैं। स्मॉग की मोटी चादर अब सुबह की ओस या शाम की धूप से अधिक दिखाई देने लगी है। सूर्य भी धुएँ की कोहरे में अपनी किरणों को खो बैठा है। कोविड-19 महामारी के दौरान स्थिति और भी भयावह रूप में सामने आई। फेफड़ों की शक्ति कमज़ोर कर चुकी प्रदूषित हवा ने वायरस के प्रहार को और घातक बना दिया। जिन लोगों के फेफड़े प्रदूषण से पहले ही क्षतिग्रस्त थे, वे महामारी की चपेट में अधिक संख्या में जाने लगे। यह तथ्य एक भयानक चेतावनी की तरह है–भविष्य में किसी भी महामारी का सबसे बड़ा सहयोगी प्रदूषित हवा बन सकती है।



संजीव ठाकुर

### भविष्य में होगा ऑक्सीजन का अभाव



विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत की हवा में प्रदूषक सूक्ष्म कणों (PM 2.5) की उपस्थिति स्वस्थ मानक से लगभग सात गुना अधिक पाई गई है। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए अलार्म बेल है क्योंकि यह प्रदूषण समान रूप से सबको अपने वश में लेता है; चाहे अमीर हो या गरीब, शहरी हो या ग्रामीण, वृद्ध हो या नवजात। विषैली हवा सीमाओं और वर्गों के बीच कोई भेदभाव नहीं करती वह सीधा फेफड़ों पर हमला करती है। प्रदूषण का विस्तार केवल वैज्ञानिक तथ्य नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक त्रासदी है, क्योंकि मनुष्य का प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहना चिरकालीन सत्य है। प्रकृति हमारी माता है, और हमने उसके असीम संसाधनों का उपयोग करते समय उसकी मर्यादा को भुला दिया है। जंगल कटे, नदियाँ दम तोड़ने लगीं, नदियों की शुद्धाँश रेत बन कर बिकने लगी और हवा में जीवन की सुगंध स्थानांतरित होकर धुएँ की कड़वाहट में बदल गई। आज आकाश में तारे नहीं, धूल-कण चमकते हैं; हवा में फूलों की महक नहीं, रसायनों की चुभन है। यह सिर्फ पर्यावरण का दुरुपयोग नहीं, बल्कि मानव संवेदनाओं की हत्या है।औद्योगिक विस्तार, वाहनों की अनियंत्रित वृद्धि, कोयला, पेट्रोल-डीज़ल का अत्यधिक दहन, एयर-कंडिशनिंग, शहरी निर्माणों की असीम दौड़, खेतों में पराली का जलना, उर्वरकों-कीटनाशकों का भयानक प्रयोगये सभी कारण मिलकर प्रदूषण की विस्फोटक स्थिति को जन्म दे रहे हैं। समाधान के नाम पर कानून हैं, पर क्रियान्वयन अधूरा। योजनाएँ हैं, पर ज़मीन पर प्रतिबद्धता नहीं। विकास की अंधी दौड़ में हम यह भूल गए कि बिना स्वच्छ हवा के कोई भविष्य संभव नहीं।

आज सबसे बड़ी आवश्यकता है वृक्षारोपण का राष्ट्रीय आंदोलन। जितने उद्योग हम खड़े करते हैं, उससे अनेक गुना अधिक संख्या में वृक्ष लगाना ही हमारा कर्तव्य होना चाहिए। जंगलों और हरियाली का संरक्षण देश की जीवनरेखा है। पेड़ केवल हरियाली नहीं, जीवन का कलेवर हैं–वे हवा को शुद्ध करते हैं, धरती के ताप को नियंत्रित रखते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित करते हैं और जीवन में ऑक्सीजन का आशीर्वाद देते हैं। यदि हम वृक्षों को खो देंगे, तो तकनीक की कोई भी उन्नति हमें जीवन नहीं दे सकती। साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण के लिए उद्योगों और वाहनों पर कठोर नियम लागू करने, वैकल्पिक ऊर्जा (सौर, पवन, जल) को व्यापक स्तर पर अपनाने, सार्वजनिक परिवहन को सशक्त बनाने, और दहन के सभी अनियंत्रित स्रोतों पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है।

वायु प्रदूषण का सबसे घातक प्रभाव नौनिहालों और बुजुर्गों पर पड़ता है। बच्चे जब दुनिया में आते हैं, तो उनके पहले उपहार के रूप में प्रदूषित हवा फेफड़ों को कमजोर कर देती है, और बुजुर्ग जीवन की अंतिम साँसें भी कठिनाई से लेते हैं। यह विडम्बना है कि जीवन की शुरुआत और अंत दोनों प्रदूषण की पीड़ा से घिरे हैं।

अब वह समय आ चुका है जब हमें वायु प्रदूषण के विरुद्ध युद्ध स्तर पर लड़ाई लड़नी होगी। यदि हम अभी नहीं जागे, तो भविष्य का इतिहास हमें क्षमा नहीं करेगा। कोरोना की महामारी ने हमें स्वच्छ हवा के मूल्य को समझाया है–अब आवश्यकता है कि हम इस मूल्य को बचाने की जिद करें। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और इसे सुरक्षित रखना सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

आइए संकल्प लें–प्रकृति के साथ संघर्ष नहीं, संवाद करेंगे। उसे लूटेंगे नहीं, संवारेंगे। विकास का मार्ग चुनेंगे, पर जीवित मानवता की कीमत पर नहीं। स्वच्छ हवा, स्वच्छ विचार और स्वच्छ आत्मा यही एक स्वस्थ राष्ट्र की पहचान बने।

# प्राकृतिक आपदाएँ डर, दुख, और अनिश्चितता

प्रेम शर्मा

प्राकृतिक आपदाएँ डर, दुख, और अनिश्चितता की भावनाएँ पैदा करती हैं। दीर्घकालिक परिणामों में अभिघातज-पश्चात तनाव विकार जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ शामिल हो सकती हैं।सामाजिक अलगावरू आपदाएँ लोगों को उनके पारंपरिक सामाजिक नेटवर्क और समर्थन प्रणालियों से अलग कर सकती हैं, जिससे अलगाव की भावना बढ़ जाती है। जीवन और संपत्ति के नुकसान के अलावा, लोग अपनी आजीविका खो देते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से भी जूझना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है। यहॉ तापमान बढ़ा रहा है, बारिश को अनियमित कर रहा है, जिससे बाढ़ और सूखा आ रहा है। भूजल स्तर गिर रहा है और किसान कर्ज में डूब रहे हैं। पिछले कुछ समय से सर्दी, बारिश, गर्मी का मौसम अपने निर्धारित समय से ईतर आज जा रहा है। कितने दिन गर्मी, कितने दिन, सर्दी और कितने दिन बारिश होगी अब यह कोई निश्चित नही रहा। इसका असर भी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं, लेकिन उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। ऐसे में त्वरित रूपपर्यावरण और रोजगार को साथ जोड़ना होगा। इसका हालियॉ उदाहरण श्रीलंका में दितवाह साइक्लोन ने भारी तबाही मचाई। इसका असर भारत आध्रपदेश और पुडुचेरी और तमिलनाडु में देखा गया। चक्रवाती तुफान सेन्यार और दितवाह ने दक्षिणपूर्व एशिया के कई देशों में हाल के वर्षों की सबसे विनाशकारी बाढ़ ला दी। श्रीलंका, इंडोनेशिया, वियतनाम,थाईलेण्ड और मलेशिया में लाखों लोग आपदा से प्रभावित हो चुके है। 21वीं सदी में मानव सभ्यता के सामने जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन करोड़ों लोगों के जीवन को सीधे प्रभावित कर रहा है। गरीबी अब केवल आय की कमी नहीं रही, इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, ऊर्जा, आवास और जल जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी भी शामिल है।



प्रेम शर्मा

भारत आज जलवायु परिवर्तन के सबसे गंभीर प्रभावों का सामना कर रहा है। बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, बार-बार आने वाली बाढ़ और सूखा अब सामान्य हो चुके हैं। सबसे चौकाने वाला तथ्य यह कि भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, बीते दो दशकों में भारत का औसत तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है। यह मामूली आंकड़ा नहीं, बल्कि जीवन और जीविका, दोनों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।वैसे भी भारत के लगभग 60 प्रतिशत जिले किसी न किसी रूप में जलवायु संवेदनशील क्षेत्र घोषित किए जा चुके हैं। बुंदेलखंड, विदर्भ, मराठवाड़ा, राजस्थान, बिहार और झारखंड जैसे क्षेत्र लगातार सूखे और जल संकट से जूझ रहे हैं। वहीं, उत्तराखंड और हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य अतिवृष्टि और भूस्खलन से प्रभावित हैं। एक तरफ किसान की फसलें सूखे में झुलस जाती हैं, दूसरी ओर असम और बिहार में बाढ़ सब कुछ बहा ले जाती है। दूसरी तरफ देश के 60 प्रतिशत से अधिक जिलों में भूजल स्तर लगातार गिरावट पर है। महाराष्ट्र का विदर्भ, कर्नाटक का उत्तरी भाग, मध्य प्रदेश का बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र, बिहार-झारखंड के पठारी इलाके - सभी जल संकट से जूझ रहे हैं। राजस्थान और हरियाणा के कई हिस्सों में जल स्तर 10 से 20 मीटर तक नीचे चला गया है। जलवायु परिवर्तन के कारण ही पिछले कुछ समय से उत्तराखंड, हिमाचल और उत्तर-पूर्वी राज्यों में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। दूसरी तरफ 16 प्रतिशत अधिक अतिवृष्टि दर्ज की गई, जिससे कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति देखी जा रही है।जलवायु परिवर्तन के चलते नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में करीब 23 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी में जी रहे हैं। इनमें से अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। जो कृषि पर निर्भर है। क्योंकि हर साल फसल नष्ट होने, सिंचाई की कमी और जलवायु अस्थिरता के कारण किसान कर्ज के चक्र में फंस रहे हैं।



विश्व बैंक का मानना है कि यदि जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो 2030 तक भारत की 5 प्रतिशत आबादी और गरीबी रेखा के नीचे जा सकती है। भारत सरकार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नैशनल एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा मिशन और जलवायु-सहनशील कृषि नीतियों जैसी कई पहल की हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य का संदेश देकर वैश्विक सहयोग की दिशा में नेतृत्व भी किया है। लेकिन, इन योजनाओं के साथ दिक्कत ये है कि इन पर बहुत अधिक पैसा खर्च हो रहा है। कई बार यह पैसा केवल संरचनात्मक या औपचारिक खर्चों में चला जाता है। यहॉ गोर तलब है कि वर्तमान में भारत की 60 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। उसे जलवायु बजट का एक बड़ा हिस्सा युवाओं के रोजगार, कौशल विकास और स्थानीय आजीविका संसाधन निर्माण पर केंद्रित करना चाहिए था। पर्यावरण की रक्षा और रोजगार सृजन को एक साथ जोड़ने की जरूरत है - जैसे जल संरक्षण, सोलर ऊर्जा, हरित कृषि, जल-प्रबंधन और वनीकरण के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित करना। इससे जलवायु संकट से मुकाबला आसान होगा होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिलेगी। यही नही स्थानीय स्तर पर जल प्रबंधन, टिकाऊ कृषि, रोजगार सुरक्षा और सामुदायिक जागरूकता को प्राथमिकता दिए बिना जलवायु संकट और गरीबी के दोहरे जाल से निकलना मुश्किल है। समाज में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। हमें सत्त पोषणीय विकास की ऐसी परिकल्पना करनी होगी, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय तीनों का संतुलन बना रहे। सरकार को समझना होगा कि जलवायु योजनाओं पर बढ़ता बजट तभी सार्थक है, जब उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।प्राकृतिक आपदा से जूझते लोग शारीरिक और मानसिक पीड़ा से गुजरते हैं, जिसमें जीवन, घर और आजीविका का नुकसान शामिल है। इस तरह की आपदाएँ अक्सर लोगों को भय, दुख और अनिश्चितता की स्थिति में डाल देती हैं, जिससे सामाजिक अलगाव और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में, तुरंत मदद पाने और दीर्घकालिक मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। शारीरिक नुकसानरू लोग अपनी जान, मवेशी और फसल खो देते हैं।

# चुनावी पारदर्शिता के लिए एसआईआर आवश्यक

अवधनामा संवाददाता



■ उन्नत भारत अभियान नेमवि में एसआईआर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में उन्नत भारत अभियान के तहत एसआईआर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नेमवि प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि जो विद्यार्थी मतदाता है एवं अपने परिवार एवं आस पड़ोस के मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें। जिन मतदाताओं ने अभी तक एसआईआर फॉर्म नहीं भरा है, वह अपने-अपने बूथ के बीएलओ से मिलकर एसआईआर फॉर्म को तत्काल भर दें ताकि मतदाता सूची से वंचित न रह पाए। कोई भी मतदाता जानकारी के अभाव में या लापरवाही के कारण एसआईआर फॉर्म भरने से वंचित न रह पाए। उन्नत भारत अभियान के कोऑर्डिनेटर एवं कार्यक्रम संयोजक डा.संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी घर-घर जाकर आम जनमानस को को फॉर्म भरने के लिए जागरूक करें। मतदाताओं को सही तरीके से फॉर्म भरने के लिए मदद करे। उन्होंने कहा कि एसआईआर से मतदाता सूचियां में पारदर्शिता एवं सटीकता आएगी। जिससे चुनाव में होने वाली धांधली को रोका जा सकेगा और सही मतदाता का मतदाता सूची में समावेश सुनिश्चित होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि एसआईआर फार्म भरवाने में विद्यार्थी उत्साह पूर्वक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे कि लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। भारत अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने एवं निरंतर मूल्यों को विकसित करने में प्रयासरत रहा है। इस दौरान हिमांशु पटेरिया, सुहानी पटेल, आदया सोनी, शिवी मिश्रा, नैंसी विश्वकर्मा, मुस्कान, नैंसी, मोनिका, सोमिल, दिव्यांशी, काजल साहू, बेबी, उमा, सविता, सपना, बबली, प्रिंस, करिश्मा, निकिता, रूबी अहिरवार, काजल कुशवाहा, सजना कुशवाहा, दीपिका, कल्पना, मानसी पटेल, रामकुमार, रोशनी, दर्शिका साहू व आदित्य सोनी, मनीष बुनकर, धर्मेंद्र, सूर्याश राजा, दिनेश, हरपाल, शिवम साहू, दीपक सिंह आदि महाविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# शिब्ली नेशनल पी.जी. कॉलेज में 'चैंप फेलिसिटेशन प्रोग्राम'



अवधनामा संवाददाता

**आज़मगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली बच्चों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से शिब्ली नेशनल पी.जी. कॉलेज में तौहीदुल मुस्लेमीन ट्रस्ट, लखनऊ की ओर से भव्य 'चैंप फेलिसिटेशन प्रोग्राम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जहां लखनऊ और नोएडा से आए विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनाब ऐनुल रज़ा साहब वित्त सलाहकार, भारतीय रेलवे उपस्थित रहे। उनके साथ जनाब नेहाल ज़ैदी (चीफ़ कोऑर्डिनेटर, टीएमटी एवं रिटायर्ड कमिश्नर (ट्रेड टैक्स), जनाब रिज़वान साहब, और नोएडा से पधारे जनाब क़मर हैदर साहब भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. फहमीदा ज़ैदी ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का मोमेंटो देकर स्वागत किया और कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।

मुख्य वक्ता के रूप में जनाब ऐनुल रज़ा साहब ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा– आज मैं जिस मुकाम पर हूँ, उसकी शुरुआत भी आपकी ही तरह एक छात्र की कुर्सी से हुई थी। आप सभी में अनगिनत संभावनाएँ हैं। ऐसे कार्यक्रम हर जिले में होने चाहिए, ताकि बच्चों की स्किल निखरे और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले। उनके संबोधन ने हॉल में मौजूद हर छात्र के दिल में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भर दिया।

# डीआरएम ने कोंच रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये

अवधनामा संवाददाता



■ रेल सुविधाएं बढ़ाए जाने की मांगें उठाईं

**उरई (जालौन)।** झांसी मंडल के डीआरएम अनुरुद्ध कुमार कोंच रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने देश की सबसे छोटी 14 किलोमीटर लंबी ब्रॉड गेज लाइन पर चलने वाली शटल ट्रेन एवं रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। डीआरएम ने स्टेशन पर मौजूद सभी तकनीकी व्यवस्थाओं, निर्माणाधीन कार्यों, रेलवे लाइन, साफ-सफाई और विद्युत उपकरणों की बारीकी से जांच की। साथ ही उन्होंने यात्रियों को मिलने वाली आरक्षण सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिए। डीआरएम के आगमन को देखते हुए स्टेशन पर सभी तैयारियां एक दिन पहले ही पूरी कर ली गई थीं।

रेलवे स्टेशन कोंच का निरीक्षण करने आए मंडल रेल प्रबंधक झांसी अनुरुद्ध कुमार का यहां नगरपालिका अध्यक्ष व सभासदों के साथ व्यापार मंडल के तमाम प्रतिनिधियों ने स्वागत करते हुए रेलवे में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने, रेल सेवा विस्तार किए जाने और रेल सुविधाएं बढ़ाए जाने की मांगें उठाईं। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य सुनील लोहिया, अनिल कपूर, चंदू सोनी, कृष्ण कुमार गुप्ता देवगांव वाले, रामजी गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय लोहिया, सभासद सीमा, सुनीता, माधवेंद्र यादव, नरेश कुशवाहा, अनिल वर्मा, मनोज मोर, रविकांत कुशवाहा, बादाम सिंह कुशवाहा, देवेंद्र सिंह गुर्जर, राजेंद्र वेदी आदि ने अलग-अलग ज्ञापन देकर कहा, कोंच में सवा सौ साल पहले बरतानिया हुकूमत ने रेल लाइन डलवाई थी और पूरी शताब्दी गुजर जाने के बाद भी यह लाइन एक इंच भी नहीं आगे बढ़ सकी है। कोंच से जालौन होकर फफूंद तथा कोंच भिंड लाइन बढ़ाए जाने के संबंध में कई बार सर्वे हो चुका है लेकिन पता नहीं किन कारणों वश इसका विस्तार नहीं हो सका है जिसके चलते कोंच और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों को रेल यातायात का लाभ नहीं मिल पा रहा है। व्यापक जनहित में एट कोंच रेलवे लाइन को आगे बढ़ा कर फफूंद या भिंड से जोड़ा जाए। कोंच एट शटल ट्रेन से रोजाना यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्री सफर करते हैं लेकिन उनको एट जंक्शन पर रुकने वाली यात्री ट्रेनों से इसका मिलान नहीं होने के कारण लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# सामूहिक विवाह सम्मेलनों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित किया जाए



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** युवा एकता मंच बुंदेलखंड के तत्वाधान में यहां तहसील के समीप स्थित अग्रसेन विवाह घर में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें छह जोड़े सात फेरे लेकर विवाह बंधन में बंधे। अतिथियों ने नव युगलों को सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि महेंद्र भदारी ने कहा, फिजूलखर्ची रोकने के लिए जरूरी है कि सामूहिक विवाह सम्मेलनों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित किया जाए। सबसे पहले सभी दूल्हों को घोड़ों पर बिठाकर बारात निकाली गई। तत्पश्चात अग्रसेन विवाह घर में उनकी अगवानी कर द्वारचार की रस्म पूरी की गई। सभी छह जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थाम कर सात फेरे लिए और हमेशा के लिए विवाह बंधन में बंध गए। जो जोड़े परिणय सूत्र में बंधे उनमें आशा कोटरा संग विनोद कोंच, हीरा कोटरा संग आकाश कोंच, नैन्सी, सेता संग प्रदीप सोनू एट, मोनम सलैया (ककरौली) संग पवन नरौल, भारती करई संग गौतम एट शामिल हैं।

# आधा दर्जन से अधिक गांव के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

**ललितपुर।** रवि की फसल बुवाई का काम इन दिनों पूरे चरम पर है। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कराये जाने की मांग को लेकर लगातार किसानों द्वारा आवाज उठायी जा रही है। इस सम्बन्ध में पूराकलां क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य कृष्णा मानसिंह ने एक पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। उन्होंने किसानों को सिंचाई के लिए एलआरसी नहर का पानी हाई-वे पार कराने एवं नियमित रूप से फुल वोल्टेज में विद्युत आपूर्ति कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया कि विकास खण्ड तालबेहट के ग्राम तिंदरा, वनगुवांखुर्द, कड़ेसरा बांसी, कड़ेसराखुर्द, राधापुर, करेंगा, सुनौरी, बुदावनी, चन्द्रापुर, खाँदी आदि के किसानों को एल.आर.सी. नहर का सिंचाई हेतु पानी 15 दिन गुजरने के बाद ककडारी के पास हाईवपार नहीं हुआ है जिससे क्षेत्र के किसानों की फसल सूख रही है।

# डीएम ने किया महिला अस्पताल का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद कर उपचार सुविधाओं के बारे में प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने पूछा कि क्या इलाज के नाम पर किसी प्रकार की अवैध वसूली की गई या बाहर की दवाइयाँ लिखी गई हैं। उन्होंने बताया किसी भी प्रकार का पैसा नहीं दिया गया और ना ही बाहर से दवाइयां लिखी गई है मरीज का उपचार पर कर के अंदर से ही किया गया है। जच्चा-बच्चा वार्ड पहुँचकर जिलाधिकारी ने बीते 24 घंटे में जन्मी 12 बच्चियों के परिजनों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि सभी नवजात कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना से संबंधित फॉर्म तुरंत भरवाकर लाभ समय से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा भी की, जिसमें लगभग 1500 आवेदन लंबित पाए गए। इस पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रपत्रों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए।



## अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोका

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ सहायक अमित कुमार द्विवेदी एवं वाहन चालक ब्रजेश कुमार अनुपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने दोनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब पाई गई। जिलाधिकारी ने पाया कि फाइलों पर धूल, मकड़ी के जाले लगे हुए हैं और कई महत्वपूर्ण पत्रावलियाँ गैलरी में जमीन पर फैली हुई थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### यातायात माह समापन पर सम्मान समारोह



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** उरई पुलिस लाइन उरई में यातायात माह समापन कार्यक्रम प्रभावी रूप से आयोजित किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की सीख प्रमुख रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा रहे। मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में यातायात जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, समाजसेवियों और यातायात पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक और सड़क सुरक्षा पर आधारित आकर्षक मंचन ने उपस्थित जनों को प्रभावित किया।

### धैर्य और धर्म को जानने का माध्यम है गीता

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** विश्वगीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी के तत्वावधान में श्रीजगदीश मंदिर प्रांगण में गीता जयंती का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें गीता महात्म्य पर विशेष व्याख्यान मानस मर्मज्ञ पं.बाबूलाल द्विवेदी ने दिया। उन्होंने कहा कि गीता धैर्य और धर्म दोनों को सिखाती है और



आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। जनमानस को इसका प्रतिदिन स्वाध्याय करना चाहिए, जिससे भारतीय संस्कारों का घरों और समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़े। कार्यक्रम में पं.महेश मिश्रा, भगवत नारायण बाजपेयी, रमेश पाठक, जगदीश मंदिर ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, हरीराम राजपूत, किशन लाल, प्रताप नारायण, कैलाश शर्मा, आत्माराम शर्मा ने गीत गाये।

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली को किया रवाना



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** विश्व एड्स दिवस पर जीआईसी की अध्यापिका प्रियंका शिवहरे ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमओ ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नोडल अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि सभी लोगों को एचआईवी जांच, उपचार और सलाह तक सरल, सुलभ और बिना भेदभाव के पहुंच मिले। 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने का लक्ष्य है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस साल 2025 का थीम है। रुकावटों पर काबू पाना, एड्स के जवाब में बदलाव लाना। यह थीम वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौतियों पर केन्द्रित है, जैसे कि समाज में भेदभाव तथा जानकारी का अभाव।

# शायर-ए-अहलेबैत मरहूम आमिर फ़ैज़ाबादी के चेहलुम में उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता



■ उलेमा, शोआरा और सामाजिक हस्तियों की रही मौजूदगी

**बिलग्राम रसूलपुर।** अहलेबैत (अ.स.) के मक़बूल शायर और समाज में अपनी सादगी, मोहब्बत और इंसानियत की पहचान रखने वाले मरहूम मोहम्मद आमिर ख़ान आमिर फ़ैज़ाबादी के चेहलुम की मजलिस आज उनके पैतृक गांव रसूलपुर में अदा की गई। चेहलुम में शामिल होने के लिए प्रदेश के कई जिलों से मोमिनीन, उलेमा-ए-किराम, शोआरा-ए-अहलेबैत और स्थानीय समाज के लोग भारी संख्या में पहुंचे, जिससे पूरा गाँव मातमी माहौल में डूब गया।

मजलिस को मौलाना ग़ज़नफ़र अब्बास तूसी क़िबला और मौलाना शरर नक़वी क़िबला ने ख़िताब किया। दोनों उलेमा ने अहलेबैत (अ.स.) की सीख, इस्लामी अख़लाक़ और मरहूम की शख़्सियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि आमिर फ़ैज़ाबादी ने अपनी ज़िंदगी इंसानियत, मुहब्बत और मिलनसारी के साथ बिताई, और यही वजह है कि आज इतनी बड़ी तादाद में लोग उनकी याद में इकट्ठा हुए हैं।

विभिन्न शहरों और क़स्बों से पहुंचे शोआरा-ए-अहलेबैत ने अपने कलाम और नव्हों से ग़म-ए-हुसैन (अ.स.) के रंग को और गहरा कर दिया। पेशख़्वानी के दौरान माहौल मातम और एहतराम से भर गया। ताज़ियत पेश करने के लिए मौलाना डॉ. क़ल्बे रुशैद रिज़वी, कई नामचीन उलेमा, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने मरहूम की शख़्सियत को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा इंसानियत और भाईचारे को बढ़ावा दिया।

कार्यक्रम में दिल्ली से आई आज़ादारी चित्तूरा टीम और लखनऊ की ग्राफ़ एजेंसी द्वारा की गई वीडियोग्राफ़ी ने आयोजन को और ख़ास बनाया। मजलिस और मातम के पूरे इंतज़ामात की प्रशंसा हर तरफ़ सुनाई दी। परिवार ने बताया कि तदफ़ीन से लेकर सेयूम और चेहलुम तक आमिर भाई के ख़ास दोस्तों ने जिस तरह वफ़ादारी, मोहब्बत और ख़ुलूस से साथ निभाया, उसने करबला के वफ़ादार रफ़ीक़ों की याद ताज़ा कर दी।

# बाल श्रमिकों को नियोजित किया तो होगी कार्रवाई

**मथुरा।** सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल द्वारा अपने कार्यालय में बाल श्रमिक अभियान के तहत बैण्ड, बाजा और रोड़ लाइट के मालिकों के साथ एक बैठक कर बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए किशोरों एवं बाल श्रमिकों से कार्य नही लेने की अपील है। अधिनियम के अन्तर्गत 14 वर्ष की आयु से कम वर्ष के बच्चे से कही भी कार्य नहीं करा सकते और खतरनाक प्रक्रिया में 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों से भी कार्य कराया जाना पूर्णतः निषेध किया गया है। 14 वर्ष से कम आयु के बाल श्रमिकों से काम कराने पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार रुपए 20 हजार से 50 हजार तक जुर्माना एवं 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह के निर्देश पर 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के अर्न्तगत जनपद को बाल श्रम से मुक्त करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# बीएसए कॉलेज की 14.5 एकड़ भूमि पर 'फर्जी पत्र' से कब्जा!

अवधनामा संवाददाता

■ डायरेक्टर हायर एजुकेशन ने आरटीआई में कहा-यह पत्र हमारे विभाग से जारी नहीं हुआ था

**मथुरा।** बीएसए कॉलेज मथुरा की लगभग 14.5 एकड़ भूमि को अवैध रूप से अलग करके इंजीनियरिंग कॉलेज के नाम पर उपयोग करने का मामला गंभीर मोड़ ले चुका है। अब यह सिद्ध हो गया है कि जिस सरकारी पत्र का हवाला देकर जमीन अलग की गई थी, वह पत्र पूरी तरह फर्जी था।

यह खुलासा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किए गए दो महत्वपूर्ण आधिकारिक पत्रों से हुआ है, जिनकी कॉपियाँ अब सामने आई हैं। बीएसए कॉलेज को केवल फैकल्टी के रूप में इंजीनियरिंग कॉलेज चलाने की अनुमति थी। वर्ष 1999-2000 के इस पत्र में स्पष्ट लिखा है कि–बीएसए कॉलेज की भूमि और भवन का स्वामित्व महाविद्यालय का ही रहेगा, केवल बीएसए कॉलेज के अंतर्गत फैकल्टी के रूप में इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित किया जा सकता है,भूमि अलग करने या स्वतंत्र इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने की कोई अनुमति नहीं थी। इससे स्पष्ट है कि जमीन अलग करना नियमविरुद्ध था। दिनांक 19.09.2025 के पत्र में संयुक्त निदेशक (उ.शि.) ने आरटीआई के उत्तर में साफ लिखा है कि 28.10.1999 का पत्र संख्या 10050/52 हमारे अभिलेखों में उपलब्ध नहीं है और न ही हमारे कार्यालय से निर्गत हुआ है। यह आधिकारिक टिप्पणी सीधे संकेत करती है कि–जिस पत्र को आधार बनाकर 14.5 एकड़ भूमि अलग की गई, वह पत्र फर्जी था। दस्तावेजों से यह भी स्पष्ट है कि–फर्जी पत्र दिखाकर जमीन को अलग परिसर के रूप में दर्ज कराया गया,इंजीनियरिंग कॉलेज को स्वतंत्र संस्था की तरह संचालित करना शुरू किया गया,जबकि अधिकृत अनुमति केवल फैकल्टी के रूप में संचालन की थी।

# जिहाद का असली मतलब बताना चाहिए था मदनी साहब को- डॉ शेख

अवधनामा संवाददाता

■ सभी मुस्लिम स्कॉलर टीवी डिबेटो से दूर रहे

**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के कुल हिंद सदर डॉ शेख ने कहा कि आज कल मौलाना मदनी के बयान की काफी चर्चा हो रही है तमाम टी वी पर डिबेट हो रही है जिस तरह गोदी मीडिया ने जिहाद शब्द को बदनाम किया है ,इस शब्द को को इतना खतरनाक बना दिया है हर रोज किसी न किसी जिहाद पर टी वी पर डिबेट हो रही होती है ,डॉ शेख ने कहा है कि मौलाना मदनी साहब इतने सुलझे हुए वक्ता है उनको जिहाद का असली मकसद बताना चाहिए था जिस से लोगों को जिहाद का असली मतलब पता चलता ओर नफ़रत मीडिया जिहाद पर डिबेट करने से बचती, डॉ शेख ने कहा है कि जिहाद का असली मतलब होता है संघर्ष, प्रयास ओर मेहनत डॉ शेख ने कहा मौलाना को मंच से अपील करनी चाहिए थी कि अब वक्त आ गया है कि देश का हर मुसलमान जिहाद यानी संघर्ष करे नफरत के खिलाफ,जिहाद यानी संघर्ष करे आतंकवाद के खिलाफ जिहाद यानी संघर्ष करे अशिक्षा के खिलाफ,जिहाद यानी संघर्ष करे समाज में बुराइयों के खिलाफ,जिहाद यानी संघर्ष करे असमानता के खिलाफ,जिहाद यानी संघर्ष करे भटके हुए नौजवानों को सही रास्ते पर लाने के लिए जिहाद यानी संघर्ष करे हर गलत कार्य के खिलाफ ,डॉ शेख ने कहा कि मेरा मानना है कि मौलाना यह सब बताते तो देश के अंदर एक बेहतर संदेश जाता , डॉ शेख ने कहा कि में सभी मुस्लिम स्कॉलरों से अपील करता हूं कि टी वी डिबेटो से दूर रहे , यहां पर हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद जिहाद के अलावा कुछ नहीं है यह अडानी अंबानी के चैनल है इन को सिर्फ टी आर पी चाहिए इन डिबेटों ने हिन्दू मुस्लिम भाई चारे ओर विश्वास को काफी नुकसान पहुंचाया है।

# मथुरावासी 7 महीने में गटके 515 करोड़ की शराब

## मदिरा से साल दर साल गहरा होता जा रहा मथुरा का नाता

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** वृंदावन में सरकारी मदिरा की दुकानों को जबरन बंद कराने का मामला इस समय सुर्खियों में है। पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हालांकि शुक्रवार को न्यायालय से जमानत मंजूर हो गई थी। जेल भेज गये लोगों को संत महंतों का समर्थन मिलाा है, वहीं समर्थन में शनिवार को भी लोग कचहरी परिसर पहुंचे थे। दूसरी ओर मदिरा से मथुरा जनपद का नाता गहरा होता जा रहा है। साल दर साल मथुरा जनपद में शराब की खपत बढ रही है। जनपद को चालू वित्तीय वर्ष में अंग्रजी मदिरा, देशी मदिरा, बीयर और भांग की कुल बिक्री के लिए 904 करोड़ का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुंआ है। आबकारी विभाग लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत मदिरा की बिक्री करने की स्थिति में है। 904 करोड के सापेक्ष चालू वित्त वर्ष सात महीने में यानी अक्टूबर तक 515 करोड़ रुपये की मदिरा आबकारी विभाग बेच चुका है। इस वित्त वर्ष में अभी पांच माह शेष बचे हैं। विभाग को शासन से प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल करने के लिए पांच माह में 432 करोड़ रूपये की शराब और बेचनी होगी। सर्दी के मौसम में बिक्री बढती है। नव वर्ष पर भी बिक्री अधिक होगी। आबाकरी विभाग को उम्मीद है कि वित्त वर्ष के अंत तक लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत से अधिक शराब की बिक्री की जा सकेगी। इस पर काम करते हुए विभाग द्वारा आवंटित दुकानों पर सात माह के दौरान अक्टूबर 2025 तक 515 करोड़ 17 लाख रुपए की मदिरा बेची जा चुकी है। चालू वित्त वर्ष में बियर का कुल लक्ष्य 194 करोड रूपये का मिला है। जनपद मथुरा का इस वर्ष के अंत तक ठेका समाप्ति के दौरान एक करोड़ लीटर देसी शराब बेचने का लक्ष्य मथुरा जनपद आबकारी विभाग प्राप्त कर सकता है। जबकि शासन से देसी शराब कुल 45 लाख लीटर बेचने का लक्ष्य मिला है।

### साल दर साल बढ रही शराब की खपत

चालू वित्ता वर्ष में 904 करोड़ का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुंआ है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 79 लाख लीटर देसी-विदेशी शराब की बिक्री हुई थी, जबकि 2024-2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 94.7 लाख लीटर तक पहुंच गया। इसमें सबसे ज्यादा 54 लाख लीटर विदेश मदिरा की बिक्री हुई है। इससे आबकारी विभाग को 78 करोड़ रुपये का राजस्व इजाफा हुआ है।

### इस साल बिकी मदिरा

अप्रैल 2025 में कुल 83 करोड रुपये की मदिरा बिक्री हुई। मई माह में 78 करोड रुपए जबकि जून माह में 71 करोड रुपए, जुलाई माह में 65 करोड रुपए, अगस्त माह में 67 करोड रुपए, सितंबर माह में 64 करोड रुपए और अक्टूबर माह 2025 में 75 करोड रुपए की बिक्री अभी तक की जा चुकी है।

### सदर तहसील में बिकती है सबसे अधिक शराब-

तहसील सदर में 112 दुकान, छाता तहसील में 82 दुकान, मांट तहसील में 94, महावन तहसील में 72 और गोवर्धन तहसील में 53 दुकान का चालू वित्त वर्ष के लिए आवंटन किया गया था। इसमें सर्वाधिक लक्ष्य 40 प्रतिशत लक्ष्य सदर तहसील से प्राप्त किया है।

# जीएलए का 14वां दीक्षांत 3 को

अवधनामा संवाददाता

■ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज एवं अन्य हस्तियां करेंगी शिरकत

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा (उ.प्र.) का 14वां दीक्षांत समारोह 3 दिसंबर बुधवार को मनाया जाएगा। समारोह में वर्ष 2025 में विभिन्न पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय स्थित विशाल ऑडिटोरियम में होने वाले इस समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री वित्त मंत्रालय पंकज चौधरी द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सफल विद्यार्थियों को 21 गोल्ड मेडल, 21 सिल्वर मेडल और सेंटर ऑफ़ डिस्टेंस ऑनलाइन एजुकेशन की 1166 डिग्रियों सहित 5548 उपाधियां प्रदान करेंगे। साथ ही बीएससी ऑनर्स बायोटेक, बीएससी ऑनर्स केमिस्ट्री, बीएससी ऑनर्स फिजिक्स, बीए ऑनर्स अंग्रेजी, बीबीए फैमिली बिजनेस, बीकॉम ऑनर्स ग्लोबल एकाउंटिंग, बीटेक बायोटेक, बीटेक ईसी, बीटेक ऑनर्स सीएस, सीएस सीसीवी, सीएस-सीएसएफ, बीकॉम ऑनर्स एलएलबी, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, केमिस्ट्री, एमफार्म फार्माकोलॉजी, फार्मास्युटिक्स, बीएड, डिप्लोमा फार्मेसी सहित डिप्लोमा इंजीनियरिंग के 24 विद्यार्थियों को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने आगे बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा (उ.प्र.) से वर्ष 2025 में पीएचडी के 69, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर 71, बीएससी ऑनर्स बायोटेक के 21, बीएससी ऑनर्स कैमिस्ट्री के 19, बीएससी ऑनर्स फिजिक्स के 11, बीए ऑनर्स अंग्रेजी के 23, बीबीए के 215, बीबीए ऑनर्स 147, बीबीए फैमिली बिजनेस 24, बीकॉम ऑनर्स ग्लोबल एकाउंटिंग 10, बीकॉम ऑनर्स 59, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी 24, बीटेक सिविल इंजीनियरिंग 39, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 32, मैकेनिकल इंजीनियरिंग 41, एमई ऑटोमोबाइल एवं मेकाट्रॉनिक्स 2, एलएलएम बीएफआईएल एवं सीडीपीएल के 14 विद्यार्थियों की उपाधि अनुमोदित की गई है।

# शीर्ष दीप बने नम्बर वन रक्तदाता

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** जीवन रक्षक फाउंडेशन गाजीपुर के संस्थापक शीर्ष दीप शर्मा ने रक्तदान के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। उन्होंने रविवार को होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल, वाराणसी में सिंगल डोनर प्लेटलेट्स के रूप में अपना 55वां डोनेशन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर गाजीपुर के सबसे अधिक रक्तदान करने वाले रक्तदाता बने।अब तक शीर्ष दीप 26 बार सम्पूर्ण रक्त (ब्लड) तथा 29 बार सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (स्ष्ठक्क) दान कर चुके हैं। इस प्रकार कुल 55 रक्तदान करके वे गाजीपुर के सबसे अधिक रक्तदान करने वाले सक्रिय रक्तदाता की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। समाजसेवा के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता और मानव जीवन बचाने के इस अभियान में उनका योगदान प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। शीर्ष दीप ने अपनी संस्था जीवन रक्षक फाउंडेशन के माध्यम से अब तक लगभग 2000 से अधिक जरुरतमंदों को रक्त मुहैया करा कर मदद की है। उनका यह लगातार रक्तदान अभियान न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी बना है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत भी है। कैंसर, डेंगू और थैलेसीमिया जैसी गंभीर स्थितियों में मरीजों को तुरंत ब्लड व प्लेटलेट्स उपलब्ध कराना अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है, ऐसे में शीर्ष दीप जैसे दाताओं की सक्रियता कई कठिन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण सहारा बनती है। शीर्ष दीप का ये सफर यह दर्शाता है कि एक व्यक्ति की सोच और निस्वार्थ कर्म पूरे समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उनका निरंतर प्रयास न केवल रक्तदान को एक मिशन का रूप देता है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी प्रेरित करता है कि वे आगे बढ़कर मानवता की इस सबसे महान सेवा से जुड़ें। शीर्ष दीप की यह यात्रा आने वाले समय में न सिर्फ गाजीपुर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल बनकर याद की जायेगी।

# भाषा विवि में दो पालियों में परीक्षाएँ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 1 दिसंबर 2025 को आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षाएँ दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुईं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार कुल 1,415 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में उपस्थिति दर्ज की। प्रथम पाली में 577 छात्र और 398 छात्राएँ शामिल हुईं, जबकि 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 389 छात्र और 111 छात्राएँ उपस्थित रहीं तथा 4 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। पूरे दिवस किसी भी प्रकार का FM (अनुचित साधन) प्रकरण दर्ज नहीं हुआ, जिससे परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं अनुशासन की पुष्टि होती है। परीक्षाएँ कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में आयोजित की गई।

कुलपति ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर प्रश्नपत्र वितरण, बैठने की व्यवस्था और अनुशासनात्मक प्रावधानों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान परीक्षा नियंत्रक भी उपस्थित रहे। परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी केंद्राध्यक्ष डॉ. आर.के. त्रिपाठी ने निभाई, जबकि सहायक केंद्राध्यक्षों के रूप में डॉ. हेमंत सिंह, डॉ. उदय सिंह, डॉ. प्रीति नवेल और डॉ. दिशा पांडेय ने समस्त व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संचालित किया। उप परीक्षा नियंत्रक डॉ अताउर रहमान ने कहा कि आगामी परीक्षाएँ भी इसी पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ सम्पन्न कराई जाएँगी।

# बिजली बिल राहत योजना कैम्प का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकास खंड तालग्राम के ग्राम रोहली में विद्युत विभाग द्वारा आयोजित बिजली बिल राहत योजना-2025-26 कैम्प का निरीक्षण कर आवश्यक दिश निर्देश दिये।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली बिल राहत योजना आज एक दिसंबर से प्रारंभ हो गई है। बकायेदारों को एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसमें मासिक किश्तों में भुगतान की सुविधा भी दी गई है। कहा कि यह छूट तीन चरणों में दी जाएगी। 01 दिसम्बर से 31 दिसंबर तक पंजीकरण कराने पर मूलधन में 25 प्रतिशत, 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक पंजीकरण कराने पर 20 प्रतिशत तथा 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक पंजीकरण कराने में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होनें निर्देश दिए कि अधिक से अधिक बकायेदारों को इस योजना का लाभ दिया जाए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता विधुत अशोक ने बताया कि जनपद कन्नौज में 139166 बकायेदार उपभोक्ता हैं, जिन पर रूपये 437.025 करोड़ रूपये बकाया है। जनपद में कनेक्शन के बाद बिल न जमा करने वाले कुल 57472 उपभोक्ता हैं, जिन पर रूपये 207.44 करोड़ रूपये बकाया है। इसी प्रकार जनपद में लम्बे समय से बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 81694 है, जिन पर रूपये 229.81 करोड़ बकाया है। छूट योजना में उपभोक्ता यदि एक बार में पूरा बकाया जमा करते हैं तो उन्हें बकाये पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट व मूलधन में भी 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी । बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में राजस्व निर्धारण धनराशि पर भी छूट देने का प्रावधान किया गया है। यह योजना 02 किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं और 01 किलोवाट तक वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए है। इस दौरान अधिसाषी अभियंता राजीव भारती सहित तमाम विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# धर्म सेवा से ही मिलती है आत्मिक शांति: पं. संदीप



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पौराणिक ऋषि मुनियों की तपस्थली एवं मोक्षदायिनी गंगा नदी के निकट ग्राम मधबापुर में चल रही श्रीराम कथा के अवसर पर कथावाचक पं. संदीप मुरलिया वाले ने प्रभु श्रीराम के बनवास के मार्मिक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही चौपाई अब बिलंब केहि कारण कीजै गूंजी, पूरा पंडाल भक्ति और जयघोष से गूंज उठा। उन्होंने भगवान श्री राम की अहिल्या कथा का सजीव वर्णन कर कहा कि अहिल्या माता का उद्धार करने के उपरांत भगवान श्री राम के द्वारा भी पाप हो गया था यही मुख्य कारण रहा की वह माता अहिल्या के उद्धार के उपरांत सीधे गंगा मैया की शरण में पहुंचे क्योंकि गंगा मैया को मोक्ष दाहिनी भी कहा जाता है। उन्होंने गंगा स्नान कर खुद को पाप मुक्त किया। श्री राम भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ में प्रभु श्री राम की कथा का पं. संदीप मुरलिया वाले ने इतना सुंदर एवं सजीव वर्णन किया की श्रोतागढ़ भक्ति भाव से विभोर हो गए। श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम की आरती की, पुष्पवर्षा की और भजन सिया रानी की जय पर झूम उठे। उन्होंने कहा कि सच्चा सुख धर्म की निःस्वार्थ सेवा में है। आज भक्ति प्रदर्शन बन गई है, जबकि भक्त प्रहलाद मीराबाई आदि जैसे अनेकों भक्तों ने इसे जीकर दिखाया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन मर्यादा का प्रतीक है। कथा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओंकारनाथ त्रिपाठी, संत अयोध्या वासी महाराज, प्रमोद तिवारी, केशव त्रिपाठी, विनोद मिश्रा, रामप्रताप, अजय दुबे, सोनू दुबे, अरुण तिवारी, मुन्नू बाबू त्रिपाठी, दिव्यांश शुक्ला, लाल दुबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रोतागण मौजूद रहे।

## निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किया जाए



**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकास खंड तालग्राम के ग्राम सकरवारा वागुलियाई स्थित बजरंग बली मंदिर पर चल रहे पर्यटन विकास कार्यो निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को मानक अनुरूप किये जानें के लिये निर्देशित किया। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होनें निर्देश दिए कि हाल की खिड़कियों में कांच का शीशा लगाए जाने के स्थान पर पॉलीकॉरबोन की शीट लगायी जाए। उन्होनें पूर्व में निर्मित सुलभ प्रसाधन के संचालन की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए ही नवीन शौचालय का निर्माण कराए जाने और बचत के पैसे से जरूरत की अनुरूप अतिरिक्त कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में लगे बरगद आदि के पेड़ पर मिट्टी भराई/ट्री गार्ड बनाए जाने के जिला पर्यटन अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था पर्यटन विकास निगम को दिए। इस दौरान जिला पर्यटन सूचना अधिकारी डा0 एम0 मकबूल, पर्यटन विकास निगम के जेई निशांत शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मोरवा नदी पुनरोद्धार अभियान का शुभारंभ

- एक जनपद एक नदी' मिशन के तहत मोरवा में श्रमदान
- सांसद, डीएम व जनप्रतिनिधियों ने की सिल्ट सफाई शुरु

अवधनामा संवाददाता



**भदोही।** एक जनपद एक नदी पुनरोद्धार अभियान के अंतर्गत स्थानीय नदी मोरवा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आज ग्राम करीगांव कुशौली, ब्लॉक ज्ञानपुर में भव्य शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, जिलाधिकारी शैलेष कुमार तथा मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना, वृक्षारोपण एवं फावड़ा उठाकर सिल्ट सफाई कार्य का शुभारंभ किया गया। मोरवा पुनरोद्धार : एक मुहिम– जनभागीदारी की के आह्वान पर उपस्थित जनपदवासियों ने विशाल स्तर पर श्रमदान कर नदी के पुनरोद्धार हेतु सामूहिक संकल्प लिया।

सांसद डॉ विनोद कुमार बिंद ने कहा कि नदी केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, कृषि और आजीविका की आधारशिला है। मोरवा नदी का पुनरोद्धार जनपद के पर्यावरण और ग्रामीण जीवन को नई ऊर्जा देगा। जनभागीदारी से चलने वाला यह अभियान अवश्य सफल होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने बताया कि मोरवा नदी का पुनर्जीवन केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनपद की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब जनता और प्रशासन एक साथ काम करें, तो प्रकृति संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया– मुख्यमंत्री के मंशानुरूप 'एक जनपद एक नदी' पुनरोद्धार अभियान के तहत जनपद की स्थानीय एवं महत्वपूर्ण नदी–मोरवा–के संवर्धन के कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य नदी के प्राकृतिक प्रवाह को पुनर्स्थापित करना, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना तथा तटवर्ती ग्रामों को स्थायी लाभ प्रदान करना है। एक जनपद एक नदी अभियान का उद्देश्य जनपद की प्रमुख नदियों का पुनर्जीवन, संरक्षण एवं पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करना है। इसी क्रम में जनपद-भदोही की ऐतिहासिक एवं उपयोगी मोरवा नदी के पुनरोद्धार की शुरुआत की गई है। उन्होंने मोरवा नदी के भूगोल एवं प्रवाह तंत्र पर प्रकाश डालते हुए बताया– मोरवा नदी का उद्गम नारायणी झील, विकासखंड ज्ञानपुर में है। इसकी कुल लंबाई 54.600 किमी है। यह नदी विकासखंड ज्ञानपुर के अनेक ग्रामों से होते हुए जिला मुख्यालय, ज्ञानपुर भदोही मार्ग, भदोही मिर्जापुर मार्ग तथा भदोही वाराणसी रेलवे लाइन को पार करती हुई आगे बढ़ती है। नदी कुल 48 ग्रामों से होकर गुजरती है- विकासखंड ज्ञानपुर के 25 ग्राम,विकासखंड डीघ का 1 ग्राम,विकासखंड भदोही के 22 ग्राम। आगे यह नदी वरूणा नदी में जाकर मिलती है। अधिशासी अभियंता, ड्रेनेज खंड फतेहपुर अरविंद कुमार पांडेय ने मोरवा नदी के प्रवाह तंत्र की विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया– वरूणा नदी में गिरने वाले स्थल (हेड/डिस्चार्ज) पर मोरवा नदी का शीर्ष निस्सरण 26.09 म्यूमेक (921.36 क्यूसेक) है।

## विश्व एड्स दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली




**बस्ती (अवधनामा संवाददाता)** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा निकाली गयी जागरूकता रैली को शास्त्री चौक से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली शास्त्री से निकल गई रैली कंपनी बाग गांधीनगर होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव निगम ने बताया कि (एच.आई.वी. दरकिनार) एड्स नियंत्रण हेतु यह जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। रैली में महिला पी.जी. कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम, ए पी एन पी जी कॉलेज के एनसीसी छात्र आदि शामिल रहे।

## मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी तीन दिसम्बर को

**बस्ती (अवधनामा संवाददाता)** प्रगति के पथ पर उद्यान के स्वर्णिम 50 वर्ष के शुभ अवसर पर गोरखपुर एवं बस्ती मण्डल के सौजन्य से जनपद गोरखपुर में योगीराज बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह गोरखपुर में 03 दिसम्बर 2025 बुधवार को प्रातः 10.00 बजे से मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी जिला उद्यान अधिकारी अरूण कुमार त्रिपाठी ने दी है। उन्होने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मा. राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव बी. एल. मीणा (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ.प्र. शासन) प्रतिभाग करेंगे।

## स्वामी सहजानंद महाविद्यालय के संस्थापक स्व पंडित केशव प्रसाद शर्मा की 105वीं मनी



**गाज़ीपुर (अवधनामा संवाददाता)** पंडित केशव प्रसाद शर्मा जी की 105वीं जयंती के अवसर पर उनके पुत्र और पूर्व सचिव स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कविंद्र नाथ शर्मा ने विधिवत पूजा पाठ के साथ उनकी जयंती पर महाविद्यालय को मिष्ठान आदि वितरण कर जयंती मनाई। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्यगण, प्राध्यापक गण महाविद्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## घोसिया नगर पंचायत में एसआइआर कैंप आयोजित



**भदोही (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में नगर पंचायत घोसिया अधिशासी अधिकारी डाक्टर अनूपन सिंह के नेतृत्व मे सरकार द्वारा संचालित एसआइआर कार्यक्रम में सत प्रतिशत फॉर्म कलेक्शन हेतु नगर पंचायत के 1 से 13 वार्डों के छूटे व्यक्तियों का फार्म कलेक्शन के लिए समस्त 13 BLO के साथ नगर पंचायत घोसिया कार्यालय में दिनांक 1 दिसंबर 2025 को प्रातः 9:00 बजे से मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में नगर के नागरिक गण आयोजित कैंप में अपना अपना फॉर्म जमा करने हेतु आए इसी दौरान अपर जिलाधिकारी भदोही द्वारा आयोजित कैंप का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान लगे सभी बीएलओ एवं नगर पंचायत कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए नागरिकों से संबंधित उत्पन्न होने वाली समस्याओं का निस्तारण भी अपने स्तर से किया गया और जिला प्रशासन की ओर से नगर पंचायत की तरफ से किया गया इस प्रयास का धन्यवाद दिया गया और सब प्रतिशत कार्य में सहयोग हेतु सभी सम्मानित सभासदगढ़ एवं अध्यक्ष तथा आम नागरिकों से सहयोग की अपील की।

## पसमांदा महाज़ ने मदनी का बयान खारिज किया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के कार्यक्रम में मौलाना महमूद मदनी द्वारा बंदे मातरम और जिहाद पर दिए गए बयान का विरोध किया है। महाज़ ने इसे गैर-ज़रूरी, भड़काऊ और पसमांदा समाज के हितों के ख़िलाफ़ बताया। संगठन का कहना है कि ऐसे बयान असली मुद्दों—जैसे शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और आर्टिकल 341 के धार्मिक प्रतिबंध—से ध्यान भटकाते हैं।

महाज़ ने कहा कि पसमांदा समाज की प्राथमिकता विकास है, न कि विवादित धार्मिक बहसें। संगठन ने मुस्लिम नेतृत्व से अपील की कि वे संवैधानिक अधिकारों, आधुनिक शिक्षा और सरकारी योजनाओं पर ध्यान दें और समाज को भावनात्मक नारों के बजाय वास्तविक प्रगति की राह दिखाएँ।

# एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्यायें

- संबंधित थानाध्यक्षों को दिए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** जनपद मुख्यालय स्थित पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानाध्यक्षों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंगलवार को शिकायतकर्ताओं की समस्यायें सुननें के उपरान्त एसपी विनोद कुमार ने स्पष्ट कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी मामले में देरी या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय होगी। जनता दर्शन में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, आर्थिक लेनदेन सहित कई तरह के प्रकरण सामने आए। एसपी ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पीड़ितों से संवाद बढ़ाएं और हर शिकायत को संवेदनशीलता के साथ निस्तारित करें। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान एसपी ने यह भी निर्देश दिया कि थाने स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा नियमित रूप से की जाए तथा फॉलो-अप कार्रवाई की रिपोर्ट समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता में विश्वास बनाना है और यह तभी संभव है जब शिकायतों का निष्पक्ष एवं त्वरित निस्तारण किया जाए। इस दौरान एएसपी अजय कुमार, सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह समारोह: नव दम्पतियों को सांसद-विधायक ने दिया आशीर्वाद

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** सिकन्दरपुर सरोसी कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवदम्पत्तियों को सांसद साक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा ने पुष्पवर्षा कर नवविवाहितों को आशीर्वाद प्रदान किया। सरोसी विकास खंड में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। समारोह में बड़ी संख्या में नवविवाहित जोड़ों ने प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण सामाजिक योजना के तहत विवाह संपन्न किए। सांसद और विधायक ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल और सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहारा देती है बल्कि सामाजिक समानता और सामूहिक सौहार्द का भी संदेश देती है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, बिछिया विकास खंड के प्रमुख नीरज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीएलओ की मौतों की जिम्मेदार भाजपा सरकार: कुलदीप यादव

- एसआईआर के नाम पर 25 बीएलओ की मौत

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह आवाहन पर आम आदमी पार्टी उन्नाव के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में सरदार पटेल पार्क उन्नाव बाईपास पर मृतक बीएलओ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि देशभर में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के नाम पर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर इस हद तक दबाव बना रहे हैं कि अब तक 25 से अधिक बीएलओ अपनी जान गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त का रवैया शर्मनाक और अमानवीय है। बीएलओ को बिना संसाधन, बिना प्रशिक्षण और बिना समय सीमा के ऐसी परिस्थितियों में काम कराया जा रहा है कि लोग नौकरी बचाने के डर में आत्महत्या तक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में बीएलओ को रातभर ड्यूटी करनी पड़ रही है, घर-घर जाकर राजनीतिक दबाव और धमकियों के बीच डेटा अपडेट करना पड़ रहा है। कई बीएलओ अवसाद, तनाव और हार्ट अटैक का शिकार हुए, लेकिन चुनाव आयोग और सरकार अब तक किसी मृत बीएलओ के परिवार को मुआवजा, समर्थन या न्याय देने की घोषणा तक नहीं कर सकेकृयह अत्यंत शर्मनाक है। कुलदीप यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईआर को जिस तेजी और कठोरता के साथ लागू किया जा रहा है, वह प्रशासनिक प्रक्रिया कम और राजनीतिक आदेश ज्यादा दिखती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की इस निर्मम जल्दबाज़ी का नतीजा 25 से ज्यादा मौतों के रूप में सामने आया है और अब आयोग को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

# बड़ो से अधिक युवाओं को जागरूक होने की आवश्यकता: एसपी

- यातायात माह का हुआ भव्य समापन

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन एवं प्रेमचंद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह द्वारा यातायात माह का भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया। यातायात कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यातायात प्रभारी निरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), क्षेत्राधिकारी यातायात व सिटी मजिस्ट्रेट को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

विवेकानन्द इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यातायात प्रभारी ने मंचासीन अतिथियों को बुके और प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन और सम्मान किया। क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह ने नवबर माह में यातायात विभाग द्वारा किये गए चालान, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को राहत दिलाने, सड़क सुरक्षा जागरूकता के विभिन्न पहलुओं का आंकड़ा प्रस्तुत किया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) प्रेमचन्द्र द्वारा स्वयं रचित यातायात जागरूकता पर गीत गाकर आम जनमानस को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताये गये व यातायात नियमों को पालन करने की अपील गयी। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि बड़ों से ज्यादा युवाओं को जागरूक होने की ज़रूरत है और बिना प्रशिक्षित हुए लाइसेंस का आवेदन न करने का संदेश दिया। जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं द्वारा हो रही मृत्यु पर खेद व्यक्त किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि जागरुकता से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है, इसीलिये यातायात नियमों से जागरुक होकर इनका पालन करने हेतु सभी को तत्पर रहना चाहिये। यातायात माह में सर्वाधिक चालान करने वाले उ0नि0 संतोष कुमार सिंह प्रथम, द्वितीय एच0सी0पी0 कमरूद्दीन व तृतीय उ0नि0 अनिल कुमार व उ0नि0 तिलक सिंह (सड़क दुर्घटना सेल) मु0आ0 रामप्रकाश, मु0आ0 महेश प्रसाद पाण्डे, मु0आ0 भूपनारायण, म0मु0आ0 अर्चना दुबे, ई-चालान से आ0 मुकेश राजपूत, आ0 रजत वर्मा को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा गीता मिश्रा प्रबन्धक पैट्रियाट इंटर कालेज, मो0 मोनीश प्रबन्धक किंग्सन इंटर कॉलेज व नवीन भारती प्रबन्धक विवेकानंद इंटर कालेज डा0 आशीष श्रीवास्तव परिवार परामर्श समिति/संचालक, डा0 अभिषेक श्रीवास्तव (मेडिसिटी हास्पिटल), स्वंयबर राजपूत समाजसेवी एवं यातायात पुलिस के कर्मठशील कर्मियो को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। यातायात प्रभारी निरीक्षक ने सभी को आभार जताते हुए समापन की घोषणा की। यातायात माह नवंबर के दौरान जनपद में कुल 7219 चालान किये गये जिसका कुल शमन शुल्क 10816000 रु0 हुआ। इस माह बगैर हेल्मेट दोपहिया वाहन चालाने पर कुल 4841 चालान किये गये तथा सीट बेल्ट लगाये बिना चारपहिया वाहन चलाने पर 184 चालान किये गये।

# 40 लोगों को चेक किया गया व दो का माफीनामा भरवाया गया



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ शालिनी सिंह द्वारा शहर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत चेकिंग कर महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरो के बारे में जानकारी दी गई साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को साइबर क्राइम के बारे मे बताते हुए इनसे बचने व सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे मे भी जागरूक किया। इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 - वीमेन पावर लाइन,1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, साइबर हेल्पलाइन नंबर - 1930, थाने का सी0यू0जी0 नंबर 9454403115 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और महिलाओं से संबंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपील की गई। एंटीरोमियो चेकिंग के दौरान 40 लोगों को चेक किया गया एव 02 लोगो का माफीनामा भरवाकर सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया।

# हिमाचल में मौजूद पराशर झील घूमने के लिए दिल्ली से बनाएं शानदार ट्रिप

## खूबसूरती देख झूम उठेंगे आप

हिमाचल प्रदेश कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल



की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में हर रोज हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इन जगहों की खूबसूरती देखकर लोग अभिभूत हो जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू-मनाली, स्पीति वैली, शिमला और डलहौजी के बारे में तो हर कोई जानता है। लेकिन वहीं इस राज्य में कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली से पराशर झील के शानदार ट्रिप के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पराशर झील**

बता दें कि पराशर झील ऋषि पराशर के नाम पर है। यह झील समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस झील के किनारे पर ऋषि पराशर का प्राचीन मंदिर भी मौजूद है। पराशर झील के चारों ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ मौजूद हैं और सर्दियों के मौसम में इस झील की ऊंचाई चरम पर होती है। वहीं गर्मियों में भी यहां पर लोग ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

**दिल्ली से मंडी ऐसे पहुंचें**

दिल्ली से पराशर झील जाने के लिए आप सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पहुंचे। आप दिल्ली के कश्मीरी गेट बस स्टैंड से हिमाचल रोडवेज बस से मंडी पहुंच सकते हैं।

अगर आप दिल्ली से शाम या रात में हिमाचल के लिए बस पकड़ते हैं, तो आप सुबह-सुबह मंडी पहुंच सकते हैं। मंडी पहुंचने के बाद वहां पर स्टें करें और कुछ बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। फिर अगले दिन मंडी से पराशर झील के लिए निकल जाएं।

**मंडी में घूमने की जगहें**

अगर आप मंडी में रुकते हैं, तो आप शानदार और हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मंडी को कई लोग छोटा काशी के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि यहां पर कई फेमस और प्राचीन मंदिर हैं।

मंडी में आप भूतनाथ मंदिर, रिवालसर झील, त्रिलोकी नाथ मंदिर और सुंदरनगर झील जैसी खूबसूरत जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप कैंपिंग, हाईकिंग और ट्रैकिंग जैसी शानदार एक्टिविटी कर सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे पराशर झील**

बता दें कि मंडी से पराशर झील पहुंचना बहुत आसान है। मंडी से पराशर झील पहुंचने के लिए आप हिमाचल रोडवेज बस, कैब बुक करके और तीसरा बाइक रेंट पर लेकर जा सकते हैं।

अगर आप बस से जाना चाहते हैं कि मंडी बस स्टैंड से बस पराशर झील के लिए सुबह 8 बजे से चलती हैं, जोकि शाम को 4 बजे वापस आती है। बस का किराया 120-150 रुपए के आसपास है। वहीं कैब से जाने पर आपको 2000-3000 रुपए के बीच किराया लगेगा। वहीं अगर आप बाइक रेंट पर लेकर जाते हैं, तो 500-700 रुपए के बीच किराया आ सकता है।

**पराशर झील के बीच में स्थित शानदार जगहें**

मंडी से पराशर झील की दूरी करीब 50 किमी है। इस बीच में तमाम शानदार और बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। जिनको आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। इस सफर में आप कई हसीन और लुभावने दृश्यों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं।

मंडी और पराशर झील के बीच में आप आईआईटी मंडी, संदोया गांव, सघली गांव, खलियार गांव से लेकर बिजनी और बाघी गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहीं आप रास्ते में इन जगहों पर रुककर चाय का स्वाद लेते हुए हिमाचल पर्वत की खूबसूरती को पास से देख सकते हैं।

मंडी से पराशर झील घूमने जाने के लिए गर्मी या ठंडी में प्लान बनाएं।



**इन बातों का रखें खास ख्याल**

सफर के लिए आप फास्ट फूड पैक कर सकते हैं। क्योंकि आपको झील के पास बहुत कम दुकानें मिलेंगी।

आप पराशर झील के लिए सुबह-सुबह निकल सकते हैं। जिससे कि अंधेरा होने से पहले वापस आ सकें।

वहीं अपने साथ जरूरी दवाएं रखना न भूलें।

# एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है भुवनेश्वर

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

भारत के ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर, एक अद्भुत मिश्रण है प्राचीन इतिहास, समृद्ध संस्कृति और आधुनिकता का। यह शहर भारतीय वास्तुकला, धर्म और सांस्कृतिक धरोहर का एक प्रमुख केंद्र है। भुवनेश्वर को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है क्योंकि यहां 1000 से अधिक मंदिरों का इतिहास है। यही कारण है कि यह स्थल धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन के लिए भी आदर्श स्थान बन चुका है।

भुवनेश्वर का इतिहास बहुत पुराना है और यह प्राचीन काल में कटक नामक स्थान के रूप में जाना जाता था। यह शहर मौर्य और गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य के तहत एक प्रमुख राजनीतिक और धार्मिक केंद्र था। यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्त्विक स्थल पर्यटकों को भुवनेश्वर के समृद्ध अतीत से परिचित कराते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

**1. लिंगराज मंदिर**

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। लिंगराज मंदिर को भुवनेश्वर का गौरव माना जाता है और यह स्थान धार्मिक पर्यटकों के लिए एक प्रमुख स्थल है।

**2. राजारानी मंदिर**

राजारानी मंदिर का नाम राजारानी (राजा + रानी) से लिया गया है, क्योंकि यह मंदिर एक खास प्रकार की लाल-संगमरमर की पत्थर से बना है। यह मंदिर भारतीय वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है और इसमें उत्कृष्ट शिल्पकला की छाप दिखाई देती है।

**3. उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं**

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं



भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में स्थित हैं। ये गुफाएं प्राचीन जैन धर्म के साधुओं द्वारा बनाई गई थीं। यहां आप विभिन्न प्रकार की मूर्तियों और चित्रकला का अवलोकन कर सकते हैं। यह स्थल इतिहास प्रेमियों और शांति की तलाश करने वालों के लिए आदर्श स्थल है।

**4. धवलगिरी और बौद्ध धरोहर स्थल**

भुवनेश्वर के आस-पास कई बौद्ध स्थलों का भी महत्व है। धवलगिरी और अन्य बौद्ध स्थल यहां के इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। बौद्ध धर्म के अनुयायी इन स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं।

**5. नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क**

भुवनेश्वर के बाहर स्थित नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह पार्क वन्यजीव प्रेमियों और परिवारों के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां आपको विभिन्न प्रकार के वन्यजीव, पक्षी, और जंगल की हरियाली देखने को मिलती है। नन्दनकानन में एक प्रसिद्ध सफारी भी है, जो पर्यटकों को जंगल के करीब ले जाती है।

**सांस्कृतिक धरोहर और कला**

भुवनेश्वर में ओडिया संस्कृति और कला का गहरा प्रभाव है। यहाँ के शिल्पकला, संगीत, नृत्य, और लोक कला का प्राचीन इतिहास है। ओडिया नृत्य और संगीत के प्रमुख रूपों में ओडिसी नृत्य और संगीत को विशेष स्थान प्राप्त है। भुवनेश्वर के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आप ओडिया संस्कृति की गहरी समझ प्राप्त कर सकते हैं।

**भुवनेश्वर में शॉपिंग**

भुवनेश्वर में शॉपिंग भी एक शानदार अनुभव है। यहां के बाजारों में ओडिशा के प्रसिद्ध हस्तशिल्प, जैसे पटोला साड़ियाँ, कांसा बर्तन, और लकड़ी की मूर्तियाँ आसानी से मिल जाती हैं। इन बाजारों में आपको ओडिया शिल्पकला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

**यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय**

भुवनेश्वर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहां का तापमान काफी बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं।

भुवनेश्वर एक ऐसा पर्यटन स्थल है जो इतिहास, संस्कृति, और प्राकृतिक सौंदर्य को एक साथ प्रस्तुत करता है। यहां की धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, और सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण यह स्थान पर्यटकों के बीच एक अद्भुत आकर्षण बन चुका है। चाहे आप धार्मिक यात्रा पर हों या एक सांस्कृतिक अनुभव की तलाश में, भुवनेश्वर हर तरह के पर्यटकों के लिए उपयुक्त है।

# नॉर्थ ईस्ट इंडिया की इन शानदार जगहों को करें एक्सप्लोर



## एडवेंचर एक्टिविटी का उठा सकेंगे लुत्फ

नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के कई राज्यों में तेज गर्मी होने लगती है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसी जगहों पर घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन नॉर्थ ईस्ट इंडिया को भूल जाते हैं। बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में नॉर्थ ईस्ट इंडिया की किसी खूबसूरत और ठंडी जगह घूमने जाना चाहते हैं, तो आप नॉर्थ सिक्किम पहुंच सकते हैं। नॉर्थ सिक्किम पूर्व भारत के टॉप डेस्टिनेशन्स में से एक है। हालांकि यह जगह पड़ोसी देश चीन की सीमा के पास स्थित है। इसलिए यहां पर घूमने के लिए एक विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। नॉर्थ सिक्किम में आप लाचुंग, युमथांग घाटी, नाथुला दर्रा, लाचेन, त्सोमो झील और गुरुडोंगमार झील जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### शिलांग

शिलांग मेघालय की राजधानी है और यह समुद्र तल से करीब 5 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। पूर्व भारत में शिलांग को बहुत सारे लोग %पूर्व का स्कॉटलैंड% भी बोलते हैं।

शिलांग में ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए अप्रैल में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर आप शिलांग पीक, शिलांग गोल्फ कोर्स, एलीफेंट फॉल्स और वार्ड्स लेक जैसी शानदार और खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### गंगटोक

इसके साथ ही सिक्किम की राजधानी गंगटोक भी एक बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर हर साल हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आते हैं। वहीं अप्रैल के महीने में यहां का तापमान करीब 15 एष्ट से 20 एष्ट के बीच रहता है।

गंगटोक में आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ आकर्षक दृश्यों का भी लुत्फ ले सकते हैं। गंगटोक से आप दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा की खूबसूरती को देख सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

### चेरापूंजी

नॉर्थ ईस्ट इंडिया के मेघालय राज्य में अगर आप ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको चेरापूंजी जाना चाहिए। यह जगह दुनियाभर में सबसे ज्यादा बारिश के लिए फेमस है। इसलिए यहां पर सालों साल मौसम ठंडा रहता है।

वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए चेरापूंजी स्वर्ग से कम नहीं है। चेरापूंजी में आप मावस्मई गुफा, नोहकलिकाई झरना और डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज जैसी जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

### आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया में और भी कई शानदार और बेहतरीन जगहें हैं। जहां पर आप घूम सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश में तवांग, जीरो वैली असम में माजुली द्वीप और मानस राष्ट्रीय उद्यान और मेघालय में मावलिननॉन्ग आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# मसिनागुडी के हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है



मसिनागुडी, जो तमिलनाडु राज्य के ओट्टी जिले में स्थित है, एक बेहद खूबसूरत और शांति प्रदान करने वाला स्थल है। यह स्थान मुख्य रूप से अपनी प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और पर्वतीय दृश्यावलियों के लिए प्रसिद्ध है। मसिनागुडी का स्थान नीलगिरि पहाड़ियों के बीच है, जो इसे एक आदर्श स्थल बनाता है प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटकों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए। यहां का शांत वातावरण, हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। आइए जानते हैं मसिनागुडी के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य**

मसिनागुडी का सबसे प्रमुख आकर्षण बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य है, जो भारत के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यह अभयारण्य मसिनागुडी के पास स्थित है और यहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को देखा जा सकता है। यहां बाघ, हाथी, तेंदुआ, तिहुंनी, जंगली सुअर, विभिन्न प्रकार के पक्षी और कीट प्रजातियां पाई जाती हैं। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह एक आदर्श स्थल है। यहां स्डुद्धड्डुह्लद्धह्य भी आयोजित की जाती हैं, जो पर्यटकों को जंगल के बीच रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं।

**2. मसिनागुडी जंगल सफारी**

मसिनागुडी में जंगल सफारी का अनुभव बहुत खास होता है। यहां पर आपको जंगल के बीच घूमते हुए वन्यजीवों के दर्शन हो सकते हैं। इन सफारियों के दौरान आप बंदिपुर राष्ट्रीय उद्यान, मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और अन्य आस-पास के वन क्षेत्र का दौरा करते हैं। सफारी के दौरान आपको बाघ, हाथी, गैंडे, चिंकारा, तेंदुआ आदि जानवरों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है। यह अनुभव एक साहसिक और रोमांचक यात्रा होती है।

**3. मुदुमलाई नेशनल पार्क**

मसिनागुडी के पास स्थित मुदुमलाई नेशनल पार्क, एक और प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है, जो पर्यटकों को वन्यजीवों के करीब लाता है। यह पार्क विभिन्न प्रकार की वन्यजीवों और पक्षियों का घर है। यहां की हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, और पर्वतीय दृश्य इसे एक शानदार पर्यटन स्थल बनाते हैं। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और बोटिंग का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो प्रकृति और वन्यजीवों से जुड़ा अनुभव चाहते हैं।

**4. सिंहपुरा जलप्रपात**

सिंहपुरा जलप्रपात मसिनागुडी का एक प्रमुख आकर्षण है। यह जलप्रपात नीलगिरि की पहाड़ियों से गिरता हुआ बहुत ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है। यहां की ठंडी हवा, बहते पानी की आवाज़ और आसपास का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह स्थान ट्रैकिंग और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। जलप्रपात के पास पहुंचने के लिए थोड़ी कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है, जो इसे और रोमांचक बनाती है।

**5. कोल्लीमाला हिल्स**

कोल्लीमाला हिल्स, मसिनागुडी के आसपास एक और खूबसूरत स्थल है। यहां की पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने से आपको पूरे क्षेत्र का शानदार दृश्य दिखाई देता है। इस स्थल पर आपको शांति और एकांत का अनुभव मिलेगा, जो शहर की हलचल से दूर एक सुकून भरा समय बिताने के लिए आदर्श है।

# पांडव फॉल बारहमासी झरना है, रहस्यपूर्ण वातावरण

## प्राचीन गुफाएं महाभारत से रखती हैं ताल्लुक

देश में बाघों की संख्या अब दिन प दिन कम होती जा रही है। बाघों को देने के लिए आज जनता जो एडवेंचर और वाइल्ड लाइफ की शौकीन है वह जंगलों की सफारी के लिए जाते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आप पन्ना टाइगर रिजर्व जा सकते हैं। यह जगह सर्दियों में किसी स्वर्ग से कम नहीं लगती। घने जंगल और बेहतरीन आलीशान रिजॉर्ट पर्यटकों को अपनी ओर खींच लाते हैं। पन्ना आकर आप सफारी राइड तो कर ही सकते हैं साथ ही यहां एक रहस्यमय जगह है जिसका नाम हैं पांडव की गुफाएं एवम् जलप्रपात यह जगह जंगल के अंदर बीचोबीच में हैं। यह स्थान पन्ना टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में स्थित एक खूबसूरत जगह है। यह स्थान प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों से युक्त है। यहां एक खूबसूरत झरना है। पांडव जलप्रपात की ऊंचाई 30 मीटर है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा बेहद मनोरम होता है। जैव विविधता की



दृष्टि से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यहां कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं। जो मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**पांडव जलप्रपात की खूबसूरती**

पांडव जलप्रपात झरने का पानी मध्य प्रदेश में स्थित केन नदी की एक सहायक नदी से आता है। यह एक बारहमासी झरना है, बारिश के मौसम में झरने का वेग बढ़ जाता है। पांडव जलप्रपात का पानी नीचे स्थित एक विशाल जलकुंड में गिरता है, जलकुंड का आकार दिल जैसा दिखता है। जलकुंड का पानी साफ होने के कारण मछलियां साफ दिखाई देती हैं। पांडव जलप्रपात हरे-भरे जंगलों से घिरा हुआ है। पांडव गुफा और पांडव जलप्रपात की शांति, पवित्रता और यहां का मनोरम वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय क्या है?**

पांडव जलप्रपात मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित सबसे लोकप्रिय दर्शनीय स्थलों में से एक है, जहाँ दुनिया भर से पर्यटक आते हैं। सर्दियों और मानसून के मौसम को पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इस दौरान यह क्षेत्र स्वस्थ जल प्रवाह के साथ घनी हरियाली से भरा रहता है। नीचे मौसमी विवरण दिया गया है जो पर्यटकों को पांडव जलप्रपात की यात्रा की योजना बनाने में मदद करेगा।

**प्रचलित कथा-** पांडव गुफा के बारे में जब जुए में पराजित होने के बाद पांडवों को हस्तिनापुर से निकाल दिया गया था। तब वे अज्ञातवास के समय यहां गुप्त रूप से निवास करते थे। उन्होंने इस झरने के पास एक गुफा में शरण ली थी और आपने हथियार रखे थे। इस घटना के बाद से इसका नाम पांडव फॉल और पांडव गुफा पड़ा।

# खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन पर जाएं घूमने, बिता सकेंगे यादगार पल

अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में तापमान आसमान छूने लगता है। अप्रैल के महीने में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। तो वहीं कई लोग ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में घूमने के लिए जाते हैं, तो कुछ उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लेह लद्दाख जैसी जगहों पर पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिता सकते हैं।

रिकांग पिओ समुद्र तल से करीब 7 हजार से भी अधिक फीट ऊंचाई



पर मौजूद है। यहां पर भीषण गर्मी में भी तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच रहता है। रिकांग पिओ में आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**मुनस्यारी**

अगर आप उत्तराखंड की हसीन वादियों में सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको अपने पार्टनर के साथ मुनस्यारी पहुंच जाना चाहिए। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी एक हसीन और शानदार हिल स्टेशन है।

यहां पर आपको घने जंगल, बादलों से ढके पहाड़, झील-झरने और ठंडी हवाओं में आप सुकून और शांति के पल बिता सकते हैं।

यहां पर कई कपल्स हनीमून के लिए पहुंचते हैं। मुनस्यारी में आप खलिया टॉप, नंदा देवी मंदिर, बिर्थी जलप्रपात और थमरी कुंड जैसी शानदार जगहों पर घूम सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**सोनमर्ग**

वैसे तो जम्मू-कश्मीर की हर जगहें पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। इसलिए ही जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग माना जाता है। यह एक ऐसी जगह है, जहां पर सालों साल ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाया जा सकता है।

अप्रैल की गर्मी में आप सोनमर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। अप्रैल के महीने में सोनमर्ग का तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच में रहता है। यह जगह देश का सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। यहां पर आप अप्रैल के महीने में भी स्नो एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**लेह लद्दाख**

अगर आप अप्रैल की गर्मी में किसी ठंडी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, तो आप लेह-लद्दाख घूमने के लिए जा सकते हैं। लेह लद्दाख देश के टॉप पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है।

अप्रैल के अलावा जून और जुलाई की भीषण गर्मी में भी हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक लेह लद्दाख घूमने के लिए पहुंचते हैं। वहीं कई कपल्स अप्रैल-मई-जून और जुलाई में यहां पर सिर्फ हनीमून मनाने के लिए भी पहुंचते हैं।

# दिल्ली और एनसीआर वायु प्रदूषण

## सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी- हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर वायु प्रदूषण संकट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा- मेरे मित्र का कहना है कि मामले की सुनवाई केवल सूचीबद्ध होने से ही इसमें सुधार हुआ है... यह जरूरी है कि हम इसे तीन-चार महीने बाद सूचीबद्ध करने के बजाय नियमित रूप से सुनें। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि दीर्घकालिक योजनाएं भी सार्वजनिक हों, उन योजनाओं पर चर्चा और अंतिम रूप दिया जाना आवश्यक है। अब इस मामले पर 10 दिसंबर को सुनवाई होगी।

एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र ने अल्पकालिक योजनाओं का शपथपत्र दाखिल किया है और सभी राज्यों व एजेंसियों के साथ बैठकें की गई हैं।



अदालत ने पूछा कि इन योजनाओं का वास्तव में कोई असर हुआ भी है या नहीं?

सीजेआई ने कहा- आपने जो एक्शन प्लान बनाया था, उससे कितनी सकारात्मक प्रगति हुई? हमें यह जानना जरूरी है। पहले हमें ये भी पता नहीं कि कौन-से कदम उठाए गए। इस दौरान एएसजी ने स्वीकार किया कि राज्यों का लक्ष्य शून्य पराली जलाना था, लेकिन उसे हासिल नहीं किया जा सका। इस पर सीजेआई ने कहा, पराली जलाना अकेला कारण नहीं है। कोविड के समय भी पराली जलाई जा रही थी, लेकिन तब आसमान बिल्कुल नीला और साफ था। सीजेआई ने यह भी कहा कि पराली के मुद्दे को राजनीतिक या अहं का विषय न बनाया जाए- किसान अगर पराली जला रहा है तो इसकी एक आर्थिक वजह है। वह एक संसाधन भी है और एक वस्तु भी।

एएसजी भाटी ने आईआईटी की 2016 और 2023 रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा, इसमें सबसे बड़ा योगदान वाहनों का है। उसके बाद धूल और औद्योगिक इलाकों का प्रदूषण और पराली जलाना सिर्फ एक सीमित समय की समस्या है। अदालत ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह में रिपोर्ट दी जाए जिसमें पराली के अलावा अन्य कारण- जैसे वाहन, निर्माण, धूल - पर अब तक कितनी कार्रवाई हुई और उसका क्या असर पड़ा, इसकी विस्तृत जानकारी हो। इस दौरान एक वकील ने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर दोनों तरफ वाहन खड़े होने से ट्रैफिक और प्रदूषण बढ़ता है। यह भी बताया गया कि दिल्ली में वाहनों की संख्या अन्य सभी महानगरों के कुल वाहनों से भी अधिक है। वहीं सीजेआई ने कहा कि मेट्रो जैसे प्रोजेक्ट भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, लेकिन जब तक लंबी अवधि की योजनाएं लागू होती हैं, तब तक तुरंत प्रभावी अल्पकालिक उपाय जरूरी हैं।

मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा, हम इस मामले को लंबा लंबित नहीं रहने देंगे। अगर फिर टाला गया तो वही इतिहास दोहराया जाएगा। जिसके बाद इस मामले को 10 दिसंबर को सूचीबद्ध किया गया।

## राज्यसभा में जगदीप धनखड़ का जिक्र- सभापति राधाकृष्णन से खरगे की अपील- दोनों पक्षों के साथ इंसाफ..

एजेंसी



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के साथ ही सरकार की नीतियों और सत्ताधारी खेमे- एनडीए की नीयत का विरोध करने वाली आवाजें बुलंद होती दिख रही हैं। राज्यसभा में पूर्व उपराष्ट्रपति और सदन के पीठासीन सभापति रहे जगदीप धनखड़ का जिक्र हुआ। विपक्षी खेमे के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सभापति राधाकृष्णन से दोनों पक्षों के साथ इंसाफ करने की अपील की। खरगे ने पीठासीन सभापति का अभिनंदन करते हुए अपने वक्तव्य में कहा, कांग्रेस सांविधानिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं के साथ दृढ़ता से खड़ी है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही का निष्पक्ष संचालन, प्रत्येक पक्ष के सदस्यों को उचित अवसर प्रदान करना, सभापति के कार्यालय की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि वे बाद में उनकी बातों का जवाब देंगे। उन्होंने कहा, मैं आपके पूर्ववर्ती सभापति के पद से अप्रत्याशित और अचानक हटने का उल्लेख करने के लिए बाध्य हूं, जो संसदीय इतिहास में अभूतपूर्व है... सदन के संरक्षक के रूप में राज्यसभा के सभापति, सरकार के साथ-साथ विपक्ष के भी उतने ही हैं। उनकी टिप्पणी पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा, कार्यवाही के संचालन में हमारे सहयोग के प्रति आश्वस्त रहें। बता दें कि धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इसी साल 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। लंबे समय तक मीडिया से दूर रहे धनखड़ हाल ही में चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह में देखे गए थे। राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष खरगे ने कहा, मुझे इस बात का दुःख है कि इस सदन को उन्हें विदाई देने का अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा, राधाकृष्णन तीन बार लोकसभा सांसद रह चुके सीके कुप्पुस्वामी के रिश्तेदार हैं, जो कभी कांग्रेस सदस्य थे।

### क्विक न्यूज

#### मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय, एक बेटे का नाम शेखर, पॉडकास्ट में एलन मस्क का खुलासा

**वॉशिंगटन।** दिग्गज अरबपति और टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि उनकी पार्टनर शिवॉन जिलिस आधी भारतीय हैं। निखिल कामत के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने ये भी बताया कि उनके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है। मस्क ने बताया कि ये नाम अमेरिकी भौतिकशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता सुब्रमण्यन चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है। पॉडकास्ट के दौरान एलन मस्क ने कहा कि मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं, लेकिन मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय हैं। मेरे और उसके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है, जो चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है। मस्क ने बताया कि उनकी पार्टनर शिवॉन जिलिस कनाडा में पली-बढ़ी हैं और जब वे एक छोटी बच्ची थीं, तब उन्हें गोद लिया गया था।

#### ट्रंप लंबे समय के लिए खत्म कर सकते हैं शरण देने की प्रणाली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में आव्रजन नीति को और सख्त की तैयारी तेज हो गई। इस बात का संकेत डोनाल्ड ट्रंप ने दिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका शरण प्रक्रियाओं को लंबे समय तक रोक सकता है। व्हाइट हाउस के पास अफगान मूल के हमलावर का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा कि कई लोग देश के लिए खतरा बन रहे हैं। बीते दिनों अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास हुए हमले के बाद ट्रंप प्रशासन ने जांच नियमों और सुरक्षा प्रक्रियाओं को और सख्त करने का फैसला किया है। इसके तहत अब ट्रंप की प्रशासन ने अमेरिका में आव्रजन नीतियों को और कड़ा करने की तैयारी कर रहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशासन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वे शरण देने की प्रक्रिया को लंबे समय के लिए रोकना चाहते हैं।

## हर संभावित कारणों की जांच जारी, एअर इंडिया विमान हादसे पर सरकार बोली- मुआवजे की प्रक्रिया तेज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में जून महीने में हुए एअर इंडिया विमान हादसे को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा बयान दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राज्यसभा में स्पष्ट किया है कि दुर्घटना के सभी संभावित कारणों की जांच की जा रही है और किसी भी एंगल को छोड़ा नहीं गया है। सरकार के अनुसार, शुरुआती जांच रिपोर्ट सिर्फ उस समय उपलब्ध सबूतों पर आधारित थी।



12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही एअर इंडिया की विमान संख्या ढ्ढ171 क्रैश हो गई थी। यह विमान लंदन गैटविक जा रहा था और इसमें कुल 260 लोग सवार थे। इनमें 241 यात्री और 12 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसा टेकऑफ के कुछ देर बाद ही हुआ और सिर्फ एक यात्री जीवित बच सका। विमान बोइंग 787-8 मॉडल का था। यह दुर्घटना देश के एविएशन इतिहास की सबसे भयावह घटनाओं में से एक बनी।

इस हादसे की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) कर रहा है। एएआईबी ने 12 जुलाई को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट को लेकर कुछ पक्षों में सवाल उठे कि क्या पर्याप्त जांच हुई है। सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट केवल तथ्यों पर आधारित होती है और अंतिम निष्कर्षों के लिए विस्तृत जांच आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि सभी संभावित कारणों की जांच की जा रही है और अभी जांच जारी है।

केंद्र सरकार ने बताया कि निदेशालय महानिदेशक नागर विमानन (डीजीसीए) ने विमानों के सुरक्षित संचालन के लिए व्यापक सिविल एविएशन रेगुलेशंस (सीएआर) लागू कर रखे हैं। इन नियमों के तहत विमान की देखरेख, मरम्मत, तकनीकी निरीक्षण और क्रू प्रशिक्षण की कड़ी निगरानी की जाती है।

## ब्वॉयफ्रेंड की लाश से की शादी- प्रेमी के नाम का भरा सिंदूर प्रेमिका आंचल ने बताई हॉरर किलिंग की दर्दनाक कहानी

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड में एक ऐसी वारदात सामने आई जिसने पूरे क्षेत्र को हिला दिया। एक लड़की आंचल ने अपने प्रेमी सक्षम टेटे की खून से सनी लाश के सामने सिंदूर भरकर उससे शादी की। यह कदम उसने तब उठाया जब उसके पिता और भाइयों पर उसके प्रेमी की हत्या करने का आरोप लगा। यह पूरा मामला कथित ऑनर किलिंग से जुड़ा बताया जा रहा है, जिसमें जातिगत भेदभाव और परिवार की नफरत ने एक युवा की जान ले ली। घटना ने पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




आंचल ने बताया कि वह और सक्षम तीन साल से एक-दूसरे के साथ थे। सक्षम अनुसूचित जाति से था, और इसी वजह से उसके परिवार ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। लड़की का आरोप है कि उसके पिता और भाइयों ने कई बार सक्षम को धमकाया था। परिवार ने यहां तक कहा था कि अगर वह आंचल से शादी करना चाहता है तो उसे धर्म परिवर्तन करना होगा। सक्षम इसके लिए भी तैयार था, फिर भी परिवार का गुस्सा कम नहीं हुआ। आंचल के मुताबिक, परिवार सक्षम को रास्ते से हटाने के मौके का इंतजार कर रहा था।

आंचल ने दावा किया कि जिस दिन सक्षम की हत्या हुई, उसी सुबह उसके छोटे भाई ने उसे पुलिस स्टेशन ले जाकर झूठा केस लिखाने का दबाव बनाया। जब उसने मना किया, तो दो पुलिसकर्मियों धीरज कोमलवार और महित असवरवार ने उसके भाई को भड़काया। लड़की के मुताबिक, पुलिस ने उसके भाई से कहा कि केस बनाने से अच्छा है कि जिसे मारना है, मार दो। यह सुनकर उसका भाई इसे चुनौती समझ बैठा। आंचल का कहना है कि इसी उकसावे के बाद उसके भाइयों ने सक्षम की हत्या की योजना बनाई।

शाम के समय सक्षम अपने दोस्तों के साथ इलाके में मौजूद था, तभी आंचल का भाई हेमेश मामिदवार वहां पहुंचा और झगड़ा शुरू कर दिया। यह विवाद देखते ही देखते हिंसा में बदल गया। बताया गया कि हेमेश ने पहले सक्षम को गोली मारी और फिर उसके सिर को पत्थर से कुचलकर मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया। वारदात मिलिंद नगर, इतवारा थाने के अंतर्गत हुई। मौके की हालत देखकर पुलिस भी हैरान रह गई क्योंकि हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई थी।

सक्षम की मौत की खबर मिलते ही आंचल खुद उसके घर पहुंची। उसने सक्षम के खून से मांग भरकर उसकी लाश से शादी की। लड़की ने कहा कि उसके प्रेमी का अपराध सिर्फ यह था कि वह उससे प्यार करता था। परिवार ने न केवल उसे, बल्कि उसकी जाति को भी निशाना बनाया। यह दृश्य आसपास मौजूद लोगों के लिए बेहद दर्दनाक था।

## बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार होंगे, विपक्ष की ओर से नामांकन भी नहीं

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ही होंगे। सोमवार को बिहार विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर के सामने तेजस्वी यादव के पहले और मंत्रियों के बाद विधायक के रूप में डॉ. प्रेम कुमार ने शपथ ली थी। और, अब उन्होंने बिहार विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चयन के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया है। इसके साथ ही सभी तरह की अफवाहों पर विराम लग गया है।

विधानसभा अध्यक्ष पद पर नामांकन करने के बाद गया टाउन के भारतीय जनता पार्टी विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि एनडीए नेतृत्व और पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है। उनके आदेश के बाद मैंने अपना नामांकन कर दिया है। कल परिणाम आएगा। मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। नवीं बार विधायक चुनकर यहां पहुंचा हूं, इसलिए जनता जनार्दन का भी मैं धन्यवाद करता हूं। जिन विधायकों ने आज शपथ लिया और जो बच गए, उन्हें भी मैं शुभकामना देता हूं।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का परिणाम 14 नवंबर को आया था। इसमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पांच दलों को मिलाकर 202 सीटें आई थीं। दूसरी तरफ विपक्षी महागठबंधन में कांग्रेस सहित 35 सीटें हासिल हुई थीं। असद्दुदीन ओवैसी की पार्टी के पांच और मायावती की बहुजन समाज पार्टी के एक विधायक बने। इस तरह अगर विपक्ष में इन्हें भी जोड़ लिया जाए तो 41 सीटें होती हैं। ऐसी स्थिति में पिछली बार की तरह फजीहत से बचने के लिए महागठबंधन ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष के रूप में किसी का नामांकन नहीं कराया। विधानसभा के इस विशेष सत्र में पहले दिन विधायकों को बारी-बारी से शपथ दिलाई गई थी।

## संसद परिसर में कुत्ते पर विवाद- टोकने पर भड़कीं रेणुका चौधरी, गुस्से में कटाक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद परिसर में कुत्ते को साथ लाने पर टोकी गईं कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने गुस्से में संसद के भीतर बैठने वाले लोगों पर कटाक्ष किया। माननीयों पर गंभीर टिप्पणी करते हुए रेणुका ने यहां तक कह दिया कि सरकार ने इन बेजुबान जीवों की हिफाजत के लिए कोई कानून नहीं बना रखा है। रेणुका चौधरी ने कहा कि उन्होंने किसी नियम या प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं किया है।

कांग्रेस सांसद के मुताबिक उन्होंने संसद आते समय डॉग रेस्क्यू किया, जिस मुद्दे को बेवजह तूल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद पहुंचाने के बाद उनकी गाड़ी कुत्ते को लेकर वापस भी लौट गई। रेणुका चौधरी ने कहा कि संसद में बैठकर रोज डसने वाले लोगों को लेकर किसी तरह की चिंता नहीं की जा रही है



रेणुका चौधरी ने देश के कई राज्यों में हुई बूथ लेवल ऑफिसर्स की मौत का जिक्र करते हुए कहा, देश में बीएलए की मौत को ड्रामा बताया जा रहा है, और उनके डॉग रेस्क्यू पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ऐसा करना हास्यास्पद है। कांग्रेस सांसद ने सत्ताधारी दल को आड़े हाथों लिया और कहा, पार्लियामेंट में बैठकर जो हमें रोज डसते हैं, उसकी तो कोई फिक्र ही नहीं है।

कांग्रेस सांसद ने संसद आने की घटना का जिक्र करते हुए कहा, मैं रास्ते में आ रही थी। रास्ते में एक स्कूटर और कार की टक्कर हुई। उसके आगे पिल्ला सड़क पर घूम रहा था, तो मुझे लगा कि इसे टक्कर लग जाएगी। मैंने उसे उठाकर अपनी कार में रखा, संसद आई और कार के साथ घर वापस भेज दिया। अब कार चली गई, और कुत्ता भी जा चुका है तो इस पर चर्चा का क्या मतलब है?

उन्होंने कहा, असली काटने वाले तो संसद में बैठे हैं। वे सरकार चलाते हैं। हम एक बेजुबान जानवर की देखभाल करते हैं, और यह एक बड़ा मुद्दा और चर्चा का विषय बन गया है। क्या सरकार के पास और कुछ करने को नहीं है? मैंने कुत्ते को घर भेज कर उसकी देखभाल करने को कहा है। उनके पास ऐसे कई बेजुबान जीव हैं। अगर चाहिए तो वे तस्वीरें जारी कर देंगी।

## राज्य निर्वाचन आयोग पर भड़के सीएम फडणवीस बोले- पता नहीं किससे सलाह ले रहा आयोग?

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर आगामी निकाय चुनाव स्थगित होने पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग का चुनाव स्थगित करने का फैसला पूरी तरह से गलत है। पैठण में मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि अंतिम समय में चुनाव स्थगित करना उन उम्मीदवारों के साथ अन्याय है, जो नामांकन की पूरी प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, विचाराधीन याचिकाओं के चलते कुछ जगहों पर निकाय चुनाव स्थगित करने का फैसला अन्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय है। मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग के चुनाव स्थगित करने के फैसले की वैधानिकता पर सवाल खड़े किए। सीएम ने कहा, मुझे नहीं पता कि निर्वाचन आयोग किससे सलाह ले रहा है, लेकिन जहां तक मुझे कानून का पता है, अगर कोई अदालत गया है तो इसके चलते चुनाव स्थगित नहीं किए जा सकते। राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को होने वाले निकाय चुनाव को कुछ जगहों पर स्थगित कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, कोई उम्मीदवार अगर नामांकन खारिज होने के चलते अगर अदालत गया है तो आखिरी समय पर चुनाव को ही स्थगित कर देना अन्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र निकाय है और ये फैसला लेना उसका अधिकार है, लेकिन चुनाव को स्थगित करना पूरी तरह से गलत है। फडणवीस ने इस मामले को चुनाव आयोग के सामने उठाने की बात भी कही। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने भी राज्य निर्वाचन आयोग के फैसले की आलोचना की और कहा कि नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कभी भी चुनाव स्थगित नहीं किए गए हैं।

## पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत गंभीर, दिल-फेफड़ों तक पहुंचा संक्रमण का असर

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में आम चुनाव होने वाले है। इससे पहले वहां की राजनीति में गजब का गर्माहट देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में अपनी-अपनी दावेदारी प्रबल करने में लगी है। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया की सेहत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उनके पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि 80 वर्षीय जिया की स्वास्थ्य स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है।

बता दें कि खालिदा जिया को 23 नवंबर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें छाती में संक्रमण हुआ था, जिससे उनके हृदय और फेफड़ों पर असर पड़ा। चार दिन बाद उनकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के बिगड़ने के कारण उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट (सीसीयू) में शिफ्ट किया गया।



बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिज़वी ने रविवार को बताया कि डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी स्थिति और बिगड़ी नहीं है, लेकिन बहुत सुधार भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अभी तक जिया को विदेश में इलाज के लिए भेजने की सलाह नहीं मिली है। वहीं बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने शनिवार को बताया कि डॉक्टरों ने कहा था कि उन्हें विदेश में इलाज की जरूरत हो सकती है, लेकिन वर्तमान में उनकी शारीरिक स्थिति विदेश यात्रा के लिए अनुकूल नहीं है।

बता दें कि बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया को पहले भी जिगर, किडनी, मधुमेह, गठिया और आंखों की बीमारियों जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं हैं। इस साल छह मई को जिया लंदन से भारत लौटकर बांग्लादेश आई थीं, जहां उन्होंने चार महीने तक उन्नत चिकित्सा उपचार लिया था। बीएनपी ने शुक्रवार को कहा था कि जिया की स्थिति बहुत गंभीर है और लोगों से उन्हें दुआ में याद रखने का अनुरोध किया था।


## सिडनी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय बाल शोषण रैकेट का भंडाफोड़

### हजारों वीडियो बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**सिडनी।** सिडनी में पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय बाल यौन शोषण रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन चारों पर बच्चों के यौन उत्पीड़न से जुड़े वीडियो ऑनलाइन फैलाने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क एक वैश्विक अंतरराष्ट्रीय बाल शोषण घिरोह से जुड़ा था, जिसके वीडियो में खतरनाक रस्मों और शैतानी प्रतीकों का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने इस कार्रवाई को बेहद गंभीर और संवेदनशील बताया है।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस की विशेष टास्क फोर्स ने ऑनलाइन एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर चल रही संदिग्ध गतिविधियों की जांच के दौरान इस नेटवर्क की पहचान की। डिटेक्टिव सुपरिंटेंडेंट जेन डोहर्टी ने बताया कि यह सामान्य अपराध नहीं था, बल्कि इसमें ऐसे वीडियो शामिल थे जिनमें बच्चों को शैतानी अनुष्ठानों से जुड़े प्रतीकों और रिवाजों का इस्तेमाल करते हुए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह सामग्री ÷अत्यंत भयावह÷ है और बातचीत में भी ऐसे संकेत मिले जिससे पता चलता है कि आरोपी इसी तरह की क्रूर सामग्री साझा करते थे।



पिछले गुरुवार को सिडनी में कई स्थानों पर छापे मारे गए और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके ठिकानों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए जिनमें हजारों वीडियो संग्रहित थे। यह सामग्री ऐसे बच्चों की थी जिनकी उम्र कुछ महीनों से लेकर 12 साल तक बताई गई है। पुलिस का कहना है कि यह सबूत दिखाते हैं कि आरोपी एक वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा थे, जो ऑनलाइन बच्चों पर अत्याचार से जुड़े वीडियो साझा करता था।

पुलिस ने बताया कि यह नेटवर्क अलग-अलग देशों में फैले लोगों के बीच सामग्री साझा करता था। जांच में यह संकेत मिला है कि आरोपी शैतानी और ओकल्ट प्रतीकों के साथ वीडियो साझा करते थे। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में जो वीडियो मिले हैं, वे आरोपियों ने खुद नहीं बनाए, लेकिन उन्होंने इन्हें साझा किया और इन पर चर्चाएं कीं। अधिकारियों ने कहा कि वे वैश्विक एजेंसियों के साथ मिलकर यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पीड़ित बच्चे कौन थे, उन्हें कहां प्रताड़ित किया गया और अपराध के पीछे कौन लोग हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में 26 वर्षीय लैंडन जर्मनोटा-मिल्स को इस नेटवर्क का मुख्य संचालक बताया गया है। अन्य तीन आरोपी स्टुअर्ट वुड्स रिचेस (39), मार्क एंड्रयू सेनडेक्की (42) और बेनजामिन रेमंड ड्राइस्डेल (46) हैं। चारों पर ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री फैलाने के आरोप लगे हैं। जर्मनोटा-मिल्स पर बेस्टियालिटी सामग्री फैलाने और अपने पास रखने का अतिरिक्त आरोप भी लगाया गया है। अदालत ने चारों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है और वे अब जनवरी के अंत में अगली सुनवाई के लिए पेश होंगे।

पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी भी पीड़ित की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से जांच तेजी से जारी है। अधिकारी जेन डोहर्टी का कहना है कि यह मामला बेहद संवेदनशील है और पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

पुलिस ने यह भी बताया कि यह अपराध संगठित तरीके से चलाया जा रहा था और सामग्री को एन्क्रिप्टेड माध्यमों के जरिए साझा किया जाता था, ताकि पहचान छुपी रहे। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ते ही कई और खुलासे हो सकते हैं।

# सांस्कृतिक विविधता राष्ट्रीय एकता की आधारशिलाः कुलपति

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राजभवन के दिशा-निर्देशों के क्रम में नागालैंड स्थापना दिवस का भव्य आयोजन आर्यभट्ट सभागार में हुआ, जहां विद्यार्थियों ने नागालैंड की संस्कृति पर आधारित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन देश की सांस्कृतिक विविधता को समझने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि नागालैंड स्थापना दिवस हमें विविधताओं से भरे भारत की महान एकता और सह अस्तित्व की भावना की याद दिलाता है। कुलसचिव केशलाल ने कहा कि हमारे हाथों में जो अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है, उसे पहचानने और संरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य पूरे भारत से भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़े रहने की भावना को सुदृढ़ करना है। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार ने निभाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की 11 छात्राओं ने नागालैंड के लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसमें कुकी सहित अन्य जनजातीय नृत्यों का आकर्षक प्रदर्शन भी शामिल था। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसका विषय नागालैंड प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं विविध विशेषताएँ रहा। प्रतियोगिता का समन्वयन डॉ. शशिकांत यादव ने किया। परिणामों में प्रथम स्थान पर अभिनव कीर्ति पांडेय,



पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नागालैंड स्थापना दिवस का भव्य आयोजन, सांस्कृतिक विविधता ने मोहा मन

द्वितीय पर प्रिया तिवारी तथा तृतीय स्थान पर मनीष जायसवाल रहे। नागालैंड-केन्द्रित सामान्य ज्ञान क्विज़ में प्रथम स्थान माधवी पांडे, गोल्डी यादव और प्रिया तिवारी, द्वितीय स्थान मूलचंद तथा तृतीय स्थान शिवांशु सिंह को मिला। इसका समन्वयन प्रो. विनोद कुमार ने किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली और पोस्टर प्रदर्शनी ने नागालैंड की बहुरंगी संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। नागालैंड पर छात्रा साक्षी पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत कविता को भी सराहना मिली। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित वृत्तचित्र नागालैंडः संस्कृति से विकास तक का विशेष प्रदर्शन किया गया। इसमें नागालैंड की सांस्कृतिक धरोहर, जनजातीय जीवन, प्राकृतिक सौंदर्य, 1963 से अब तक के विकास तथा विश्वविद्यालय एवं नागालैंड के शैक्षणिक संबंधों को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया गया। इस वृत्तचित्र का निर्माण जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर द्वारा किया गया। नागालैंड जनजातीय सेल्फी पॉइंट विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अन्नू त्यागी ने किया। आयोजन समिति में डॉ. आलोक दास, डॉ. राहुल राय, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. वनिता सिंह, श्याम त्रिपाठी सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर उप कुलसचिव बबीता सिंह, सहायक कुलसचिव सरला यादव, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. गिरधर मिश्र, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. आलोक गुप्ता, सुशील प्रजापति समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## हनुमानगंज एएस क्लब ने उद्घाटन मुकाबला जीता

**प्रयागराज।** हनुमानगंज एएस क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को चार विकेट से हराकर यश हॉस्पिटल क्रिस्टल ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत में अंशुल विश्वकर्मा (60 रन, 32 गेंद, 12 चौके, एक छक्का) और वामहस्त स्पिनर सौरभ तिवारी (5-0-20-5) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दौलत हुसैन मैदान पर सोमवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले मैच में टॉस जीतकर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 29 ओवर में 117 रन (मोहम्मद हम्माद 32, अल्तमश 17, अब्दुल बासित 12, सौरभ तिवारी 5/20, मयंक यादव 3/11, अनुभव गुप्ता 2/13) बनाएम जवाब में हनुमानगंज एएस क्लब ने 16.2 ओवर में 6 विकेट पर 121 रन) अंशुल विश्वकर्मा 60, अब्दुल बासित 2/25, अरबाज खान, अबू रिमशा, मोहम्मद हम्माद व मोहम्मद आदिल एक-एक विकेट) बना लिए।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, मासूम की गयी जान

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (बरसठी)।** स्थानीय क्षेत्र के अचानकनगर पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। सुरियावां में शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार दम्पत्ति और उनकी बच्ची को तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में लगभग 6 वर्षीय बच्ची अनन्या की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला आरती उम्र लगभग 28 वर्ष और उसका पति पंकज 30 वर्ष व एक अन्य गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पते मिले।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार निगोह की दिशा से खतरनाक रफ्तार में आ रही थी। अचानक चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद चारों ओर चीख-पुकार मच गई। घायल दंपती खून से लथपथ हालत में सड़क पर पड़े मिले जबकि मासूम अनन्या बेहोशी की अवस्था में पड़ी थी। लोगों ने उसे उठाया लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

सूचना मिलते ही बरसठी थाना पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बरसठी भेजवाया। डॉक्टरों ने दोनों की हालत नाजुक देखते हुए तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार और उसके चालक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। मृतक अनन्या के शव का पंचनामा कर पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# यातायात माह में सराहनीय कार्य करनें वाले अधि./कर्मचारीगण को डीएम ने किया पुरस्कृत

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा यातायात माह नवम्बर 2025 जागरुकता माह का समापन, विद्यालयों के बच्चों, व यातायात माह में सराहनीय कार्य करनें वाले अधि0/कर्मचारीगण को पुरस्कार वितरण किया गया। यातायात माह का समापन समारोह पुलिस लाइन जौनपुर सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक शहरी आयुश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी यातायात सुशील कुमार तिवारी, प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्र, के द्वारा किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अवसर पर यातायात माह में प्रचार-प्रसार में सराहनीय कार्य व योगदान करने वाले स्कूलों के प्राधानाचार्य व उन स्कूलों के छात्र-छात्राओं, को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया । जिसमें गुलाबी देवी इण्टर कालेज, कन्हइपुर जौनपुर, हरिहर सिंह इण्टरनेशनल स्कूल, उमरपुर जौनपुर, नेहरु बालोध्यान, कन्हईपुर जौनपुर, जनक कुमारी इण्टर कालेज, हुसैनाबाद जौनपुर, मो0 हसन इ0 कालेज जौनपुर, माउण्ट लिट्रा जी स्कूल रामदयालगंज, जौनपुर, तिलकधारी सिंह इकालेज जौनपुर, बीआरपी इण्टर कालेज जौनपुर, रजा डी एम सिया इण्टर कालेज,जौनपुर, जनक कुमारी इण्टर कालेज, हुसैनाबाद जौनपुर, सनराइज इण्टरनेशनल स्कूल राजापुर मड़ियाहू जौनपुर, बयालसी इण्टर कालेज जलालपुर, जौनपुर विद्यालय/शिक्षण संसथान के प्रधानाचार्य व 350 बच्चें शामिल थे। साथ ही साथ यातायात माह 2025 के दौरान सराहनीय योगदान के लिये यातायात व थाने से अधि0/कर्मचारीगण को तथा प्रिन्ट मिडिया व इलेक्ट्रानिक मिडिया के पत्रकार बंधुओं को भी पुरस्कृत किया गया। साथ ही हेलमेट भी वितरित किया गया। यातायात माह 2025 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुरे माह जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद जौनपुर के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट, हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए, शीत ऋतु में कोहरे में दृश्यता के अभाव होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के निर्मूलन हेतु मालवाहक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों में निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए तथा राजमार्गो पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया, न मानने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही भी की गई।

# काली पट्टी बांधकर ग्राम सचिवों का प्रदेशव्यापी सत्याग्रह शुरू

**अवधनामा संवादादाता**

- फेशियल अटेंडेंस सिस्टम के विरोध में सचिवों ने जताया रोष
- अतिरिक्त गैर-विभागीय कार्यों से सचिवों में नाराज़गी बढ़ी

**जौनपुर।** केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग के जनपद के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों ने समस्त 21 विकास खंडों में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों का विरोध करने हेतु समग्र रूप से आयोजित प्रदेश व्यापी क्रमिक सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत काली पट्टी बांधकर किया। उ॰प्र॰ ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह तथा ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन जौनपुर के जिला अध्यक्ष डॉ फूलचंद कनौजिया ने संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में उपर्युक्त कार्यक्रम के संदर्भ में अवगत कराया कि शासन प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को बिना कोई अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराये उनके व्यक्तिगत मोबाइल एवं सिम से फेशियल रिकॉग्निशन बेस्ड अटेंडेंस सिस्टम के द्वारा क्षेत्रीय सचिवों की उपस्थिति हेतु अव्यवहारिक पत्र जारी किया गया है जिससे पूरे प्रदेश के सचिवों में रोष एवं भय व्याप्त है क्योंकि उपर्युक्त उपस्थित प्रणाली उनके क्षेत्रीय कार्य की प्रकृति के बिल्कुल विपरीत है। संयुक्त रूप से दोनों कर्मचारी नेताओं ने कहा कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में क्षेत्रीय ग्राम सचिव अपना मूल कार्य नियमित ढंग से नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके ऊपर गैर विभागीय कार्य जैसे फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, गौशाला प्रबंधन, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, फैमिली आईडी, विभिन्न प्रकार के पेंशनों का सत्यापन, शिक्षा विभाग के ऑपरेशन कायाकल्प एवं बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी, गायों के लिए भूसा का प्रबंधन, सोलर पैनल लगवाने का लक्ष्य, पराली प्रबंधन आदि को करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए शासन प्रशासन के अधिकारी अत्यधिक दबाव बना रहे हैं जिससे कर्मचारी अस्वस्थ होने के साथ विभिन्न दुर्घटनाओं के भी शिकार हो रहे हैं। उपर्युक्त विषयों पर पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग के सचिवों की निराशा एवं शोषण को देखते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी-ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले केंद्रीय नेतृत्व ने दिनांक 01 दिसंबर 2025 से 04 दिसंबर 2025 तक विकास खंडों में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। दिनांक 05 दिसंबर 2025 को पूरे प्रदेश के समस्त 826 विकास खंडों में प्रदेश के समस्त सचिव एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन करेंगे तथा माननीय मुख्यमंत्री जी को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रेषित करेंगे इसके बाद प्रदेश के समस्त सचिव अपने व्यक्तिगत मोबाइल से जनपद के समस्त शासकीय व्हाट्सएप ग्रुपों से अपने को विरत कर लेंगे। दिनांक 10 दिसंबर 2025 से प्रदेश के सभी सचिव अपने निजी वाहनों से सरकारी कार्य नहीं करेंगे तथा दिनांक 15 दिसंबर 2025 को समस्त सचिव अपने डोंगल को विकासखंडों पर समर्पित कर देंगे।



डॉ प्रदीप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्रीय ग्राम सचिवों की उपर्युक्त समस्याओं पर समय रहते अगर शासन प्रशासन द्वारा समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रयास नहीं किया गया तो प्रदेश के संपूर्ण सचिव भविष्य में संपूर्ण कार्य बहिष्कार एवं अनवरत धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हो सकते हैं जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद जौनपुर सहित पूरे प्रदेश के समस्त विकास खंडों में आगामी 04 दिसंबर 2025 तक समस्त सचिव काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से सत्याग्रह आंदोलन करते हुए अपने शासकीय कार्यों का निष्पादन करते रहेंगे।

## कार ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, पति की मौत

**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित कार की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के धनुहा मामा भांजा निवासी 52 वर्षीय दिग्विजय गौड़ पुत्र स्व. राम सत्य गौड़ अपनी पत्नी सुशीला गौड़ के साथ मेंजा क्षेत्र के बिगहनी गांव में एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। यह दुर्घटना देवरी कला गांव स्थित आर्गन हॉस्पिटल के पास मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर हुई। शहर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पति-पत्नी दोनों सड़क किनारे बने लोहे के डिवाइडर से जा टकराए। इस हादसे में दिग्विजय गौड़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सुशीला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल सुशीला देवी को पास के आर्गन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बिजली बिल राहत योजना 2025-26 आज से लागू



- ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने प्रयागराज से योजना का किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार की बहुप्रतीक्षित और उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26' का आज पूरे प्रदेश में विधिवत शुभारंभ हो गया। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने प्रयागराज के सोरांव सब स्टेशन से इस ऐतिहासिक योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करेगी, बल्कि बिजली विभाग और उपभोक्ता दोनों के बीच विश्वास व सहयोग के नए युग की शुरुआत करेगी। उन्होंने इसे सरकार की संवेदनशील और परिणामकारी कार्यप्रणाली का उदाहरण बताया। शुभारंभ समारोह में मंत्री श्री शर्मा ने पहले पंजीकरण करने वाले पाँच उपभोक्ताओं को प्रमाणपत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आज की शुरुआत उन उपभोक्ताओं के लिए राहत की नई किरण है, जिन पर वर्षों से बकाया बिलों का बोझ बना हुआ था। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ पा सकें। योजना तीन चरणों में चलेगी। प्रथम चरण 1 दिसंबर 2025 से आरंभ होकर 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा। द्वितीय चरण 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक तथा तृतीय चरण 1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। प्रथम चरण में 100 प्रतिशत ब्याज के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट द्वितीय चरण में 15 प्रतिशत की छूट एवं तृतीय चरण में 10 प्रतिशत की ही छूट दी जाएगी। वन-टाइम सेटलमेंट की यह सुविधा उन उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जिनके बिल ब्याज और सरचार्ज के कारण बहुत अधिक हो चुके हैं। इस अवसर पर विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक फूलपुर दीपक पटेल, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष गंगापार श्रीमती निर्मला पासवान, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगणों सहित एमडी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम शंभू कुमार, मुख्य विद्युत अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता विद्युत उपभोक्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रथम चरण में बकायेदारों के लिए 100 प्रतिशत ब्याज माफी व 25 प्रतिशत मूलधन में छूट

**प्रयागराज।** योजना के प्रथम चरण में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत ब्याज माफी एवं मूलधन पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी, जिससे उनकी देनदारियाँ काफी कम हो जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाया गया है। उपभोक्ता विभागीय वेबसाइट www.uppcl.org, पर, संबंधित खंड/उपखंड कार्यालय, जन सेवा केंद्र या किसी भी विभागीय कैश काउंटर से से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## राज व शशांक के दम पर भानु प्रताप क्लब को मिली जीत



**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब ने स्वर्गीय सत्यम शुक्ला स्मारक अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में श्री महावीर क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक हासिल किए हैं। इस जीत में राज विश्वकर्मा (6 - 1 - 15 - 5) व शशांक मौर्या (6 - 0 - 20 - 4) अचूक गेंदबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। सोमवार को मिलिनियम मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्री महावीर क्रिकेट क्लब की पूरी टीम महज 12.4 ओवर में 41 रन (आदित्य 21 रन, राज विश्वकर्मा 5/15, शशांक मौर्या 4/20, आदित्य 1/00) पर बिखर गई। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब की टीम ने 6.2 ओवर में दो विकेट पर 42 रन (प्रत्युश त्रिपाठी 14 अविजित रन, आदित्य 2/09) पर बना लिए। मैच के बाद फोर्ड स्कूल के क्रिकेट कोच बृजेश कुमार ने राज विश्वकर्मा को मैन ऑफ़ डी मैच का पुरस्कार दिया।

# अली, अशर, शोभित, अनुभव और बिलाल अगले दौर में

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बिलियर्ड्स और स्नूकर एसोसिएशन (यूपीबीएसए) के तत्वावधान में आयोजित राजा राम कुमार भार्गव स्मृति राज्य स्तरीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप में प्रयागराज के अली ज़हेब, लखनऊ के अशर अबरार, शोभित चंद्रा, अनुभव शुक्ला और अलीगढ़ के बिलाल जैदी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बना ली है। बिशप जॉर्ज स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को प्रतियोगिता के सातवें दिन प्रयागराज के अली ज़हेब ने लखनऊ के रोहित गंगवार को हराया। अली ने पहला फ्रे 69-2 से जीता। रोहित ने वापसी करते हुए दूसरा फ्रेम 54-17 से और फ्रेम 57-46 से जीतकर 2-1 की बढ़त ले ली। अली



ने शानदार वापसी करते हुए चौथा फ्रेम 57-53 जीतकर मैच को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। आखिरी फ्रेम में रोहित ने एक ब्राउन मिस कर दिया और अली को फ्रेम 63-49 से जीतने का मौका दे दिया। लखनऊ के अशर अबरार ने मोहम्मद वसीउल्लाह को 3-2 से हराया। पहले फ्रेम में वसीउल्लाह ने अशर के 39 के मुकाबले 63 स्कोर किया। अशर ने दूसरा फ्रेम एकतरफा करते हुए 84-1 अंक बनाये। वसीउल्लाह ने तीसरे फ्रेम में अच्छी वापसी की और उसे 64-53 से जीत लिया, लेकिन अशर ने अगला फ्रेम फिर से 70-21 से जीतकर मैच बराबरी कर ली। आखिरी फ्रेम में अशर ने 64-34 से जीत दर्ज करके वसीउल्लाह को 3-2 से हरा दिया। लखनऊ के शोभित चंद्रा ने प्रयागराज के मोहम्मद आमिर को 3-2 से हराया। अनुभवी शोभित ने अपनी क्यूइंग स्किल्स दिखाते हुए आमिर को 37-55, 87-31, 50-57, 68-10, 56-36 से हराया।

लखनऊ के अनुभव शुक्ला ने प्रयागराज के पुष्पेंद्र सिंह को लगातार तीन फ्रेम 65-11, 51-11, 58-23 से हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। अलीगढ़ के बिलाल जैदी ने प्रयागराज के मोबिन खान को लगातार तीन फ्रेम 60-30, 50-43, और 56-32 से हराकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की।

## न्यू सेंट्रल क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन

**प्रयागराज।** न्यू सेंट्रल एकेडमी में क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन एसीए के निदेशक और पूर्व रणजी क्रिकेटर ने किया। शंकरगढ़ के कपसो अंतरी में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आरपी भटनागर और विशिष्ट अतिथि केबी काला ने फीता काटकर अकादमी की औपचारिक शुरुआत की। अकादमी के निदेशक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक (लीग और मंडल) एलबी काला, सहायक संयोजक अजय कुशवाहा का माल्यार्पण करके स्वागत किया। अकादमी के प्रबंधन अंकुश मिश्रा ने बताया कि शंकरगढ़ क्षेत्र में क्रिकेट प्रशिक्षण के लिए यह पहली औपचारिक अकादमी है, ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के वे बच्चे, जिनमें क्रिकेट के प्रति जुनून तो है लेकिन सही मार्गदर्शन की कमी थी, अब इस अकादमी के माध्यम से पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। अकादमी के कोच राजीव कुशवाहा ने कार्यक्रम में आए अभिभावकों और बच्चों का आभार व्यक्त किया।

# आजमगढ़ मुठभेड़ मामले की मजिस्ट्रेट जांच शरू

**अवधनामा संवाददाता**

- 49 मुकदमों में वांछित 50 हजार का इनामी बदमाश ढेर

**आजमगढ़।** उप जिला मजिस्ट्रेट सगड़ी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अवगत कराया गया है कि पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 श्री धर्मेश कुमार शाही के निर्देशानुसार उ0नि0 श्री अरशद खान, गोरखपुर यूनिट, निरीक्षक प्रज्ञान श्री अरविन्द राय, प्रभारी निरीक्षक सिधारी श्री राकेश कुमार सिंह तथा निरीक्षक श्री राज कुमार सिंह, प्रभारी स्वॉट आजमगढ़ अपने-अपने हमराही कर्मचारियो के साथ थाना रौनापार पहुँचे, जिसके उपरान्त मुखबिर द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर सरजू नदी के अगल-बगल जाने वाले रास्तो पर गाड़ाबन्दी की गयी। रात्रि करीब 02.00 बजे एक पिकअप वाहन तेजी से सहनुपुर से छोटी सरयू नदी पुत्र की तरफ आता हुआ दिखाई दिया तथा पुलिस की गाड़ाबन्दी को देखकर पिकअप के पीछे डाले में बैठे व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जानलेवा/फायरिंग करने के कारण सशस्त्र मुठभेड़ में वाकिफ पुत्र कलाम निवासी ग्राम नियाउज, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई, जिसके विरूद्ध जनपद आजमगढ़, जिसके विरूद्ध गोरखपुर, सन्त कबीर नगर व अन्य जनपदों में लगभग 49 अभियोग पंजीकृत है, इसके अतिरिक्त थाना तरवां आजमगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0-275/2025 धारा-303 (2) बीएनएस का वांछित अभियुक्त के विरूद्ध उपमहानिरीक्षक, आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ द्वारा 50 हजार का रूपये का पुरस्कार घोषित अपराधी है। उक्त शस्त्र मुठभेड़ के उपरान्त घायल बदमाश को पुलिस द्वारा उपचार के उपरान्त उसे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सी0एच0सी0 हरैया एवं बेहतर ईलाज हेतु मण्डलीय चिकित्सालय आजमगढ़ रेफर किया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उक्त मुठभेड़ गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना-रौनापार आजमगढ़ में मु0अ0सं0-419/2025 धारा-109 (2)/ 352 बीएनएस व 3/25/27 शस्त्र अधिनियम धारा-5/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम 1960 पंजीकृत होकर विवेचनाधीन है। उक्त घटना की मजिस्ट्रेटिल जॉच जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़ द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट सगड़ी को सौंपी गयी है। उक्त के दृष्टिगत उक्त घटना की मजिस्ट्रेटियल जॉच उपजिला मजिस्ट्रेट सगड़ी, आजमगढ़ श्री श्याम प्रताप सिंह द्वारा की जा रही है। इस सम्बन्ध में जो भी व्यक्ति/ अधिकारी/कर्मचारी कोई साक्ष्य देना चाहे या अपना परीक्षण कराना चाहे तो वह दिनांक-11 दिसम्बर 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक उप जिला मजिस्ट्रेट सगड़ी के कार्यालय/ न्यायालय में उपस्थित होकर अपना कथन/साक्ष्य/अभिलेख प्रस्तुत कर सकते है।

# संविधान दिवस पर पखवारा संगोष्ठी का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** दीवानी न्यायालय अभिभाषक संघ आजमगढ़ के प्रांगण मे आजं अधिवक्ता परिषद काशी आजमगढ़ द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर पखवारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन महामंत्री पीयूष राय व नीरज द्विवेदी ने किया, जिसका अध्यक्षता विनोद सिंह ने किया है। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री पी0के0 गिरी (उच्च न्यायालय इलाहाबाद) द्वारा माँ सरस्वती एवं डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री पी0के0 गिरी ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान कैसे तैयार हुआ, कैसे हमें समानता का अधिकार मिला, संविधान से हमें क्या सीख मिली आदि के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किया। संविधान के कारण ही आज प्रत्येक वर्ग के लोगों को समानता का अधिकार प्राप्त हुआ है। उन्होने कहा कि आजमगढ़ मेरी कर्मभूमि हैं, क्योंकि मैने आजमगढ़ से ही वकालत की शुरूआत की है। मुख्यवक्ता अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश राय, अधिवक्ता परिषद काशी प्रान्त के उपाध्यक्ष श्री विजय बहादुर सिंह व अन्य लोगों ने संविधान पर विचार रखे। सिविल कोर्ट बार के अध्यक्ष व मंत्री विरेन्द्र यादव व नीरज द्विवेदी व अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम मालवीय जी, व अधिवक्ता परिषद के अन्य सदस्यगण व पदाधिकारीगण मौजूद रहे है और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत व अभिनन्द किया। इस अवसर पर मुकेश कुमार सिंह न्यायाधीश (एम0ए0सी0टी0) सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# आटो चालक ने पत्नी को धोखा देकर रचाई दूसरी शादी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** पुरा मुफ्ती थाना क्षेत्र में रहने वाले एक ऑटो चालक ने पत्नी को धोखा देकर दूसरी शादी रचा ली। पत्नी और 13 महीने के बेटे को गाजियाबाद में छोड़कर चला आया और दूसरी पत्नी के साथ रहने लगा। जानकारी पर पत्नी पहुंची तो उससे मारपीट की। कहा कि उसके चाचा प्रधान हैं और पुलिस कुछ नहीं कर पाएगी। फिलहाल उसकी शिकायत पर पति समेत चार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र अकबरपुर की रहने वाली रीतू ने बताया कि 30 मार्च 2020 को उसकी शादी अकबरपुर सल्लाहपुर के ही रहने वाले दीपू पाल से हुई। शादी के बाद दोनों गाजियाबाद में रहने लगे जहां दीपू ऑटो चलाता था। 13 महीने पहले उसने एक बेटे को जन्म भी दिया। रीतू ने आरोप लगाया कि इसी साल मार्च में दीपू ने उससे कहा कि उसके गांव में एक शादी है। वह शादी में शामिल होने जा रहा है और चार दिन में लौट आएगा। इंतजार करती रही लेकिन वह वापस नहीं आया। इसके बाद वह बेटे को लेकर ससुराल पहुंची तो उसे पता चला कि दीपू ने दूसरी शादी कर ली है। रीतू ने बताया कि उसके ससुर चन्दी लाल, सास अमरावती और पति की दूसरी पत्नी कीर्ति ने उसे देखते ही भद्दी गालियां दीं और मारपीट कर घर में घुसने नहीं दिया। मारपीट के दौरान उसे चोटें आईं। इसी दौरान कीर्ति ने उसकी गले की जंजीर और पर्स छीन लिया जिसमें तीन हजार रुपये थे। परिवार के लोगों ने उसे धमकाया कि यहां से चली जाओ वरना पेट्रोल डालकर जला देंगे। रीतू का कहना है कि जब उसने विरोध किया तो दीपु पाल और कीर्ति ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास भी किया। किसी तरह वह वहां से बचकर निकली। प्रार्थिनी के अनुसार दीपू यह कह रहा था कि वह कुछ नहीं कर पाएगी क्योंकि उसका चाचा राजू पाल ग्राम प्रधान है और पहले भी थाने में पुलिस पर दबाव डालकर समझौता करा चुका है।

# पांच साल में 2 लाख से ज्यादा निजी कंपनियां बंद, कर्मचारियों के पुनर्वास की कोई योजना नही

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की ओर से सदन में दिए गए लिखित उत्तर के अनुसार वर्ष 2022-23 कॉरपोरेट्स की सफाई के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण रहा, इस वर्ष रिकॉर्ड 83,452 कंपनियां बंद हुईं। मंत्री ने आगे क्या कहा, आइए जानते हैं विस्तार से।

भारतीय कॉर्पोरेट जगत के चमचमाते आंकड़ों और स्टार्टअप्स की सफलता की कहानियों के बीच एक दूसरा पहलू भी है, जो सोमवार को संसद के पटल पर सामने आया। सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में देश भर में 2,04,268 निजी कंपनियां बंद हो गई हैं। यह आंकड़ा न केवल बाजार के उतार-चढ़ाव को दर्शाता है, बल्कि सरकार की ओर से शेल कंपनियों या निष्क्रिय संस्थाओं के खिलाफ चलाए गए अभियान की ओर भी इशारा करता है।

> **रोजगार**
>
> **लाख से अधिक कंपनियों का बंद होना केवल एक सांख्यिकीय घटना नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ता है।**

कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की ओर से सदन में दिए गए लिखित उत्तर के अनुसार वर्ष 2022-23 कॉरपोरेट्स की सफाई के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण रहा, इस वर्ष रिकॉर्ड 83,452 कंपनियां बंद हुईं। इसका मुख्य कारण मंत्रालय की ओर से निष्क्रिय कंपनियों को हटाने के लिए चलाया गया विशेष स्ट्राइक-ऑफ अभियान था। 2021-22 में 64,054 कंपनियां बंद हुईं। 2020-21 यानी कोविड महामारी के



वर्ष में यह संख्या 15,216 थी। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक 20,365 कंपनियां बंद हो चुकी हैं, जबकि पिछले साल (2023-24) यह आंकड़ा 21,181 था। कंपनियों के बंद होने के पीछे केवल घाटा ही वजह नहीं है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इनमें मर्जर, बदलाव, विघटन और कंपनी अधिनियम-2013 के तहत रिकॉर्ड से हटाया जाना भी शामिल है।

लाख से अधिक कंपनियों का बंद होना केवल एक सांख्यिकीय घटना नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जब मंत्री से पूछा गया कि क्या बंद हुई इन कंपनियों के कर्मचारियों के पुनर्वास के लिए कोई नीति है, तो जवाब मिला सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

संसद में एक और अहम मुद्दा शेल कंपनियों को लेकर उठा। तकनीकी रूप से सरकार ने कहा कि कंपनी अधिनियम में शेल कंपनी शब्द परिभाषित नहीं है। हालांकि, सरकार की मंशा स्पष्ट है। मंत्री ने स्वीकार किया कि प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग के साथ अंतर-एजेंसी समन्वय को मजबूत किया जा रहा है। इसका सीधा मतलब है कि यदि किसी कंपनी का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए हो रहा है, तो अब एजेंसियां अलग-अलग नहीं, बल्कि साथ मिलकर काम करेंगी।

**विशेष छूट का दौर खत्म, अब सरलीकरण पर जोर**

पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग लगाने के लिए विशेष टैक्स छूट की मांग करने वालों को सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है। सरकार की नीति अब प्रोत्साहन से हटकर सरलीकरण की ओर बढ़ रही है। हर्ष मल्होत्रा ने साफ किया कि सरकार का लक्ष्य छूट और कटौतियों को खत्म कर कॉर्पोरेट टैक्स की दरों को कम करना और व्यवस्था को पारदर्शी बनाना है।

# सोने के भाव में 3040 रुपये का उछाल चांदी की कीमतों में 5800 की तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत मांग के बीच राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 3,040 रुपये बढ़कर 1,33,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 3,040 रुपए बढ़कर 1,32,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। वहीं चांदी की कीमत 5,800 रुपये बढ़कर 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। सर्राफा बाजारों में कीमती धातुओं की चमक लगातार बढ़ती जा रही है। वैश्विक संकेतों और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच सोना और चांदी अब तक के अपने सर्वोच्च शिखर पर पहुंच गए हैं। विशेष रूप से चांदी की कीमतों में आई भारी तेजी ने निवेशकों और बाजार विश्लेषकों को चौंका दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पीली धातु की चमक बरकरार है। हाजिर सोना 1 प्रतिशत (42.29 डॉलर) की बढ़त के साथ 4,261.52 डॉलर प्रति औंस पर



पहुंच गया है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक सोने में लगभग 63.6त्न की वृद्धि दर्ज की गई है। चांदी में भी रिकॉर्ड तोड़ रैली है। एक दिन में कीमतों में 5,800 रुपये की छलांग दिखी है। एसोसिएशन के मुताबिक, चांदी में लगातार पांचवें दिन तेजी जारी रही। घरेलू बाजार में चांदी 5,800 रुपये उछलकर 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक बाजारों में, हाजिर चांदी लगातार छठे दिन बढ़त के साथ 57.85 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड पर है। पिछले हफ्ते चांदी में 15.7% की तेजी आई है और 2025 में अब तक इसकी कीमत दोगुनी (100त्न वृद्धि) हो चुकी है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज), सौमिल गांधी ने बाजार की इस रैली के पीछे के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा, सोने में पिछले सप्ताह की तेजी को अमेरिकी डॉलर में नरमी, अगले सप्ताह फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों, प्रमुख बैंकों के उत्साहजनक पूर्वानुमानों और केंद्रीय बैंकों की लगातार मजबूत खरीदारी से समर्थन मिला है।

## जेट ईंधन की कीमतों में 5.4% की बढ़ोतरी, कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ 10 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** जेट ईंधन की कीमतों में सोमवार को करीब 5.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 10 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई। वहीं घरेलू रसोई गैस की कीमतें 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के दाम 853 रुपये पर अपरिवर्तित रहीं।

एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी जेट ईंधन की कीमतों में सोमवार को करीब 5.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 10 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई। यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार के दामों के अनुरूप मासिक समीक्षा के तहत किया गया है।

सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं के अनुसार, दिल्ली में एटीएफ की कीमतें 5,133.75 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़कर 99,676.77 रुपये प्रति किलोलीटर हो गईं। यह लगातार तीसरी मासिक वृद्धि है।

बता दें कि 1 नवम्बर को ब्याज दरों में लगभग 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी व 1 अक्तूबर को 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। नवीनतम वृद्धि से एयरलाइनों पर दबाव बढ़ने की उम्मीद है, जिनके परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है।

मुंबई में एटीएफ की कीमत संशोधित कर 93,281.04 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। वहीं चेन्नई और कोलकाता में कीमतें बढ़ाकर क्रमश 1,03,301.80 रुपये और 1,02,371.02 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गईं। वैट जैसे स्थानीय करों के कारण ईंधन की कीमतें अलग-अलग शहरों में अलग-अलग होती हैं।

इसके अलावा, होटलों और रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाले 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत दिल्ली में घटाकर 1,580.50 रुपये कर दी गई है।

## पूरे भारत में आरसीएम की रूपांतरण यात्रा बनी जनआंदोलन, अब पहुँच रही है अयोध्या

**अयोध्या।** आरसीएम की रूपांतरण यात्रा, जिसमें अब तक देश के कई शहरों में एक लाख से अधिक नागरिक जुड़ चुके हैं, 3 दिसम्बर को अयोध्या पहुँचेगी।

16 सितंबर 2025 को राजस्थान के भीलवाड़ा से आरसीएम के 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू हुई यह यात्रा सभी अपेक्षाओं से आगे निकल चुकी है और अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है।

अब तक की यात्रा के उत्साह को देखते हुए उम्मीद है कि अयोध्या में इस यात्रा को और भी ज़्यादा जनसमर्थन मिलेगा, जहाँ हर उम्र और वर्ग के नागरिक सक्रिय भागीदारी करेंगे।

इस यात्रा के दौरान आम नागरिक बच्चे, महिलाएं और परिवार - स्वास्थ्य , सेवा और संस्कार जैसे मुख्य सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव और समाज सेवा के महत्व के बारे में सीखा है।

अब तक 2,000 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया है, जो समाज के प्रति गहरी जिम्मेदारी और अपनत्व की भावना को दर्शाता है। यह संख्या दिसंबर 23, 2025 को यात्रा के समापन तक और बढ़ने की संभावना है।

रूपांतरण यात्रा की सफलता का मूल कारण है आम जनता की सच्ची और स्वप्रेरित भागीदारी। स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित इस यात्रा में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायरॉइड और उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी जीवनशैली बीमारियों पर व्यावहारिक सत्रों और चिकित्सा शिविरों के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है।

यह 100 दिनों की, 17,000 किलोमीटर लंबी राष्ट्रव्यापी यात्रा 75 शहरों का दौरा करेगी और 25 भव्य समारोहों का आयोजन करेगी। यह अभियान आरसीएम के उस दृष्टिकोण को सशक्त करता है कि कंपनी केवल डायरेक्ट सेलिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि एक जन-केंद्रित और मूल्य-आधारित आंदोलन है।

जब लोग बिना किसी अपेक्षा के सेवा के लिए आगे आते हैं, तो वह एक आयोजन नहीं बल्कि जागरण होता है, रूपांतरण यात्रा के मार्गदर्शक तिलोकचंद छाबड़ा ने कहा। उन्होंने आगे कहा, यह आंदोलन हमें दिखा रहा है कि सच्चा परिवर्तन तभी शुरू होता है जब नागरिक अपने जीवन में स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार को अपनाते हैं।

भारत की अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी आरसीएम ने वर्ष 2000 में अपने संचालन की शुरुआत की थी। आज यह 2,400 करोड़ के कारोबार वाला प्रतिष्ठान बन चुका है वह भी बिना किसी वेंचर कैपिटल या बाहरी फंडिंग के। यह इसकी सह-खरीदारों की भागीदारी और उपभोक्ताओं के भरोसे का परिणाम है। आरसीएम के 400 से अधिक उत्पादों के पोर्टफोलियो की विशेषता यह है कि इनमें पाम ऑयल का उपयोग नहीं किया जाता। इसके बजाय राइस ब्रान ऑयल का उपयोग किया जाता है, जिसमें गामा ओरीज़नॉल नामक प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो उच्च कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है।

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और डॉलर की बढ़ती मांग से रुपये में गिरावट

**मुंबई।** सोमवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.80 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो इस साल की अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। एशियाई मुद्राओं के सामने रुपये का सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गई है। जानकारों का कहना है साल भर में अभी तक रुपये में 4.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। रुपये में लगातार गिरावट का मुख्य कारण में पहला, डॉलर की बाजार में मजबूती मांग और उसकी सीमित सप्लाई है। दूसरा एफआईआई जिनकी गतिविधियां मिलीजुली है, इस वजह से रुपये में लागातार कमजोरी देखी जा रही है। फिलहाल रुपया 89.25 के आसपास रुपया बना हुआ है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ रिसर्च विशेषज्ञ दिलीप परमार कहते हैं, भारतीय रुपये में गिरावट का ट्रेंड जारी रहा और लगातार चौथे सेशन में गिरावट आई है। जिसके बाद यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। यह बड़ी गिरावट डॉलर की मजबूत मांग और उसकी सीमित सप्लाई की वजह से आई है। उन्होंने लगातार कमजोरी मुख्य रूप से बढ़ते राजकोषिय घाटे, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में हो रही देरी और सेंट्रल बैंक के सीमित दखल की वजह से बना हुआ है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष रिसर्च (कमोडिटी और करेंसी) जतीन त्रिवेदी कहते देखें तो रुझान कमजोर बना हुआ है क्योंकि डॉलर में लगातार मजबूती और एफआईआई द्वारा डॉलर की मांग, विशेषकर आयातकों की ओर से डॉलर की मांग मजबूत बनी हुई है। जिसकी वजह रुपये में दबाव बना हुआ है। अनुकूल कारोबार डेटा नहीं आने से एफपीआई की लगातार बिकवाली ने रुपये पर दबाव बनाया है। आयातकों ने अपनी हेजिंग को बढ़ा दिया है, वहीं डॉलर की मांग तेज हो गई है और ट्रेड बैलेंस लगातार कमजोर होने से रुपया कमजोर बना हुआ है।

## कोटक लाइफ ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 1 लाख करोड़ रुपये के पार

**नोएडा।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में 1 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि कंपनी की लगातार बढ़ती प्रगति, पॉलिसीहोल्डर्स के एसेट्स का समझदारी से प्रबंधन और ग्राहकों व भागीदारों द्वारा कोटक लाइफ पर जताए गए भरोसे को दर्शाती है।

इस माइलस्टोन पर महेश बालासुब्रमण्यम मैनेजिंग डायरेक्टर, कोटक लाइफ ने कहा कि हमारे 25वें साल में 1 लाख करोड़ रुपये के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट का स्तर पार करना सिर्फ एक वित्तीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्राहकों और भागीदारों द्वारा हम पर किए गए भरोसे को भी दिखाता है। कोटक लाइफ में, हम इनोवेटिव प्रोडक्ट, डिजिटल-प्राथमिक समाधान और ग्राहकों की जरूरतों पर लगातार ध्यान देकर स्थाई मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह उपलब्धि भारत के लाइफ इंश्योरेंस के भविष्य को बेहतर बनाने के हमारे संकल्प को और मजबूत करती है।

कोटक लाइफ की ग्रोथ को प्रोटेक्शन, सेविंग्स, यूनिटलिंक्ड और एन्युटी जैसे डायवर्सिफाइड प्रोडक्ट ने मजबूत बनाया है। कंपनी की निवेश सोच सुरक्षा, स्थिरता और लंबे समय तक संपत्ति निर्माण पर आधारित है, जबकि इसकी रणनीति अनुशासित एसेट एलोकेशन और मजबूत जोखिम प्रबंधन पर केंद्रित है। मार्च 2010 से, कोटक लाइफ का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 19प्रतिशत की सालाना ग्रोथ रेट से बढ़ा है, जो लगातार बेहतर फंड प्रदर्शन और ग्राहकों के भरोसे को दर्शाता है।86.26प्रतिशत के कंजर्वेशन रेशियो के साथ, कोटक लाइफ मजबूत ग्राहक बनाए रखने की क्षमता और लंबे समय के संबंधों को दर्शाता है। कंपनी अब तक 5 करोड़ से अधिक लोगों को सुरक्षा प्रदान कर चुकी है और इसका इंडिविजुअल क्लेम सेटलमेंट रेशियो 98.6प्रतिशत तथा ग्रुप क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.63प्रतिशत है। यह दिखाता है कि कंपनी जरूरत के समय ग्राहकों के दावे समय पर और भरोसे के साथ पूरा करने में सक्षम है, जिससे उन्हें वित्तीय सुरक्षा मिलती है।

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका चौथा T20 अंतरराष्ट्रीय मैच 17 दिसंबर को इकाना में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन अधिकारियों मे प्रेम मनोहर गुप्ता, सचिव, यूपीसीए, सचिन आनंद शुक्ला, माननीय कोषाध्यक्ष, UPCA, रियासत अली, निदेशक, UPCA, मोहद. फहीम, चेयरमैन मीडिया समिति,व उदय सिन्हा, CMD, इकाना स्पोर्ट्स सिटी ने बताया कि यह घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रहा है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली T20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का चौथा और महत्वपूर्ण मुकाबला आगामी 17 दिसंबर 2025 को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

यह मैच दोनों टीमों के लिए श्रृंखला निर्धारित करने वाला अहम मुकाबला होगा, जिसके लिए क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह चरम पर है।

UPCA ने दर्शकों, मीडिया और दोनों टीमों के खिलाड़ियों के लिए उच्चस्तरीय सुविधाएँ सुनिश्चित करने हेतु सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण कर ली हैं। स्टेडियम परिसर में सुरक्षा प्रबंधन, दर्शक सुविधा केंद्र, पार्किंग व्यवस्था, मेडिकल सपोर्ट और डिजिटल टिकट स्कैनिंग सिस्टम को और मजबूत किया गया है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (UPCA) आगामी मैच के लिए टिकट बिक्री आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो चुकी है। दर्शक अब अपने टिकट District by Zomato की वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से खरीद सकते हैं।

## जीएसटी संग्रह नवंबर में 1.70 लाख करोड़ रुपये दर कटौती से घरेलू राजस्व पर 2.3 प्रतिशत का दबाव

**नई दिल्ली।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी संग्रह नवंबर महीने में 0.7 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं जीएसटी सुधारों के कारण सकल घरेलू राजस्व 2.3 प्रतिशत घटकर 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक रह गया। सकल जीएसटी संग्रह नवंबर महीने में 0.7 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपये हो गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार घरेलू राजस्व में गिरावट के कारण यह वृद्धि हुई। वहीं पिछले साल नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.69 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। नवंबर में वस्तुओं के आयात से राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 45,976 करोड़ रुपये हो गया।

सकल घरेलू राजस्व 2.3 प्रतिशत घटकर 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक रह गया। यह गिरावट 22 सितंबर से प्रभावी 375 वस्तुओं के लिए जीएसटी दरों में कटौती के बाद आई है।

रिफंड में मिश्रित गति देखी गई क्योंकि कुल रिफंड 18,196 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में 4त्न कम है, निर्यात रिफंड में 3.5त्न की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू रिफंड में 12त्न की गिरावट आई।

इसके विपरीत, आयात से प्राप्त जीएसटी में अच्छी तेजी देखी गई और सकल आयात राजस्व 45,976 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.2त्न अधिक है।

क्षतिपूर्ति उपकर, जो एक संक्रमणकालीन उपाय के रूप में जारी है, में तीव्र गिरावट आई और नवंबर में शुद्ध उपकर राजस्व 4,006 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 12,950 करोड़ रुपये से 69त्न कम है।

नवंबर 2025 में सभी राज्यों में जीएसटी संग्रह में मिले-जुले रुझान देखने को मिले। कई पूर्वोत्तर राज्यों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि कई बड़े राज्यों में गिरावट देखी गई।

# पिनेकल 2025: 7वीं अंतर-जैपुरिया स्कूल एथलेटिक्स मीट लखनऊ में जबरदस्त धूमधाम के साथ संपन्न हुई

**लखनऊ।** सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स ने पिनेकल 2025 7वीं इंटर-जैपुरिया स्कूल एथलेटिक्स मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जो पूरे भारत के हजारों छात्र एथलीटों को एक साथ लाने वाला एक मेगा खेल उत्सव है। इस वर्ष के आयोजन में जैपुरिया नेटवर्क के 55,000 से अधिक स्कूल-स्तरीय चैंपियनों ने भाग लिया, जिसमें 2,800 से अधिक फाइनलिस्टों ने भव्य मार्च-पास्ट, ड्रिल डिस्प्ले, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और उच्च तीव्रता वाले एथलेटिक्स कार्यक्रमों में भाग लिया। सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल कैम्पस को समग्र विजेता घोषित किया गया, सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल, कैम्पस प्रथम उपविजेता रहा और सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल, कैम्पस द्वितीय उपविजेता रहा। एसएमआरजेएस के समूह निदेशक श्री कनक गुप्ता ने उन्हें सम्मानित किया, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए कहा, हमारे देश का भविष्य ऐसे क्षेत्रों




पर खड़ा है जहां साहस को आकार दिया जाता है, अनुशासन अर्जित किया जाता है, और चरित्र का निर्माण किया जाता है। एथलेटिक्स आपको कुछ ऐसा सिखाता है जिसे कोई कक्षा नहीं सिखा सकती कि एकमात्र व्यक्ति जिसे आपको हराना है वह आपका अपना संदेह है। यदि आप उस पर विजय पाना सीख लेते हैं, तो आपके पेशे, खेल या जीवन में कोई भी चुनौती आपको रोक नहीं सकती है।

मेजर जनरल विक्रम कुमार - एडीजी, यूपी, एनसीसी निदेशालय उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि हर बच्चा स्कूल जाने का हकदार है और शिक्षित होने का हकदार है। मुझे स्कूली शिक्षा के लिए सर्वोत्तम अवसर मिल सकते थे, लेकिन देश के लिए और खेल में कुछ करने की इच्छा ने यह सुनिश्चित किया कि मैंने वह सब कुछ हासिल किया जो मेरे पास है। कर्नल जाहिद सिद्दीकी सैनिक, शिक्षाविद, लेखक और कलाकार उन्होंने कहा, ÷मैं आपके सामने खड़ा हूं, केवल एक दर्शक के रूप में नहीं, बल्कि एथलेटिकवाद के पथ पर एक साथी यात्री के रूप में। मैंने प्रत्यक्ष रूप से बलिदानों, समर्पण और अटूट विश्वास को देखा है जो एथलीटों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और असंभव को हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। श्री श्रेयांश त्रिवेदी - पैरा-एथलीट (टी37) और हांग्जो में 2022 एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक विजेता। उन्होंने दृढ़ता, अनुशासन और खेल की परिवर्तनकारी शक्ति के महत्व पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में शहर भर के विभिन्न स्कूलों से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। छात्रों ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम वर्क की भावना को मूर्त रूप देते हुए ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं, टीम खेलों और रचनात्मक चुनौतियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## 'नोटबुक बैग' : लखनऊ में बनी मार्मिक लघु फिल्म कांस और ऑस्कर की राह पर स्मिता पांडे प्रोडक्शन की 'नोटबुक बैग' अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सवों के लिए तैयार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखनऊ/मुंबई।** निर्देशक जय प्रकाश मिश्रा की संवेदनशील लघु फिल्म 'नोटबुक बैग' को कांस फ़िल्म फ़ेस्टिवल और ऑस्कर क्वालिफ़ाइंग सर्किट के लिए तैयारियां शुरू

स्मिता पांडे प्रोडक्शन के बैनर तले, पुरस्कार प्राप्त निर्देशक जय प्रकाश मिश्रा द्वारा निर्मित संवेदनशील लघु फिल्म 'नोटबुक बैग' को कांस फ़िल्म फ़ेस्टिवल तथा ऑस्कर क्वालिफ़ाइंग सर्किट में भेजने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।

फिल्म का शूट लखनऊ के विभिन्न स्थलों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें निर्माता प्रत्युश मिश्रा पूरे समय मौजूद रहे और निर्माण प्रक्रिया का दृढ़तापूर्वक संचालन करते रहे।

'नोटबुक बैग' एक निर्धन परिवार की मार्मिक कहानी प्रस्तुत करती है, जो आधुनिक भारत में



बढ़ती आर्थिक विषमता और सामाजिक संघर्ष को गहराई से दर्शाती है।

यह कहानी एक माँ और उसके बच्चे के माध्यम से दिखाती है कि कैसे सपने और शिक्षा, गरीबी की दीवारें पार करते हुए भी अपना मार्ग खोज लेते हैं।

निर्देशक जय प्रकाश मिश्रा का कहना है 'नोटबुक बैग' एक सरल किंतु अत्यंत प्रभावशाली कथा है। हर नोटबुक के पीछे एक कहानी छिपी होती है सपनों, मेहनत और गहरे मानवीय भावों की।

फिल्म की प्रभावशाली कथा, यथार्थवादी प्रस्तुति और भावनात्मक गहनता को देखते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में भेजने का निर्णय लिया गया है। टीम को विश्वास है कि यह फिल्म भारत की आवाज़ बनकर वैश्विक मंच पर अपनी विशेष पहचान स्थापित करेगी।

निर्माता स्मिता पांडे और प्रत्युश मिश्रा ने कहा यह फिल्म केवल गरीबी की नहीं, बल्कि इंसानी जज़्बात, उम्मीद और संघर्ष की विजय की कहानी है।

फिल्म की टीम इससे पहले भी अपनी लघु फिल्म 'गुड मॉर्निंग ईएमआई' के लिए पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है, और यह नई उपलब्धि उनके रचनात्मक सफर को एक और ऊँचाई प्रदान करती है।

'नोटबुक बैग' बहुत जल्द देश और विदेश के दर्शकों के हृदय तक पहुँचने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने पांच लाख गाड़ियों की बिक्री का माइलस्टोन हासिल किया



**लखनऊ।** स्कोडा ऑटो इंडिया भारत में अपनी ग्रोथ जारी रखे हुए है, भारत में अपनी एंट्री के बाद से 5 लाख यूनिट्स की बिक्री का लैंडमार्क पार कर लिया है। अपनी सिल्वर जुबली में, ब्रैंड पहले ही कई मंथली, क्वार्टरली और एनुअल माइलस्टोन हासिल कर चुकी है। और 2025 के आखिरी से पहले महीने में, ब्रैंड ने देश में 5,491 यूनिट्स बेचीं, जो पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 90 प्रतिशत साल-दर-साल रिकॉर्ड ग्रोथ रहा। ग्रोथ पर कमेंट करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहा, हमारा बढ़ता नेटवर्क, हमारी वैल्यू-ड्रिवन ओनरशिप ऑफरिंग, और बड़ा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो मुख्य ड्राइविंग फोर्स रहे हैं, जिन्होंने हमारी 5 लाख लैंडमार्क सेल्स और हर महीने हमारी लगातार साल-दर-साल सेल्स ग्रोथ को बढ़ाया है। हम अपने प्रोडक्ट्स के साथ और अपने कस्टमर्स और अपने फैंस के करीब जाकर इस मोमेंटम को बनाए रखेंगे। स्कोडा ऑटो ने भारत में एक मजबूत सेडान लेगेसी के साथ खुद को स्थापित किया। 130 साल की ग्लोबल लेगेसी और भारत में 25 साल के इतिहास के साथ, ऑक्टेविया ब्रैंड के लिए एक मजबूत लेगेसी रही है। अपनी 25वीं वर्षगाँठ पर ब्रैंड ने जो कई माइलस्टोन हासिल किए हैं, उनमें ऑक्टेविया रुपये की वापसी भी शामिल है, जो भारत की सबसे पसंदीदा गाड़ियों में से एक है। भारत को अलॉट की गई हर ऑक्टेविया यूनिट बुकिंग खुलने के 20 मिनट के अंदर बिक गई।

# लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी से हुई थी तीनों बच्चों की मौत

**मंडलायुक्त ने गांव का किया दौरा, गांव में लगा कैंप, साफ सफाई के विशेष ध्यान देने का निर्देश**

**अवधनामा ब्यूरो**


ढोलहा के गुलहरिया गांव का निरीक्षण करते मंडलायुक्त

**कुशीनगर।** खड्डा तहसील क्षेत्र के ग्राम ढोलहा के गुलहरिया गांव में बीते दिनों बुखार से तीन मासूम बच्चों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने डीआईजी एसएस चिनप्पा, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के साथ सोमवार को गांव में पीड़ित परिवार से मिले।

गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारी से निपटने के लिए किए गए जरुरी इंतजाम तथा साफ सफाई की बारीकी से जांच कर उपस्थित ग्रामीणों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम द्वारा लगाए गए कैम्प में स्वास्थ्य परीक्षण व गांव में फैली बीमारी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने आयुक्त को अवगत कराया कि सूचना मिलते ही मेडिकल टीम गांव पहुंची और 731 ग्रामीणों की घर-घर जाकर जांच की गई। डेंगू, मलेरिया एवं टायफाइड की रैपिड जांच की गई, जिसमें कोई भी पॉजिटिव केस नहीं मिला। साथ ही 18 बच्चों के रक्त सैंपल जांच के लिए गोरखपुर भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट अभी आना शेष है। सीएमओ ने बताया कि मृत बच्चों में से एक बच्ची खुशी के रक्त परीक्षण में लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी की पुष्टि हुई है। इसी को देखते हुए गांव में मेडिकल किट का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में बुखार से पीड़ित सभी बच्चे सामान्य स्थिति में हैं। तीन बच्चों का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में चल रहा है। गांव में फिलहाल 24 घंटे तीन शिफ्टों में डॉक्टरों की ड्यूटी, एक एम्बुलेंस की तैनाती, एंटी-लार्वा स्प्रे और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया है। लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी के पशुओं से फैलने की संभावना को देखते हुए पशुपालन एवं कृषि विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है।

आयुक्त अनिल ढींगरा ने स्थिति को अत्यंत गंभीर मानते हुए सीएमओ सहित सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी सतर्कता रखने, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने और सभी आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आस पास के ग्रामों में भी इस प्रकार की घटना न हो इसके लिए चिकित्सा विभाग को विशेष रूप से हिदायत दी गई। इस दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति हेतु सीएमओ द्वारा हेल्प लाइन नम्बर से संपर्क किए जाने की अपेक्षा की गई।

श्री ढींगरा द्वारा निरीक्षण उपरांत नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक में सभी उच्च अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर सभी विषयों पर समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी खड्डा समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### धान क्रय केंद्र बंद मिलने पर नाराजगी, जांच के आदेश

दौरे के दौरान आयुक्त ने तहसील खड्डा के ग्राम शीतलापुर स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। इस पर आयुक्त ने संबंधित तहसीलदार को क्रय केंद्र सील कराकर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### बूथ 309 पर एसएआर कार्यों की समीक्षा

बूथ संख्या 309 (पूर्व का 257) पर चल रहे स्क्ष्क्रकार्यों की भी समीक्षा की। बीएलओ द्वारा बताया गया कि 799 मतदाताओं में से 659 का फॉर्म डीजीटॉयज कार्य पूरा किया जा चुका है। बीएलओ ऐप्प प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया, जिसमें एक मिनट में एक आवेदन ऑनलाइन किया जा रहा था।

# एसआइआर के बहाने वोट कटवाने का मंसूबा कामयाब नहीं होने दिया जाएगा : मनीष

**कुशीनगर में सपा प्रवक्ता मनीष सिंह ने एसआइआर को लेकर आयोग पर लगाए गंभीर आरोप**

**अवधनामा ब्यूरो**


जोकवा बुजुर्ग में प्रेसवार्ता करते सपा प्रवक्ता मनीष

**कुशीनगर।** एसआईआर लोगों के लिए मुसीबत है। साफ दिख रहा है कि निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की कोई चिंता नहीं है, वो संवेदना शून्य हो गया है। पर अब माहौल बदल चूका है, वोटर बहुत जागरुक है। एसआईआर के बहाने वोट कटवा लेने की मंशा कामयाब नहीं होने देगा।

उक्त बातें सपा प्रवक्ता मनीष सिंह ने कुशीनगर के जोकवा बुजुर्ग समाजवादी चिंतक लड्डू यादव के आवास पर एसआईआर प्रगति के समीक्षा के दौरान कही। उन्होने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया से उत्तर प्रदेश की जनता को हो रही परेशानियों और बीएलओ द्वारा की जा रहीं आत्महत्या के मामलों पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनीष कहीं। मनीष सिंह ने मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण के नाम पर पिछड़े और दलित समाज के मतदाताओं का नाम काटे जाने का गंभीर आरोप निर्वाचन आयोग पर लगाया।

सपा प्रवक्ता मनीष सिंह ने कहा कि एसआईआर हमारे लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन चूका है। ये साफ दिख रहा है कि निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की चिंता नहीं है, वो संवेदना शून्य हो गया है। मनीष सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की मांग पर चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया का समय एक सप्ताह के लिए बढ़ाया है परन्तु ये व्यावहारिक नहीं है। मनीष सिंह ने कहा की हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कहा है कि ÷उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं है। इस दौरान गुरवलिया सपा जोनल प्रभारी राजन कुमार शुक्ला, जोकवा सपा जोनल प्रभारी अभिषेक लड्डू यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य ई श्रवण कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान नियाज अहमद, नन्दलाल यादव, उस्मान गनी नूरी, अजहरुद्दी जी आदि उपस्थित रहे।

# जातीय मतभेद पैदा कर सनातन को कमजोर करने की साजिश : ब्रजेश

**ब्रह्मर्षि समाज की एकजुटता पर जोर, राष्ट्रीय व स्थानीय पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न**

**अवधनामा संवाददाता**




**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित होटल पथिक निवास में सोमवार को ब्रह्मर्षि वेलफेयर एसोसिएशन राष्ट्रीय नेतृत्व व स्थानीय पदाधिकारियों के द्वारा एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के विस्तार हेतु विस्तृत चर्चा किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश राय ने धर्म और राष्ट्र हित में ब्रह्मर्षि समाज की सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि आज अनेकों संगठनों के द्वारा जातीय मतभेद पैदा कर सनातन को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है जिसपर रोक लगाने हेतु सामाजिक समरसता आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि यह जरूरी है कि हम सभी वर्ग को एकजुट करने हेतु मुहिम चलाएं जिससे सनातन और राष्ट्रहित की भावना जागृत हो। समाजशास्त्री डॉ. अभय कुमार राय ने भी अपने सम्बोधन में समाज हित में सर्वाधिक योगदान देने वालों में भूमिहार की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाहें मुगल काल से लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जंग छेड़ने में भी हमारे समाज के लोगों ने अग्रणी भूमिका निभाई समाज के हर वर्ग के लोगों ने अपना समर्थन दिया, लेकिन आज किन कारणों से समाज बिखरता चला जा रहा है इसपर भी मुखर होना पड़ेगा। डॉ राय के द्वारा सामाजिक उत्थान हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश राय, कार्यकारी अध्यक्ष के एन राय, महासचिव जितेन्द्र राय, सचिव दुर्गेश राय, महामंत्री अखिलेश राय, प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश राय, संरक्षक बबलू राय (प्रबंधक विद्यावती देवी पी जी कॉलेज तमकुही), जिलाध्यक्ष अविनाश राय, समाज शास्त्री डॉ. अभय कुमार राय,ब्लॉक अध्यक्ष तमकुही राजेश राय, महामंत्री राजेश राय, अध्यक्ष सेवरही मनीष राय, आदि उपस्थित रहे, जितेन्द्र राय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुद्ध की प्रतिमा देकर स्वागत किया।

# बिजली विभाग के अवर अभियंता ने बोदरवार में लगाया कैम्प

**अवधनामा संवाददाता**



**बोदरवार, कुशीनगर।** बिजली बिल में छूट के लिए उपभोक्ताओं के पंजीकरण का प्रथम चरण का आज से अभियान शुरू हो गया है।

इस अभियान के तहत कप्तानगंज विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अरविन्द त्रिगुणायक ने बोदरवार और बनकटा में एक शिविर लगाकर देर रात तक पचपन उपभोक्ताओं का पंजीकरण कर लगभग चार लाख पच्चीस हजार रुपए का बकाया बिजली बिल जमा कराया। जहां उनके साथ लाईन मैन जनार्दन, अंशु तिवारी, आनन्द कुमार, दीपक पाल, ओर अविनाश पाण्डेय सहित अन्य लोग सहभागी रहे। उपकेंद्रों कप्तानगंज के सब डिवीजन आफिसर रुपेश कुशवाह ने बताया कि उपकेंद्र पर विशेष काउंटर स्थापित किए गया हैं।

इसके साथ ही अलग-अलग स्थानों पर कई पंजीकरण शिविर भी लगाए जाएंगे, जहां उपभोक्ता ओटीएस योजना में पंजीकरण कर सकेंगे। बिजली चोरी में फंसे उपभोक्ताओं के लिए भी यह राहतकारी योजना लागू रहेगी।

# ग्रामीण विकास व ग्राम पंचायत अधिकारियों का आह्वान

**10 दिसंबर तक होगा सामूहिक आंदोलन, ब्लॉक मुख्यालयों पर रहेगा कार्य बहिष्कार**

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर देवरिया जिले में ब्लॉक स्तरीय ताला-पट्टी आंदोलन की शुरुआत हो गई है। यह आंदोलन 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा, जिसके दौरान सभी अधिकारी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार कर रहे हैं।

प्रांतीय नेतृत्व द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों को भी ज्ञापन सौंपा गया है। बताया गया है कि 5 दिसंबर को अधिकारीगण सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 1ः00 बजे तक विकास भवन परिसर में धरनाङ्कप्रदर्शन करेंगे। दोपहर 1ः00 बजे के बाद संघ के पदाधिकारी विकास भवन से जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजेंगे।

आंदोलन का उद्देश्य प्रदेश सरकार और शासन स्तर पर बार-बार उठाए गए विभिन्न लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव बनाना है। संघ ने स्पष्ट किया है कि सभी अधिकारी आंदोलन के दौरान मोबाइल स्विच ऑफ करके विकास खंडों एवं जनपद स्तरीय व्हाट्सएप समूहों से अलग रहेंगे तथा किसी भी प्रकार के शासकीय कार्यों का निर्वहन नहीं करेंगे। आगामी चरण में, 10 दिसंबर 2025 को साइकिल रैली/सांकेतिक बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। मांग है कि प्रदेश में ब्लॉक स्तरीय कार्यभार अधिक होने तथा इंजन व बॉडी की दिक्कतों के कारण क्षेत्रीय भ्रमण बाधित हो रहा है, इसलिए साइकिल के स्थान पर मोटर साइकिल प्रदाय की व्यवस्था की जाए। देवरिया जिले में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे प्रमुख पदाधिकारियों में ओमप्रकाश गुप्ता (अध्यक्ष, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ), सत्यनारायण मोहन्ना पांडेय (अध्यक्ष, एसोसिएशन), रंजीत कुमार तिवारी, नागेंद्र प्रसाद सिंह, रणविजय सिंह, धनञ्जय यादव, राजीव शंकर त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी, श्रीकांत पांडेय व अभिषेक कुमार शामिल हैं।

# तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ


शिविर में स्काउट गाइड ध्वजारोहण करते अतिथि

**श्रीमती राधिका देवी इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शुरू**

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** श्रीमती राधिका देवी इंटरमीडिएट कॉलेज में सोमवार को तीन दिवसीय स्काउटङ्कगाइड शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। शिविर में 16 स्काउट और 32 गाइडों की टोलिया बनाई गई है।


स्काउट गाइड प्रशिक्षक लीडर ट्रेनर नरसिंह सिंह, राहुल गोंड और अभिषेक चौधरी ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया जिसमें प्रार्थना, झंडा गीत, चिन्ह प्रतीक, प्रतिज्ञा, नियम, सीटी के संकेत, पिरामिड आदि के बारे में जानकारी दिए। कार्यक्रम का संचालन रंजीत सिंह ने किया। ध्वजारोहण और सलामी विद्यालय के उप प्रबंधक विनय कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान श्री श्रीवास्तव ने स्काउट गाइड के महत्व को बताया। कहा कि स्काउट गाइड समाज का आईना होता है, हमें एकता में और अनुशासन में रहना सीखाता है। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदरश सिंह, प्रहलाद श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, आफताब आलम, ओमकार सिंह, सूरज सिंह, आत्मप्रकाश पाण्डेय, कमलभान सिंह, बबिता सिंह, कामिनी सिंह सहित स्काउट गाइड प्रशिक्षक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति का काली पट्टी बांध किया विरोध दिया ज्ञापन

**भटनी (देवरिया)।** प्रांतीय नेतृत्व ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश संगठन के संयुक्त तत्वाधान के आह्वान पर सोमवार को भटनी ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली एवं अन्य विभागों का कार्य जबरन ग्राम सचिवों से कराने के विरोध में काला फीता बांधकर सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सतीश कुमार शाही के नेतृत्व मे प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया।

सचिव संघ ने प्रभारी बीडीओ को ज्ञापन दिया। ग्राम सचिवों का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों की कार्यप्रणाली के अनुकूल नहीं है और इससे फील्ड वर्क तथा पंचायत के नियमित कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही अन्य विभागों का अतिरिक्त कार्य सचिवों पर अनावश्यक भार डाल रहा है। समिति ने प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 1 से 4 दिसंबर तक विरोध स्वरूप काला फीता बांध कार्य करने का निर्णय लिया है। यह कदम सचिवों पर बढ़ते कार्यभार और दबाव के खिलाफ उठाया गया है।

# एनसीसी दिवस पर 50 यूपी बटालियन का भव्य समारोह संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**कैडेट्स की परेड और सम्मान समारोह बना आकर्षण**

**कसया, कुशीनगर।** यूपी एनसीसी बटालियन द्वारा एनसीसी दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परेड के साथ हुई, जिसमें कैडेट्स ने अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परेड के बाद कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, देशभक्ति गीत और विचार-विमर्श का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी के महत्व और युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

समारोह में उपस्थित कर्नल हरिश चंद, कमांडिंग ऑफिसर 50 यूपी एनसीसी बटालियन, पडरौना ने कैडेट्स के उत्साह और लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनसीसी न सिर्फ युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास का निर्माण करता है, बल्कि उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तैयार रहने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को कर्नल हरिश चंद और रिशालदार मेजर हरजीत सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। एनसीसी दिवस का यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायी और उत्साह से भरपूर रहा। इस परेड में कर्नल हरिश्चंद्र, रिशालदार मेजर हरिजीत सिंह, एएनओ लेफ्टिनेंट नरेंद्र त्रिपाठी, सूबेदार संतोष, सूबेदार त्रिलोक, हवलदार सर्वजीत, रमेश लामा, गोविंद सिंह, मन बहादुर थापा सहित अन्य मौजूद रहे।

# कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**अवधनामा संवाददाता, अमेठी।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर बाजार में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोमवार की सुबह दुर्गापुर निवासी रवींद्र की पत्नी सपना का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सपना की शादी लगभग ढाई साल पहले हुई थी। उसकी एक तीन माह की बच्ची भी है। बच्ची बिन के हो गई है। परिजनों ने बताया कि सुबह काफी देर तक कमरे से कोई आहट न मिलने पर घर के लोग वहां पहुंचे। दरवाजा खुला था और सपना दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकी मिली।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ग्राम विकास अधिकारियों ने किया प्रदर्शन



**अवधनामा संवाददाता**

**तिलोई।** शासन की ओर से जारी ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश के खिलाफ सोमवार से ग्राम पंचायत अधिकारियों की ओर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। सचिवों का कहना है कि वे फील्ड में कार्यरत कर्मचारी हैं और उनसे दिन-रात, छुट्टी व अवकाश के समय भी काम लिया जाता है। ऐसे में प्रतिदिन पंचायत भवन पहुंचकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना व्यावहारिक नहीं है।

ग्राम पंचायत अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश के पास एक से अधिक ग्राम पंचायतों का प्रभार है। उन्हें विभागीय कार्यों के साथ-साथ कई गैर-विभागीय जिम्मेदारियां भी निभानी पड़ती हैं, जिससे उनके मूल कार्य प्रभावित होते हैं। उनका आरोप है कि ग्राम पंचायत स्तर पर अन्य विभागों के कर्मचारी भी तैनात हैं, लेकिन ऑनलाइन उपस्थिति केवल सचिवों से ही ली जा रही है, जो भेदभावपूर्ण है।

सचिवों का यह भी कहना है कि शासन द्वारा उन्हें न तो मोबाइल, न इंटरनेट डेटा और न ही कोई भत्ता उपलब्ध कराया गया है। ऐसे में निजी मोबाइल से उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश उनकी निजता का उल्लंघन हैं। विरोध प्रदर्शन के तहत, सचिवों ने 1 से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर कार्य करने की घोषणा की है।

# आस्था ट्रेडिंग के पोंजी जाल का पर्दाफाश, विश्वजीत श्रीवास्तव और गुर्गों की कड़ी तलाश में क्राइम ब्रांच

**करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का मामला, निवेशकों के सपनों को तोड़ा**

**शकील अहमद**




**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** करोड़ों की ठगी कर उड़ाने वाले आस्था ट्रेडिंग कंपनी के संचालक विश्वजीत श्रीवास्तव और उनके गुर्गों की पुलिस क्राइम ब्रांच सभी जिलों में सक्रियता से खोज कर रही है। बिहार, झारखंड और यूपी के कई शहरों के आम लोगों को निवेश के नाम पर लुभाकर कंपनी ने एक दशक में एक बड़ा धोखाधड़ी नेटवर्क खड़ा कर लिया था। निवेशकों को भारी मुनाफे का लालच देकर करोड़ों रुपये हड़पने वाला यह गिरोह अब फरार है और बचना उनके लिए नामुमकिन।

**लाखों निवेशक शिकार, कार्यालय और वेबसाइट ठप्प :** कंपनी ने निवेशकों को 10 से 20 प्रतिशत महीने का मुनाफा देने का झांसा दिया, शुरूआत में कुछ निवेशकों को पेमेंट कर विश्वास भी जीता। फिर अचानक सर्वर डाउन, खाता सीज्ड, ऑडिट जैसे बहाने बनाकर कार्यालय बंद कर दिए और फोन, वेबसाइट भी बंद कर दी। हजारों लोग अपनी जीवन भर की कमाई, पेंशन, जमीन तक बेच कर जमा धनराशि गंवा बैठे।

**क्राइम ब्रांच की दबिश, फरार आरोपियों की तलाश :** क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और आईटी एक्ट के तहत विश्वजीत, उसकी पत्नी चंदा श्रीवास्तव और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों के मोबाइल लोकेशन को ट्रैक कर पश्चिम बंगाल के कोलकाता समेत कई ठिकानों पर पैनी नजर रखी गई है। कानपुर और झारखंड में भी आरोपितों की खोज जारी है।

**पोंजी स्कीम के छलावे में फंसे निवेशक :** क्राइम ब्रांच ने पीड़ितों से ट्रांजेक्शन डिटेल मांगी है ताकि धोखाधड़ी की रकम और संदिग्ध खातों की पहचान की जा सके। पुलिस ने अधिक से अधिक पीड़ितों को सामने आने का आग्रह किया है क्योंकि वास्तविक ठगी दर्ज कई गुना ज्यादा होने की संभावना है। पोंजी स्कीम में नए निवेशकों के पैसे से पुराने निवेशकों को पेमेंट कर भरोसा बनाए रखा जाता है, लेकिन यह अवैध योजना आखिरकार धराशायी हो जाती है।

### विश्वजीत का धोखाधड़ी साम्राज्य गोरखपुर से बिहार-झारखंड तक

विश्वजीत ने 2016 में गोरखपुर के चरगांवा क्षेत्र में अपना पहला कार्यालय खोला था और खुद को ट्रेडिंग एक्सपर्ट बता कर विश्वसनीयता हासिल की। बाद में नेटवर्क मार्केटिंग के जरिए अपने जाल को बिहार, झारखंड तक फैला दिया। इसका प्रभाव पूर्वांचल के अधिकांश जिलों में था। लखनऊ और कानपुर में भी कंपनी के एजेंट सेमिनार और सोशल मीडिया कैंपेन के जरिए निवेशकों को फंसाते थे।

# लेखपालों के एसआईआर में व्यस्त रहने के कारण धान का सत्यापन रूका

**किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी**

**अवधनामा संवाददाता**


सेन्टर पर सत्यापन के अभाव में बेबस तौल कर्मचारी

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज तहसील के किसानों को अपने उपज धान को संचालित सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने के लिए सत्यापन सबसे बड़ी बाधा बन रही है। धान क्रय केंद्रों पर खरीद की प्रक्रिया में तेजी नहीं आ पा रही है। इसके लिए सबसे बड़ी बाधा तहसील में सत्यापन की लंबी प्रक्रिया बन रही है। समस्या का निदान न होने के कारण किसान क्रय केंद्रों पर जाने के बाद निजी आढ़तियों को कम दाम में बेचने को मजबूर हैं।

एसआईआर फार्म की व्यस्तता बताकर तहसील के जिम्मेंदार फसल सत्यापन में लापरवाही बरत रहे हैं। किसानों की इस दुर्दशा पर जिले के आला अधिकारी भी ध्यान नही दे रहे हैं। खाद्य विभाग के केन्द्र प्रभारी शिवमुनि ने बताया कि लक्ष्य 30000 कुन्तल के सापेक्ष अब तक कुल दो हजार छह सौ सत्तासी कुन्तल धान की खरीदारी की गई। लगभग सत्ताइस किसानों का आई स्कैनर हो गया है। किसान जैसे ही धान लेकर आते हैं। धान तौल लिया जाता है। किसान पंजीकरण सत्यापन के कार्य की गति काफी धीमी है। जिससे लक्ष्य पाने में दिक्कत आ रही है। ऐसे में किसान आर्थिक, मानसिक व शोषण का शिकार बन रहा है।बुवाई का समय है, गेहूं, खाद की खरीददारी नहीं हो पा रही है जिसको लेकर अन्नदाता काफी चिंतित और हताश हैं। किसान का पंजीकरण नहीं होने पर बिचौलिए बहुत कम दर पर धान खरीद कर रहे हैं। लेखपालों की व्यस्तता के कारण धान बेचने के लिए किसानों का सत्यापन कार्य रुक गया है, कई किसान पिछले 15 दिनों से धान क्रय केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सत्यापन न होने के कारण उनकी उपज की खरीद नहीं हो पा रही है। कप्तानगंज तहसील में धान खरीद के लिए एक दर्जन से अधिक सेन्टर है पर किसानों का सत्यापन लेखपाल द्वारा किया जाता है। इसके बाद फाइल तहसीलदार के पास जाती है और अंतिम अनुमति एसडीएम की आईडी पर प्रदर्शित होती है।

इस प्रक्रिया में देरी के कारण किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कुछ किसान सिफारिश कर किसी तरह लेखपाल से सत्यापन करा ले रहे हैं, लेकिन उनकी फाइलें तहसीलदार स्तर पर लंबित हो जा रही हैं। लेखपालों की एस आईआर फॉर्म भरवाने में व्यस्तता भी सत्यापन कार्य में विलंब का एक प्रमुख कारण है। किसान कमलेश, राम सूरज, भगेलू और पुरुषोत्तम ने बताया कि वे प्रतिदिन क्रय केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन सत्यापन के अभाव में धान की खरीद नहीं हो पा रही है।

# गाजे-बाजे के साथ निकली खाटू श्यामजी सरकार की विशाल पैदल निशान यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल, बाँदा द्वारा प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली एकादशी पैदल निशान यात्रा इस शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी पर बड़े ही धूमधाम एवं भव्यता के साथ निकाली गई। यात्रा में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ जनों सहित भारी संख्या में खाटू श्याम भक्तों ने उल्लासपूर्वक हिस्सा लिया।

यात्रा तिंदवारी रोड स्थित मां पीताम्बरा माई मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। जगह-जगह भक्तों द्वारा यात्रा का पुष्पवर्षा, जलपान व भव्य स्वागत कर सत्कार किया गया। पूरे मार्ग में खाटूश्यामजी सरकार की जय, जय श्री राधे के जयकारों के साथ भक्तिरस की अद्भुत अनुभूति देखने को मिली।

खाटू श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा कई वर्षों से निरंतर निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुटता का संदेश देना है। यात्रा में उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक माह की एकादशी पर भक्तजन बाबा श्याम को निशान चढ़ाकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना करते हैं।

इस अवसर पर मंडल द्वारा श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। बताया गया कि कलयुग की मीरा कही जाने वाली कुमारी आरती टॉक, जो पिछले 5 वर्षों से प्रतिदिन बाबा श्याम को निशान चढ़ाती थीं और अब तक 13,551 से अधिक निशान चढ़ा चुकी थीं, उनका कार हादसे में निधन हो गया था। यात्रा के दौरान मंदिर परिसर में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

यात्रा में अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, जीतू गुप्ता, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, राकेश गुप्ता, राजेश पिंटू, नरेंद्र के.के. गुप्ता, आशु, सबिता, पप्पू गुप्ता, गुड्डू, विष्णु चौरसिया, हरीशंकर, विनोद, मनोज, शिवा, डॉ. के.के. गुप्ता, मोहित गौ रक्षक, रामबहोरी, सोहन, संतोष यादव, धीरज साहू, अमित सेठ, विमला यादव, शैल, रूबी, संगीता शिवहरे, नंदनी यादव, सुमन यादव सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

यात्रा का समापन भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। भक्तों ने बाबा खाटू श्यामजी से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की कामना की।

# 21 शिकायतों का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद में जनशिकायतों के निस्तारण में तेजी व पारदर्शिता-निष्पक्षता हेतु एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा विशेष अभियान शुरु किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत फिरोजाबाद पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं के मौके पर जा कर कुल 21 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण-अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर शिकायतों का निस्तारण जाकर किया जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे। चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 21 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। फिरोजाबाद पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा। शिकायतकर्ता को बार-बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।

# द पीटीबी की मासिक बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** द प्रेस ट्रस्ट ऑफ बुंदेलखंड (द पीटीबी) द्वारा आगामी 23 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित संवाद, सम्मान और शपथग्रहण कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने हेतु आज 30 नवम्बर को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक खबर लहरिया मीडिया ग्रुप के कार्यालय में सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज की। हाल ही में 28 अक्टूबर को सम्पन्न हुए मतदान एवं वार्षिक अधिवेशन की प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए बुलाई गई इस बैठक में आगामी आयोजन की विस्तृत तैयारियों पर खुली चर्चा की गई। कार्यक्रम में आमंत्रित बाहरी एवं स्थानीय मेहमानों के स्वागत, मेजबानी, मंच संचालन, सम्मानित किए जाने वाले प्रतिभागियों एवं संवाद सत्र की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने अपने सुझाव साझा करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। बैठक की अध्यक्षता द प्रेस ट्रस्ट ऑफ बुंदेलखंड (द पीटीबी) की प्रबंध कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं खबर लहरिया संपादक कविता देवी बुंदेलखंडी ने की। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित– द पीटीबी के संयुक्त फाउंडर देवेंद्र नाथ मिश्रा व आशीष सागर दीक्षित,प्रबंधक सचिव इकबाल खान, प्रबंध कार्यकारिणी कनिष्ठ उपाध्यक्ष पत्रकार जीशान अख्तर, जिला अध्यक्ष अनवर रज़ा रानू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संवाददाता नेजा त्रियुगी नारायण पांडेय (अतर्रा), कनिष्ठ उपाध्यक्ष पत्रकार अरबाज खान, जिला सचिव डॉ. भगत सिंह (पत्रकार के न्यूज़), कोषाध्यक्ष कुलसुम ख़ातून, पत्रकार रोहित द्विवेदी, साकेत अवस्थी, शिवम सिंह, अरविंद सिंह गौतम, खबर लहरिया की स्थानीय महिला पत्रकार टीम, सभी ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया कि आगामी आयोजन में संवाद से लेकर सम्मान और शपथग्रहण तक हर कार्यक्रम को पारदर्शी, गरिमामयी और सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# बेटी ने मांगें अपने जेवर तों परिजनों ने कर दी हत्या

अवधनामा संवाददाता

■ पुलिस ने हत्या आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना मीरानपुर कटरा क्षेत्र में एक बेटी को स्वेच्छा से शादी करना और महंगे जेवर पहनना महंगा पड़ गया थाना क्षेत्र के सहमापुर गांव में मायके में रह रही विवाहिता छाया देवी के प्रेम विवाह करने से नाराज होकर घरवालों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने उसके पति रामकुमार की तहरीर के आधार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उसके पिता अजय पाल सिंह, मां बेबी उर्फ बब्बो, चाचा रंजीत सिंह और चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया। हैं पुलिस ने वह कार भी अपने कब्जे में ले ली है, जिससे छाया का शव अंतिम संस्कार के लिए गंगा तट पर ले जाया गया था। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि छाया देवी ने जैतीपुर क्षेत्र के गांव पलिउरा निवासी रामकुमार से प्रेम प्रसंग के चलते छह माह पूर्व स्वेच्छा से शादी कर ली थी, लेकिन घर के लोग इस शादी के खिलाफ होने के कारण उसकी दूसरी शादी करना चाहते थे। आरोपियों ने बताया कि छाया देवी के मायके आने के बाद उन्होंने उससे तीन लाख रुपये के गहने और नकदी ले ली थी। छाया अपने गहने वापस मांग कर पति के पास पंजाब जाने की जिद कर रही थी, इसीलिए उन्होंने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

**बहगुन नदी के किनारे जलाई चिता–** बाद में पुलिस से बचने के लिए उसके शव को कार से जैतीपुर क्षेत्र के मढ़िया घाट पर बहगुल नदी के किनारे ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया था। हत्या की आरोपी विवाहिता की मां बेबी आठ माह की दुधमुंही बेटी को भी अपने साथ लेकर जेल गई है। घटना में कार चलाकर सहयोग करने वाले बाल अपचारी को न्यायालय के आदेश पर शाहजहांपुर के बाल सुधार गृह भेजा गया है, जबकि अन्य तीनों आरोपियों को न्यायालय से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**चिता से मिली दो जोड़ी बिछिया**

सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि फॉरेंसिक विभाग की टीम ने छाया देवी की चिता से राख और जली अस्थियों के सैंपल लिए हैं। चिता से चांदी की दो जोड़ी बिछिया भी मिली हैं। चिता की राख और हड्डियों को डीएनए जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। डीएनए जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दलित वर्ग के उत्थान के लिए राजनैतिक रणनीति के तहत गहन चर्चा

**शिकोहाबाद।** आज अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ मानव शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक यादव ने पिछड़ा वर्ग, दलित वर्ग एवं अति दलित वर्ग के उत्थान के लिए राजनैतिक रणनीति के तहत गहन चर्चा की। दोनों राष्ट्रीय अध्यक्षों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि छोटे दलों को एक मंच पर लाकर के एक मजबूत मोर्चा बनाया जाये। जिससे कमजोर वर्ग के लोगों को संवैधानिक अधिकारों के साथ ही साथ सामाजिक एवं आर्थिक न्याय दिलाया जा सके ! मानव शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक यादव ने कहा कि हम सभी समान विचारधारा के दल मिल करके मानवतावादी विचारधारा को मजबूत करते हुए जाति धर्म से ऊपर उठकर शोषित एवं वंचित वर्ग को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का काम करेंगे। तथा जनता की वर्तमान समस्याओं एवं मुद्दों को ध्यान में रखते हुए उसके समाधान हेतु एकजुट होकर के काम करेंगे। इसी बीच बहुत जल्द आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एक संयुक्त बैठक करने का निर्णय लिया गया। दोनों नेताओं की यह मुलाकात राजनैतिक क्षेत्र में एक प्रभावशाली कदम साबित हो सकती है।

# यातायात महा के समापन पर सूचना अधिकारी सहित पत्रकार सम्मानित

■ कई स्कूलों के बच्चों और पुलिस को भी डीएम एसपी ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में सोमवार को यातायात माह के समापन पर पुलिस लाइंस शाहजहांपुर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जहां पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम में यातायात महा के दौरान यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करने में अहम भूमिका निभाने वाले जिला सूचना अधिकारी बाबूराम को जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शील्ड देकर सम्मानित किया इस मौके पर जी न्यूज़ के संवाददाता शिवकुमार, अभिषेक सक्सेना, अभिषेक कश्यप, सूरज सहाय सहित तमाम पत्रकार और कई स्कूलों के टीचर और बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र देकर जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडे ने किया और जनपद में यातायात महा के दौरान सहयोग प्रदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया इस दौरान कई थाना अध्यक्षों को भी पुलिस अधीक्षक और जिला अधिकारी द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया सुचारू रूप से यातायात माह का संचालन करने और यातायात व्यवस्था में अहम भूमिका निकलने वाले यातायात पुलिस के कर्मचारियों के साथ यातायात प्रभारी विनय पांडे को जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सम्मानित किया यातायात माह में जागरूकता, प्रवर्तन एवं सहयोग प्रदान करने के लिए जिला सूचना अधिकारी बाबूराम VDF School. S.K. Public School.GIC School. आकांक्षा स्कूल.जनता इंटर कॉलेज. सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज.NTI व अन्य संस्थानों सहित पुलिस विभाग यातायात पुलिस कर्मी- मुख्य आरक्षी ओवेन्द्र, मुख्य आरक्षी योगेन्द्र, मुख्य आरक्षी कोमल थाना प्रभारियों में थाना कोतवाली, थाना सदर बाज़ार, थाना रामचन्द्र मिशन, थाना पुंवाया, थाना सिंधौली, थाना गढ़िया रंगीन व सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं में सहयोग संस्था वर्क संस्था मानवता वेलफेयरव्यापार मंडल आदि संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

## चार दिन काली पट्टी बांधकर विरोध बताएंगे ग्राम पंचायत व विकास अधिकारी



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ और ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहा है। इसी क्रम में पंचायत सचिव सोमवार से विरोध दर्शन शुरू करें। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 4 दिसंबर तक चलेगा इसी बीच सभी पंचायत सचिव काली प्रति बात कर शासकीय कार्य करेंगे। 5 दिसंबर को विकासखंड पर सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 तक आंदोलन करें इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा । तदुपरांत 10 दिसंबर से ट्रैवलिंग एलाउंस को बढ़ाने के लिए सरकार से मांग करें और 15 दिसंबर 2025 को ग्राम पंचायत में लागू हुई ग्राम स्वराज पोर्टल के जटिल गेटवे सिस्टम की भुगतान प्रक्रिया का विरोध करेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस प्रदूषण के बीच पंचायत सचिव अपना डोंगर विकास खंड कार्यालय के सहायक विकास अधिकारी पंचायत के कार्यालय में जमा कर देंगे। इसके बाद कार्य बहिष्कार के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

## किसान पब्लिक इण्टर कालेज में संचालित होगा कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन बहराइच द्वारा आकांक्षात्मक ब्लाक योजनान्तर्गत किसान पब्लिक इण्टर कालेज सरजू नगर, भग्गड़वा बाज़ार हुजूरपुर में स्थापित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि/विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी द्वारा अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण ग्रीन जॉब सेक्टर के अन्तर्गत सूर्यमित्र का प्रशिक्षण कराया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों को रोज़गार से जोड़ा जायेगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष हुजूरपुर दुर्गेश सिंह व अवधेश कुमार सिंह विश्व हिन्दू परिषद, जिला महामंत्री मनोज मिश्रा, सोशल मीडिया प्रभारी हुजूरपुर मंडल, संजय गुप्ता, देवेश सिंह किसान पब्लिक इण्टर कालेज के प्रबन्धक एल.पी. मिश्र, आशीष तिवारी, राय सिंह, विनोद पाण्डेय मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में जिला कौशल प्रबन्धक रवि पाठक ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हाजी इरफान बने बल्दीराय के कार्यकारी अध्यक्ष

**बल्दीराय/सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)** बल्दीराय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे इमरान मोनू को पारिवारिक व्यवस्था के कारण पार्टी के कार्यों में उपस्थित न होने हेतु उनकी जगह पर हाजी मो इरफान अंसारी को बल्दीराय ब्लॉक का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय पर हाजी मो इरफान अंसारी को कार्यवाहक अध्यक्ष का मनोनयन पत्र देकर उन्हें बधाई देते हुए बल्दीराय ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंप दी है।

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** आज को कलेक्ट्रेट से विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरुकता परेड का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अंकुर कौशिक (आई.ए.एस.) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली की थीम 'बाधाएँ दरकिनार, एच.आई.वी. पर सशक्त प्रहार।' रैली में डा. भारत भूषण मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. आर. के. मिश्रा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष), डा. आर. के. यादव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला), डा. आर. के. कन्नौजिया जिला क्षय रोग अधिकारी, डा. जे.सी. सरोज अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. लाल जी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. सफीउर रहमान उप जिला क्षयरोग अधिकारी, डा. राम धीरेन्द्र ए.आर.टी. प्रभारी, डा. अफसार अहमद ए.आर.टी. चिकित्सा अधिकारी, संतोष यादव डी.पी.एम., अनिल कुमार डी.सी. पी.एम. प्रताप सेवा समिति के विजय विद्रोही के साथ गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज के अध्यापक डा0 विष्णु अग्रहरि एवं एन.एस.एस. के बच्चे तथा राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के एन.सी.सी. हेड डा0 आलोक कुमार सिंह, प्रशिक्षक सत्येन्द्र सिंह के साथ एन.सी.सी. के बच्चों ने 'एड्स का ज्ञान, बचाये जान' 'हम सब ने ठाना है, एड्स को दूर भगाना है।' अपने रिश्ते के प्रति रहिये ईमानदार, नहीं तो बनेंगे एड्स के भागीदार। 'आओ मिलकर कसम खाएँ, एड्स को हम जड़ से मिटाएँ' एड्स दिवस पर है ये नारा, एड्स मुक्त हो राष्ट्र हमारा। इत्यादि स्लोगन के साथ नारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट प्रांगण से होते हुए रोडवेज बसे स्टेशन से जिला अधिकारी आवास से दीवानी चौराहा होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में रैली का समापन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आर. के. कन्नौजिया द्वारा बताया गया कि एच. आई. वी. एड्स असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई/सिरिंज साझा करने से, संक्रमित रक्त के आदान प्रदान करने, एच.आई.वी. संक्रमित गर्भवती महिला से शिशु को प्रसव के दौरान एवं स्तनपान से तथा अन्य कारण जैसे संक्रमित उपकरण से टैटू बनवाने या शरीर में छेद करवाने से एच.आई.वी. इंफेक्सन का खतरा होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकीय टी.बी. क्लीनिक के विवेक मिश्रा, पंकज तिवारी, सुरेश कुमार, आई.सी.टी.सी. से सत्यनारायण सिंह, नेहा श्रीवास्तव, पी.पी.टी.सी. से दीपशिखा मिश्रा, राम सुमिरन यादव, ए.आर.टी. से अवनीश सिंह, बलराम पाल, रितेश श्रीवास्तव, प्रभात सिंह, अस्मिता तिवारी, शिवबहादुर गौड़, प्रणीत श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह, अनुराग पाण्डेय, सीमा श्रीवास्तव, लक्ष्मी सोनी, सपना पाठक, प्रताप सेवा समिति के वेद प्रकाश सिंह, अर्चना दूबे, अर्चना सिंह, पारो गुप्ता, इरफाना, सुप्रिया, इत्यादि लोगों ने जागरुकता परेड/रैली में प्रतिभाग कर अपना सहयोग दिया।

# तीन दिवसीय खेल समारोह संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह लक्ष्य-2025 का आयोजन किया गया। इस समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रीन हाउस, व्हाइट हाउस और सैफ्रॉन हाउस के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन रविवार को मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिसह में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें पहले दिन बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, और कक्षा 1 से 5 के छात्रों के लिए दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्व कप विजेता भारतीय अंतरराष्ट्रीय टी 20 क्रिकेट टीम की प्रसिद्ध क्रिकेटर सोनम यादव रहीं। द्वितीय दिन कबड्डी, स्प्रिंट 100 मीटर और 200 मीटर, रिले रेस, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो और कक्षा 1 से 5 के छात्रों के लिए दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कवि कृपा शंकर शर्मा शूल मुख्य अतिथि रहे। रविवार को पुरुस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार राणा रहे। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर निदेशक-प्रधानाचार्य डॉ रजनी यादव, अकादमिक निदेशक अभय राज और अकादमिक प्रधानाचार्य तनु यादव और डा. पीएस राना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार ने सभी का आभार व्यक्त कर किया।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.12.2025** को **15:00** बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 012602025 dated 29.11.2025 |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर चतुर्थ लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में SLN-ZBD खंड के ब्रिज संख्या 118 UP तथा AYC-SLN खंड के ब्रिज संख्या 80 पर 473 संख्या स्टील चैनल स्लीपरों को H-बीम स्टील स्लीपरों से बदलने तथा LKO-SLN-ZBD खंड में स्टील चैनल स्लीपरों के लिए आवश्यक कमी वाले फिटिंग्स के प्रतिस्थापन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹1,87,19,456.46 |
| धरोहर राशि | ₹ 2,43,600.00 |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृति पत्र की तिथि से 12 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 09.12.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.12.2025 15:00 बजे |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3715/2025

# तीन युवतियों ने स्वयं का रोज़गार प्रारम्भ किया

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** हमारा प्रयास जनपद का विकास श्रृंखला के अन्तर्गत आज हम उन 3 युवतियों की बात करने जा रहें है, जिन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ उठाकर अपना स्वंय का रोजगार शुरू किया, इन युवतियों में पूजा अग्रवाल, पुष्पा, गायत्री है, यह तीनो युवतियां मध्यमवर्गीय परिवार से आती है, तीनों युवतियां अपने पैरों पर खडा होने हेतु निरंतर प्रत्यनशील थी, परन्तु इन्हे सही मुकाम नही मिल पा रहा था, तभी इन्हे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के विषय में ज्ञात हुआ, साथ ही उन्हे यह भी ज्ञात हुआ कि इस योजना के तहत सरकार प्रत्येक युवा को स्वरोजगार बनाने हेतु कृतसंकल्पित है, जिससे किसी भी युवा को अपना स्वरोजगार शुरू करने हेतु अन्यत्र कही भटकना न पडे, इन तीनों युवतियों ने शीघ्र ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत अपना आवेदन किया, शीघ्र ही बैंकों नें इनका आवेदन स्वीकार करते हुए इन्हे 5 लाख की धनराशि स्वीकृत किया, इस धनराशि से पूजा अग्रवाल ने ''मां कैला देवी पोशाक केन्द्र'' की शुरूआत की, पुष्पा ने ''बिटटू-सीटू ब्यूटी पार्लर की'' शुरूआत की, जबकि गायत्री ने ''गायत्री बैगंल्स डेकोरेशन की'' शुरूआत की,'' शीघ्र ही यह युवतियां इस धनराशि की मदद से स्वंय रोजगार प्रदाता बन गयी, इनके कठोर श्रम से शुरू किया गया रोजगार शीघ्र ही प्रगति के पथ पर अग्रसर हो गया, आज यह तीनों युवतियां न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन चुकी है, बल्कि अपने परिवार का सहारा भी बन रही है, इन युवतियों से प्रेरणा लेकर आज कई महिला युवतियां इस योजना का लाभ उठाकर अपने पैरों पर खडी हो रही है, अपने जीवन में आये इस गुणात्मक बदलाव के लिए वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी रमेश रंजन का कोटी-कोटी धन्यवाद अर्पित कर रहीं है।

# एड्स के मरीजों से नहीं, बीमारी के कारणों से बनाएं दूरी: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** विश्व एड्स दिवस पर जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट कार्यालय से सीएमओ कार्यालय तक स्कूली बच्चों की विशाल रैली निकाली गई, जिसे जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बच्चों व शिक्षकों ने पोस्टर और स्लोगन के जरिए सुरक्षित जीवनशैली अपनाने, समय पर जांच कराने और एचआईवी/एड्स से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने का संदेश दिया। इस वर्ष की थीम बाधाएँ होंगी दरकिनार, एचआईवी/एड्स पर सशक्त प्रहार रही। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि सुरक्षित व्यवहार और समय पर जांच ही एचआईवी/एड्स के नए मामलों को रोकने की सबसे प्रभावी रणनीति है। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने इसे सामाजिक संवेदनशीलता का विषय बताते हुए संक्रमित व्यक्तियों के प्रति समर्थन की अपील की। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि नियमित दवाओं का पालन करने पर एचआईवी संक्रमित व्यक्ति वर्षों तक सामान्य और सक्रिय जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआती चरणों में लक्षण न दिखने के कारण लोग अनजान रहते हैं, इसलिए जोखिम की स्थिति में तुरंत जांच कराना आवश्यक है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज सहित रिसिया, कैसरगंज, पयागपुर, पखरपुर, नानपारा, शिवपुर और मिहींपुरवा में आईसीटीसी केंद्रों पर गोपनीय परामर्श व एचआईवी जांच निःशुल्क उपलब्ध है। इन केंद्रों पर औसतन 4 हजार से अधिक व्यक्तियों की जांच हर माह की जाती है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज स्थित एआरटी सेंटर पर निःशुल्क दवाएँ, इलाज और नियमित मॉनिटरिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है।

**सूचना**

मैं मो0 राशिद शरीफ पुत्र मो0 शरीफ निवासी रकाबगंज कदीम लखनऊ। मेरे सारे दस्तावेज में मेरा नाम मो0 राशिद शरीफ हैं इसी कारण मैं अपने पासपोर्ट पर अपना नाम मोहम्मद राशिद से हटवाकर मो0 राशिद शरीफ करवा रहा हूं। अब मुझे मो0 राशिद शरीफ के नाम से ही जाना वा पहचाना जाए

**Public Notice**

I Isarar Ahamad have changed my name to Israr ahmad in future call & Know me Israr Ahmad s/o rasheed sarai hisamuddin, Saharanpur, Uttar Pradesh- 247001

**कोर्ट नोटिस**

बनाम रेस्पोडेन्ट मुशहर इत्तिला के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये (आर्डर 41 कायदा 14) न्यायालय मा.किराया अधिकरण /अपर जिला जज कक्ष संख्या 1 सहारनपुर , रेन्ट ट्रिब्यूनल अपील संख्या 83 सन् 2025 आलोक मित्तल पुत्र स्व0 श्री जय प्रकाश मित्तल निवासी जे0 पी0 शॉपिग काम्पलेक्स भगत सिंह मार्ग सहारनपुर..अपीलान्ट / भवन स्वामी ....बनाम मनोज कुमार मित्तल पुत्र मामचन्द निवासी मकान नम्बर 6/5847 विष्णुपुरी न्यू माधोनगर सहारनपुर एवं दुकानदार दुकान नम्बर एफ0 36 व एफ0 37 प्रथम तल पर स्थित है, वाके जे0 पी0 शॉपिग काम्पलेक्स भगत सिंह मार्ग सहारनपुर ......रेस्पोन्डेन्ट/किरायेदार अपील धनराशि 60,000/- रूपये अदालत रेन्ट अथोरिटी /अपर जिला मजिस्ट्रेट मुकाम सहारनपुर मुबरिखा 29 माह 3 सन् 2025 मुकदमा नम्बर 5553 सन् 2024,आलोक मित्तल बनाम मनोज कुमार मित्तल मुत्तिला हो कि अपील धनराशि डिग्री 60,000/- रूपये मुकदमा मुन्दरजा बाला के ने पेश किया एवं इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने दि. 3.12.2025 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानून आपकी तरह अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आवेगा तो उसकी जमानत कोई तजवीज़ आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी.आज 1 माह 12 सन् 2025 को मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के जारी किया गया।

**आज्ञा से,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 01 सहारनपुर**

# एस एस पी द्वारा यातायात माह नवंबर 2025 का किया गया समापन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में यातायात माह नवम्बर 2025 के समापन कार्यक्रम में पहुंचकर द्वीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यातायात माह के दौरान जन-जागरुकता कार्यक्रम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने वाले अधिकारी/कर्म0गणों को सम्मानित भी किया गया तथा रिक्रूट महिला आरक्षियों ने यातायात से सम्बन्धित रंगा-रंग कार्यक्रम में भाग लेने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी की प्रशंसा की गयी। आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि हादसों में मृत्यु दर बढ़ रही थी लेकिन इटावा पुलिस के सहयोग से विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सडक दुर्घटना में कमी आयी है साथ ही बताया कि यातायात दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चालक हैलमेट लगाकर और चार पहिया चालक सेफ्टी बैल्ट लगाकर वाहन चलायें। वाहन को उचित स्थान पर पार्क करे और वाहन संबंधी सभी पेपर रखे। टैम्पों चालक ओवर लोड सवारियां न भरें। वाहन को तेज गति और शराब पीकर न चलायें साथ ही बताया कि यातायात माह मनाने का उद्देश्य जनता में जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगान का गायन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी सहित समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधि0/ कर्म0 गण उपस्थित रहे।

# खंड संख्या 25/2 इछोरा-जिटकिरी में मौरंग माफिया बेलगाम

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद के चिकासी थाना क्षेत्र स्थित खंड संख्या 25/2 इछोरा जिटकिरी में मौरंग माफिया के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। NGT के नियमों का खुलेआम उल्लंघन करते हुए नदी के बीचों-बीच हैवी मशीनों से अवैध खनन किया जा रहा है। ओवरलोड वाहनों को पास कराना, हृक्र सहित सभी मानकों को ताक पर रखना और बैरियर लगाकर वसूली का खेल यहां आम बात बन चुका है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार खदान पर डिज्याना (DIPL) इंडस्ट्रीज द्वारा किए जा रहे खनन में कई गंभीर अनियमितताएं पाई जा रही हैं। विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे जनपद में हड़कंप मच गया है और प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में है। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी खदान पर प्रतिबंधित लिफ्टर मशीनों से अवैध खनन पकड़ा गया



था, जिसके बाद कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद माफियाओं के अवैध कारोबार में किसी तरह की कमी नहीं आई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में माफिया के डर का माहौल बना हुआ है, जिससे लोग खुलकर शिकायत करने से भी कतराते हैं। इधर इतनी बड़ी अनियमितताओं और वायरल वीडियो के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे माफिया के मनोबल पर कोई असर नहीं दिख रहा। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने शासन-प्रशासन से तत्काल सख्त कदम उठाने और खनन माफिया पर नकेल कसने की मांग की है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

**मौदहा/हमीरपुर।** कस्बे के एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आई नाबालिग से मैरिज हॉल के कर्मचारी द्वारा दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने बच्ची को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली राठ क्षेत्र के एक गांव निवासी परिवार जनता गेस्ट हाउस में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने आया था। देर रात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग सो रहे थे। इसी दौरान मासूम बच्चों के साथ सो रही 12 वर्षीय बच्ची के पास मैरिज हॉल का कर्मचारी पहुंचा और गलत हरकत करने लगा। बच्ची के जागने और विरोध करने पर अन्य बच्चे भी जाग गए, जिसके बाद आरोपी अमित कुमार पुत्र कामता धमकी देकर फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि आरोपी की हरकत के सबूत बच्ची के शरीर पर भी मिले हैं। थाना मौदहा पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है।

# परेश मिश्रा का अभिषेक राजपूत ने किया स्वागत व सम्मान



बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष परेश मिश्रा का अपने बस्ते पर स्वागत व सम्मान करते अभिषेक राजपूत साथ में सुनील दुबे आदि

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा कचहरी में अधिवक्ताओं से किया जनसंपर्क**

**इटावा।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष परेश मिश्रा ने सोमवार को कचहरी में पूर्व अध्यक्ष डीबीए औरैया सुनील दुबे के साथ अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर अपने लिए आगामी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश 2026 के चुनाव में सदस्य पद के लिए प्रथम वरीयता का मत समर्थन व आशीर्वाद की अपील की। जनसंपर्क के दौरान अभिषेक राजपूत एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष ऑल इंडिया लायर्स यूनियन ने अपने बस्ते पर श्री मिश्रा का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डीबीए इटावा ब्रजेश कुमार दुबे, राघव शर्मा पूर्व कोषाध्यक्ष डीबीए, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय तिवारी, रामनरेश, जितेंद्र वर्मा, पुष्पा कुशवाह, दीप्ति, प्रिया, पंकज राजपूत, विकास दुबे आदि मौजूद रहे।

# धान खरीद में शिथिलता पर भड़के किसान नेता, किया प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** धान क्रय केन्द्रों पर किसानों के धान खरीद में बरती जा रही शिथिलता को लेकर सोमवार को किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। बाद प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी किए। संयोजक संदीप मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष प्रति विघा सोलह कुंटल धान की खरीद की जा रही थी, लेकिन इस वर्ष धान खरीद के मानक को घटा दस कुंटल कर दिया गया है। इससे तमाम किसान निर्धारित मानक से अधिक धान की विक्री क्रय केन्द्रों पर नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरी में किसानों को बिचौलियों के सहारे बाजार में धान की विक्री करनी पड़ रही है, इससे किसानों को काफी घाटे का सौदा करना पड़ेगा। आखिरकार किन परिस्थितियों में धान खरीद के मानक में कमी की गई है, यह जनपद के किसान नहीं समझ पा रहे हैं। मांग की कि लघु सिमांत की श्रेणी में आने वाले किसानों का बगैर सत्यापन कराए उनके धान की खरीद की जाए। इसके अलावा तय खरीद मानक को बढ़ाते हुए इसे बीस कुंटल प्रति विघा किया जाए। बड़े किसानों के धान को सीधे मिलरों के यहां बेचने की छुट दी जाए। कहा कि तमाम क्रय केन्द्रों पर हाईब्रिड धान की खरीद नहीं की जा रही है। हाईब्रिड धान की खरीद शुरू करायी जाए। चेतावनी दी कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो जनपद के किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की स्वयं होगी। इस मौके पर आकाश चौहान, शत्रुंधन बिन्द, संजय बियार, अनूप बिन्द, विवेक जाटव, सर्वेश तिवारी, विजय बिन्द, सुरज कुमार, भोलू गुप्ता, राजेन्द्र, अमित, धर्मेन्द्र, विनय पासवान, अनीस, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# पद्मश्री प्रो. एच सी वर्मा ने डीपीएस के बच्चों से लर्निंग फिजिक्स विद नेचर की सेमिनार

**हमें हर कीमत पर अपनी धरती मां का ख्याल रखना ही होगा: प्रो.वर्मा**

वहाज अली निहाल

**इटावा।** आईआईटी, कानपुर के सुविख्यात पूर्व प्रोफेसर एवं प्रसिद्ध पुस्तक कॉन्सेप्ट ऑफ फिजिक्स के जाने-माने लेखक भौतिकविद पद्मश्री प्रो.एच सी वर्मा ने सोमवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा में बच्चों संग विज्ञान सत्र में विशेष सेमिनार किया। स्कूल आगमन पर डीपीएस के सुसज्जित शानदार बैंड ने उन्हें विशेष सलामी दी। तत्पश्चात विद्यालय परिवार की ओर से प्रिंसिपल भावना सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर प्रो वर्मा एवं उनके सहयोगी रहे डॉ ब्रजेश दीक्षित एवं अमित कुमार बाजपेई का स्वागत किया। सेमिनार हॉल के मंच पर प्रो वर्मा ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हर कीमत पर अपनी धरती मां का ख्याल रखना ही



होगा उन्होंने कार्बन उत्सर्जन पर विशेष बल देते हुए कहा कि आज ज्यादातर समस्याएं इसी कार्बन उत्सर्जन से सामने आ रही है उन्होंने पृथ्वी के आवश्यक तत्वों सहित ग्लोबल वार्मिंग के साथ ष्ट्ह2 की बढ़ती वैश्विक मात्रा पर विशेष चर्चा की।

उन्होंने बच्चों के साथ अपने विशेष कार्यक्रम लर्निंग फिजिक्स विद नेचर के साथ फिजिक्स के नियमों से जुड़े कई एक्सपेरिमेंटल वीडियो भी साझा किए, बच्चों को टिप्स देते हुए उन्होंने कहा कि, यदि आप सब्जेक्ट को रटने की जगह विषय को पहले समझकर याद करेंगे तो परीक्षा में ज्यादा अच्छे अंक आएंगे।

व्याख्यान के पश्चात उन्होंने स्कूल के बच्चों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी को भी देखा जिसमें एक सैकड़ा से भी अधिक साइंस प्रोजेक्ट्स के साथ लगभग 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया, उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए साइंस मॉडल्स को देखा और सराहना करते हुए सभी का उत्साहवर्धन करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

प्रदर्शनी में उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की विशेष NAEST परीक्षा की भी जानकारी दी साथ ही स्कूल कैंपस में स्थापित विशेष एयरोस्पेस लैब को देखा और जनपद में डीपीएस की इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की। डीपीएस के बच्चों के साथ पॉडकास्ट में उनसे भौतिकी के सिद्धांतों और फिजिक्स में कैरियर को लेकर विशेष वार्ता की। इस अवसर पर कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर विज्ञान विभागाध्यक्ष पंकज रावत, गणित विभागाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, भौतिकी विभाग से पवन अग्निहोत्री, सुमित भदौरिया, गुंजन निगम, सुरेंद्र त्रिपाठी, स्वाति चौरसिया, प्रेमा यादव, प्रीति पाठक, सरिता शुक्ला स्नेह यादव, सुबूर अनवर, शीतल स्टेम विभाग से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति पाठक ने किया।

## अज्ञात कारणों से किशोर ने लगाई फांसी, हालत नाजुक

**मौदहा/हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम बिगहना में 14 वर्षीय किशोर ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। परिजन उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। किशोर की पहचान धीरज (14) पुत्र रामसेवक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घर में किसी को इस बात का अंदेशा नहीं था कि धीरज ऐसा कदम उठा लेगा। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लाए। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। किशोर द्वारा आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ आक्रोशित ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन



**मौदहा/हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** आईएएस संतोष वर्मा की कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है। नाराज समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर आईएएस अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि आईएएस अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के प्रति की गई टिप्पणी अनुचित और सामाजिक सद्भाव के विपरीत है, जिससे पूरे समाज में रोष व्याप्त है। समाज के लोगों ने मांग की कि संतोष वर्मा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। इस दौरान ब्रजेन्द्र गौरव, बाबूराम बाजपेई, रेवती रमण पाठक, विवेक कुमार दीक्षित, शिव प्रकाश त्रिपाठी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारियों का शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुरू।



**चोपन/सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता)** विकासखंड चोपन के ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा सोमवार से शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत की गई। यह आंदोलन 1 दिसंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन प्रेषण के रूप में चलाया जाएगा।अधिकारियों ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 से सभी अधिकारी अपने निजी वाहनों का प्रयोग बंद कर देंगे तथा15 दिसंबर 2025 को सचिव अपने-अपने ब्लॉक पर डोंगल जमा करेंगे। सचिवों का आरोप है कि उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है तथा उनसे गैर-विभागीय कार्य करवाए जा रहे हैं। साथ ही सरकार द्वारा लागू की गई ऑनलाइन उपस्थिति (स्त्रऋ) व्यवस्था पर भी उन्होंने आपत्ति जताई है। आज चोपन ब्लॉक पर सचिव संगठन के महामंत्री, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के दीपक पांडेय के नेतृत्व में यह शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ। आंदोलन में शिवकुमार मौर्य, वीरेंद्र कुमार, राहुल सिंह, निर्भय सिंह, दीपक सिंह, स्मिता यादव सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने अपनी मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग करते हुए कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

## जन जागरूकता से एड्स जैसी गंभीर बीमारी से मिलेगा निजात : सीएमओ



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** सोनांचल में सोमवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। आमजन को इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए नगर के सीएमओ कार्यालय से जन जागरूकता विशाल रैली निकाली गई। सीएमओ डा पीके राय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में शामिल स्कूली छात्र-छात्राएं शहर के विभिन्न मार्गो से चक्रमण करते हुए महिला थाना, काशी राम आवास होते हुए जिला क्षय रोग कार्यालय पहुंचे। यहां आयोजित गोष्ठी में एड्स के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि एड्स विषय पर जानकारी ही बचाव है। लिहाजा अधिक से अधिक लोगों इस बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता किया जाए। टीबी एवं एड्स के बीच के संबंध की गंभीरता को बताते हुए कहा कि सभी टीबी के रोगियों में एचआईवी की सम्भावना अधिक होती है। एचआईवी की जांच सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क की जाती है। एचआईवी से ग्रस्त रोगी का उपचार भी अन्य रोगियों जैसा ही किया जाता है। बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबध बनाने, संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद के चढ़ाए जाने, एचआईवी संक्रमित सुइयों एवं सीरिंज के साझा प्रयोग व एचआईवी संक्रमित मां से जन्म लेने वाले बच्चे में यह बीमारी हो सकती है। कहा कि एचआईवी संक्रमित मरीज से हांथ मिलाने, उसके घर में रहने, कपड़ों के आदान-प्रदान व साथ में खाना खाने से यह बीमारी नहीं फैलती है। इस मौके पर एसीएमओ डा प्रेम नाथ, आनन्द मौर्य, सतीश सोनकर, अभिमन्यु, विजय, विमल, अखिल, शावेज, शिवशंकर आदि मौजूद रहे।

## पं. विजय लक्ष्मी की पुण्यतिथि पर किया पुष्पांजलि अर्पित

**प्रयागराज।** कांग्रेस गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजनायिक और कुशल प्रखर वक्ता और वरिष्ठ राजनीतिक पंडित विजयलक्ष्मी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि करके सोल्लास मनाई गई। इस अवसर पर अहमद ने कहा कि पंडित विजयलक्ष्मी वरिष्ठ वकील स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित मोतीलाल नेहरू की बेटी तथा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की बहन थीं। वह एक कुशल और प्रखर वक्ता के साथ-साथ महान संगीतज्ञ भी थीं। वह संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली निर्वाचित महिला सदस्य रही जो बाद में 1953 से 1954 तक संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा की अध्यक्ष रहीं। उन्होंने बहुत ही कुशलता पूर्वक अपने कार्य को संचालित किया और देश का मान बढ़ाया। हमको आपको उनके द्वारा किए गए कार्यों और योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और हमें उनके आदर्श और शिक्षाओं को आत्म शात करना चाहिए।

# यूपीयूएमएस में मना विश्व एड्स दिवस

अवधनामा ब्यूरो

**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में सोमवार को जनरल मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में ओपीडी परिसर में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम थी बाधाओं को पार करते हुए, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रति कुलपति प्रो.(डॉ.)रमाकांत यादव ने बताया कि विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना, बीमारी से प्रभावित लोगों के प्रति समर्थन प्रकट करना और नई एचआईवी संक्रमण दर को कम करना है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए लोगों को सही और वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि एड्स उन्मूलन के वैश्विक प्रयासों को



**समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए लोगों को सही और वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है: प्रो. (डॉ.) रमाकांत यादव**

मजबूती मिले। संकायाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) आदेश कुमार ने बताया कि संस्थान में स्थापित एआरटी(एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी) केंद्र एचआईवी/एड्स से प्रभावित व्यक्तियों को देखभाल, परामर्श, सहायता और मुफ्त दवाओं की सुविधा उपलब्ध कराता है। इन केंद्रों पर एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों को एंटी-रेट्रोवायरल दवाओं का संयोजन दिया जाता है, जिससे वायरस की प्रतिकृति को दबाया जा सके। उनका उद्देश्य उपचार को सुलभ बनाना, संक्रमण के प्रसार को कम करना तथा प्रभावित व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने एड्स की रोकथाम पर जोर देते हुए कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए हर बार सुरक्षित यौन संबंध बनाएं और कंडोम का नियमित उपयोग करें, कभी भी सुइयों या इंजेक्शन को साझा न करें। समय-समय पर एचआईवी परीक्षण अवश्य कराएं, जोखिम की स्थिति में पोस्ट एक्स्पोज़र प्रोफाइलैक्सिस चिकित्सक की सलाह से लें तथा संक्रमित होने की स्थिति में एआरटी केंद्र से दवाएँ नियमित रूप से लें, ताकि वायरस नियंत्रित रहे और संक्रमण का प्रसार रोका जा सके। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों और मेडिकल छात्र-छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

## विश्व एड्स दिवस पर रैली व संगोष्ठी आयोजित




**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सोमवार को जिला पुरुष चिकित्सालय परिसर से रैली निकाली गई, जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, NSS छात्र, आमजन व सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान के सदस्य शामिल हुए। रैली मुख्य सड़क से होते हुए CMO कार्यालय में समाप्त हुई, जहां संगोष्ठी आयोजित की गई। CMO ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम, संक्रमित मरीजों के प्रति समान व्यवहार और भेदभाव न करने की जानकारी दी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. बी.पी. सिंह ने ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों से समान व्यवहार अपनाने तथा संक्रमित मरीजों का डाटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। दोपहर में जिला कारागार में बंदियों को भी एड्स संबंधी जागरूकता दी गई। कार्यक्रम में अधीक्षक जिला कारागार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, काउंसलर व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# गुणवत्ता माह एवं कोर वैल्यू 'टोटल क्वालिटी एवं सेफ्टी' समारोह सफलतापूर्वक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल में 29 नवंबर 2025 को कोर वैल्यू–टोटल क्वालिटी एवं सेफ्टी तथा विश्व गुणवत्ता माह के महीनेभर चलने वाले आयोजनों का सफल समापन हुआ। पूरे माह के दौरान कर्मचारियों, संविदकर्मियों, परिवारजनों एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्विज़, अंतर-विभागीय प्रस्तुतियाँ, वॉकाथॉन, अतिथि व्याख्यान तथा विभिन्न डेमोंस्ट्रेशन जैसे कार्यक्रमों ने गुणवत्ता एवं सुरक्षा के प्रति स्टेशन की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। मेगा सेफ्टी पेप टॉक के दौरान आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया तथा इन-हाउस विकसित 'डिजि सुरक्षा' पायलट का शुभारंभ किया गया, जो स्टेशन की स्मार्ट एवं तकनीक-आधारित सुरक्षा प्रणालियों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

समापन समारोह की अध्यक्षता संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विन्ध्याचल) ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी एम. सुरेश, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (टीएस) तथा डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कोर वैल्यू चैंपियन प्रगीत उपाध्याय, अपर महाप्रबंधक (बीएमडी), गुणवत्ता चैंपियन बी.एच. रामकृष्ण, अपर महाप्रबंधक (एफक्यूए), संदीप कोहली, अपर महाप्रबंधक (ईएमडी) सहित अन्य विभागाध्यक्षों की उपस्थिति ने एनटीपीसी के कोर वैल्यू को और सुदृढ़ करने के सामूहिक संकल्प को दर्शाया। माहभर की गतिविधियाँ लोगों-केंद्रित उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और निरंतर सुधार की संस्कृति को स्थापित करने के प्रति स्टेशन की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहीं।

## 'कौन अपनाएगा सुरक्षा नीति' लॉन्च

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल के ईएमडी विभाग ने रचनात्मकता और सुरक्षा-जागरूकता का उत्कृष्ट परिचय देते हुए अनोखे केबीसी स्टाइल सुरक्षा क्विज़–÷कौन अपनाएगा सुरक्षा नीति की शुरुआत की है। पूर्णतः इन-हाउस और न्यूनतम संसाधनों से विकसित इस क्विज़ ने संविदाकर्मियों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण को मनोरंजक, इंटरैक्टिव और यादगार अनुभव में बदल दिया। यह पहल गेमिफाइड सेफ्टी ट्रेनिंग की दिशा में एक नया कदम है, जो बेहतर याददाश्त, अधिक सहभागिता और सुरक्षा के प्रति गहरी समझ को बढ़ावा देती है। इस नवाचारी मॉडल का औपचारिक शुभारंभ संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विन्ध्याचल) ने वरिष्ठ प्रबंधन टीम की उपस्थिति में किया। कोर वैल्यू माह के दौरान यह पहल तेजी से केंद्रबिंदु बन गई है, जो दर्शाती है कि किस प्रकार नया सोच और सरल नवाचार कार्यस्थल की सुरक्षा संस्कृति को ऊंचाई प्रदान कर सकता है। ज्ञान और मनोरंजन के अनूठे संयोजन से तैयार किए गए इस मॉडल ने स्टेशन में प्रभावी, सुगम और कर्मचारी-हितैषी सुरक्षा जागरूकता का एक नया मानक स्थापित किया है।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी 91 शिकायतें



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतें सुनीं। कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण जिलाधिकारी ने तत्काल कर दिया। बाकी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों–एसडीएम, बीडीओ और अन्य विभागीय अधिकारियों–को वर्चुअल बैठक के माध्यम से निर्देश देकर जल्द समाधान करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें और आईजीआरएस सहित सभी माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

## एनसीएल झिंगुरदा में सम्पन्न हुई नराकास, सिंगरौली की वर्ष अर्धवार्षिक बैठक

**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना स्थित अधिकारी क्लब में गत शनिवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सिंगरौली की वर्ष 2025-26 की द्वितीय अर्धवार्षिक बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष, नराकास सिंगरौली, बी. साईराम द्वारा की गई। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार तथा परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी विंध्याचल, विंध्यनगर, संजीब कुमार साहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# 2047 में स्वास्थ्य सेक्टर होगा अहम : पाठक

- यूपी ने तय किया 1 लाख करोड़ का हेल्थ विकास लक्ष्य : उप मुख्यमंत्री
- स्वास्थ्य और मेडिकल शिक्षा पर यूपी का बड़ा मंथन : ब्रजेश पाठक

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के तहत स्वास्थ्य शिक्षा पर सम्मेलन हुआ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विकसित भारत 2047 में यूपी के योगदान की बात कही। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य है। 2017 से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में विकास हुआ है, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ी है और तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप विकसित यूपी 2047 के तहत प्रदेश में स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य शिक्षा के विकास के लिये स्टेकहोल्डर्स की कॉनफ्रेंस आयोजित कॉन्फ्रेंस में उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश का योगदान महत्वपूर्ण है। विकसित यूपी- 2047 बनाने में हेल्थ सेक्टर को मजबूत करने के लिए आने वाले दस वर्षों में 1 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में हमारी सरकार बनने के बाद प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में तेज विकास हुआ है, लेकिन इसे विकसित देशों के समकक्ष बनाने के लिये हमें अभी और भी प्रयास करना है। कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर राज्य मंत्री मयंकेश्वर सिंह, मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी ने भी अपने विचार रखे। इसके बाद स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य शिक्षा, नर्सिंग, पैरामेडिकल व फार्मा से जुड़े हुए स्टेकहोल्डर्स व विभाग के अधिकारियों के विचार मंथन के कई सत्रों का आयोजन किया गया। विकसित यूपी- 2047 मिशन के तहत आयोजित स्वास्थ्य व स्वास्थ्य शिक्षा के लिए आयोजित स्टेकहोल्डर्स कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित यूपी- 2047 का लक्ष्य प्राप्त करने में स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। हमारा लक्ष्य प्रदेश के 25 करोड़ लोगों तक उनके घर के पास स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश जो एक बीमारू राज्य था आज प्रदेश में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे, निर्बाध बिजली आपूर्ति और इंफ्रास्ट्रकचर के निर्माण से यूपी में निवेश को बढ़ावा दिया है। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी जहां प्रदेश में पहले केवल 40 मेडिकल कॉलेज ही थे, उनकी संख्या बढ़कर 81 हो चुकी है।

साथ ही प्रत्येक पांच हजार की आबादी पर आरोग्य मंदिरों का संचालन हो रहा है, जहां पैथोलॉजी जॉच से लेकर, प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं।

स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में भी पहले की 5000 एमबीबीएस सीटों की तुलना में वर्तमान में 12,000 से अधिक सीटें हो चुकी हैं, वहीं एमएस और एमडी की सीटें भी लगभग दोगुनी बढ़ी हैं।

## ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था पर नाराज़ पंचायत अमला

**काकोरी लखनऊ।** ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार से अधिकारियों ने शांतिपूर्ण और चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत कर दी है। उनका कहना है कि बिना जमीनी तैयारी के लागू की गई ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था कामकाज में बाधा बन रही है और इससे कर्मचारियों की वास्तविक समस्याओं की अनदेखी हो रही है। प्रदेश सरकार द्वारा 31 अक्टूबर से ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम लागू करने के आदेश के बाद से ही अधिकारी और कर्मचारी संगठन असहमति जता रहे थे। बीते सप्ताहों में कई बार पत्राचार और ज्ञापन के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को तकनीकी खामियों और व्यवहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया गया, लेकिन कोई समाधान सामने नहीं आया। आंदोलन के तहत 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक अधिकारी काली पट्टी लगाकर नियमित सरकारी कामकाज कर रहे हैं।



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री जम्मू-कश्मीर गुलाम नबी आज़ाद पूर्व एमएलसी सिराज मेंहदी के आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर चचा अमीर हैदर, मौलाना सैफ अब्बास और मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली आदि मौजूद रहे।

## बीएलओ की मौतों से नाराज शिक्षक संगठनों ने खोला मोर्चा

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में लगे शिक्षामित्रों व कर्मचारियों की मौत से शिक्षक संगठनों में काफी नाराजगी है। उनका कहना है कि उनका काम शिक्षण कार्य है, उसके बावजूद प्रशासन जबरन उनसे निर्वाचन से जुड़े कार्य कराता है। अत्यधिक दबाव के चलते वह काल के गाल में समा रहे हैं। इनके परिजनों को सरकारी नौकरी व मुआवजा दिया जाए। प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) ने कहा कि कुछ बीएलओ ऐसे हैं जो पहली बार नियुक्त किए गए हैं। काफी दबाव के चलते वह काल के गाल में समा रहे हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि बीएलओ को प्रशासनिक अधिकारी लक्ष्य पूरा करने का दबाव देते हैं। तकनीकी समस्याओं के कारण व सामाजिक सहयोग न मिलने के कारण लक्ष्य पूरा न होने पर वेतन रोकने आदि की धमकी दी जाती है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने आरोप लगाया कि विभिन्न जिलों से शिक्षकों के इस मामले में फोन आ रहे हैं। यह अव्यवहारिक व निंदनीय है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य साल भर होता है। चुनाव आयोग को इसके लिए संविदा पर कार्मिकों की नियुक्त करनी चाहिए।उन्होंने मांग की है कि जितने भी बीएलओ की जान गई है, उनको एक करोड़ का मुआवजा, परिवार को सरकारी नौकरी, उनके माता-पिता को चिकित्सीय बीमा, बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 10 दिसंबर से परिषदीय विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही हैं।

# यूनिटी कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नोबेलरे सोसाइटी ने मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से यूनिटी कॉलेज, हुसैनाबाद,में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। यह शिविर पद्म भूषण स्व. मौलाना डॉ. एस. कल्बे सादिक की याद में समर्पित रहा। दो दिनों तक चले इस शिविर में सैकड़ों छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण कराए। शिविर में कई अनुभवी चिकित्सकों ने योगदान दिया, जिनमें डॉ. सरदार मेहदी (पीडियाट्रिशियन), डॉ. दीबा अबीदी मेहदी व डॉ. रूही तबस्सुम (स्त्रीरोग विशेषज्ञ), डॉ. महताब हैदर (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. आदिल रज़ा (जनरल फिज़ीशियन यूनानी), डॉ. मज़ाहिर हुसैन (दंत चिकित्सक), डॉ. दावर हुसैन (होम्योपैथ) और डॉ. तंज़ीम फ़ातिमा (कॉस्मेटोलॉजिस्ट एवं ट्राइकोलॉजिस्ट) आदि उपस्थित रहे। सभी विशेषज्ञों ने छात्रों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जाँच कर आवश्यक चिकित्सा सुझाव प्रदान किए। मेदांता फाउंडेशन की टीम ने शिविर में निःशुल्क टीबी लक्षण जाँच, डिजिटल एक्स-रे, हीमोग्लोबिन परीक्षण, ब्लड प्रेशर और रैंडम ब्लड शुगर टेस्ट उपलब्ध कराए। शिविर के दोनों दिनों में डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी विशेष रूप से उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम का निरीक्षण एवं मार्गदर्शन करते रहे। प्रिंसिपल शबाना और यूनिटी कॉलेज के पूरे स्टाफ ने शिविर की तैयारी, समन्वय और संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## मुसलमान एसआईआर प्रक्रिया को गंभीरता से लें : मौलाना कल्बे जवाद

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने मुसलमानों से एसआईआर प्रक्रिया को गंभीरता से लेने की अपील की है। मौलाना ने कहा कि लोकतंत्र में वोट की बहुत अहमियत होती है। इसलिए सभी मुसलमान एसआईआर फार्म को सही ढंग से भर कर बीएलओ के पास जमा करें और अगर किसी को फार्म नहीं मिला है तो बीएलओ से तुरंत सम्पर्क कर फार्म प्राप्त करे। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि एसआईआर में थोड़ी सी लापरवाही के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसलिए लापरवाही बिल्कुल न बरतें। चुनाव आयोग ने एसआईआर की तारीख 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। यह वृद्धि काफी नहीं है इसमें वृद्धि होना चाहिए। मौलाना ने कहा कि जिन लोगों ने अब तक एसआईआर फार्म नहीं भरे हैं वे तुरंत फार्म भर कर जमा करें ताकि मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज हो सके।

# मौलाना मदनी का बयान पूरी तरह संविधान और कानून की बुनियाद पर है : डॉ. खान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया ने जमीयत उलमा-ए-हिन्द के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि एक वैधानिक और संवैधानिक प्रश्न को विवादित स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ. मोईन अहमद खान ने कहा कि मौलाना महमूद मदनी का बयान किसी भावना या आवेश में दिया वक्तव्य नहीं है बल्कि पूरी तरह संविधान और कानून की बुनियाद पर आधारित है। डॉ. खान ने कहा कि न्यायपालिका पर पूर्व में भी कई बार आपत्तिजनक टिप्पणियां हुई लेकिन तब मीडिया ने चुप्पी साध ली, जबकि इस बार एक संवैधानिक प्रश्न को विवादित बनाने का प्रयास हो रहा है। मौलाना मदनी ने अपने बयान में कहा था कि ज्ञानवापी और मथुरा विवाद सुनवाई योग्य नहीं थे, क्योंकि वर्शिप एक्ट साफ तौर से ऐसे मामलों की सुनवाई पर रोक लगाता है, लेकिन अदालतों ने अधिनियम की अनदेखी करते हुए याचिकाएं स्वीकार कीं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि उच्चतम न्यायालय तभी तक उच्चतम है जब तक वह संविधान पर अमल कर रहा है। अगर ऐसा न हो तो नैतिक रूप से उसकी सर्वोच्चता खुद सवालों के घेरे में आ जाती है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में अदालतें सरकारों के दबाव में काम करती दिख रही हैं, जिससे कानून के अधिकार को ठेस पहुंच रही है। न्यायपालिका पर तभी विश्वास कायम रह सकता है जब संविधान सभी पर समान रूप से लागू किया जाए। मौलाना मदनी ने कहा कि विभाजन और गलतफहमियों के इस दौर में मुसलमानों का दायित्व है कि 60 प्रतिशत खामोश आबादी तक संवाद, शांति और तर्क के साथ पहुंचे। यही गलत धारणाओं को रोकने और समाज में सामंजस्य स्थापित करने का सबसे प्रभावी तरीका है। बोर्ड के महासचिव डॉ. मोईन अहमद खान ने कहा कि आज जब एक गंभीर संवैधानिक सवाल उठाया जा रहा है तो कुछ लोग उससे विवाद का रूप देने में लगे हैं। मौलाना मदनी ने न्यायिक जवाबदेही और संवैधानिक पारदर्शिता की मांग की है कोई अपशब्द या अपमानजनक टिप्पणी नहीं की। न्यायपालिका को वर्शिप एक्ट और संविधान के मूल ढांचे की रक्षा करते हुए अपनी निष्पक्षता और स्वायत्ता सुनिश्चित करना चाहिए, क्योंकि यही भारतीय लोकतंत्र की असली आत्मा है।

## स्व. जायसवाल की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना

**लखनऊ।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय जायसवाल की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। स्वर्गीय जायसवाल का निधन बीती 28 नवम्बर को हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसियों ने स्वर्गीय जायसवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके अध्यक्ष कार्यकाल और राजनीतिक जीवन पर चर्चा करते हुए दो मिनट का मौन रखा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने स्वर्गीय जायसवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे जमीन से जुड़े नेता थे और हर परिस्थिति में पार्टी के प्रति समर्पित रहे। स्वर्गीय जायसवाल कार्यकर्ताओं के चहेते और मिलनसार नेता थे। आज के परिदृश्य में हमें उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। इस मौके पर अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बबूल, विधानसभा प्रत्याशी अकबर अली सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** सुल्तानपुर लखनऊ मार्ग पर कोड़रा कट के पास आज शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से अपाचे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठे उनके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोड़रा कट पर एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है। अपाचे बाइक सवार मोहम्मद अलीम (32 वर्ष) पुत्र वसीम, निवासी ग्राम पलिया, थाना काकोरी, जनपद लखनऊ थे। उनके साथ खलील अहमद पुत्र स्वर्गीय कासिम अली, निवासी मदरसा वार्ड, अमेठी, गोसाईगंज बैठे थे। दोनों अमेठी से खुर्दही बाजार एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे तभी रास्ते में कोड़रा कट के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मोहम्मद अलीम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि खलील अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को पहले सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया गया। मृतक के बारे में बताया गया कि मोहम्मद अलीम पेशे से जरदोजी के कारीगर थे। करीब 8 वर्ष पूर्व उनका विवाह हुआ था और वह रोज़गार के सिलसिले में अधिकांश समय विदेश में रहकर काम करते थे। मृतक अपनी पत्नी फूल बानो सहित दो बच्चे अपने पीछे छोड़ गया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस लखनऊ भेज दिया है। वहीं हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हरमनप्रीत बनीं पीएनबी की नयी ब्रांड एंबेसडर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पंजाब नैशनल बैंक ने आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और विश्व कप विजेता हरमनप्रीत कौर को बैंक की पहली महिला ब्रांड एंबेसडर के रूप में अनुबंधित किया है। यह ऐतिहासिक जुड़ाव पीएनबी की ब्रांड परिवर्तन यात्रा में एक रणनीतिक मील का पत्थर है। यह घोषणा बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में बैंकिंग ऑन चैंपियंस की व्यापक थीम के तहत एक शानदार समारोह में हुई। इस समारोह में मुख्य अतिथि एम. नागराजू सचिव (एफएस), हरमनप्रीत कौर (भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान, विश्व कप विजेता और अर्जुन पुरस्कार विजेता), और पीएनबी का वरिष्ठ नेतृत्व, जिनमें अशोक चंद्र (पीएनबी एमडी एवं सीईओ), पीएनबी के कार्यपालक निदेशकगण एम. परमसिवम, बिभु प्रसाद महापात्रा, डी. सुरेंद्रन, और अमित कुमार श्रीवास्तव, सीवीओ राघवेंद्र कुमार, साथ ही मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधकगण और बैंक के कर्मचारी शामिल थे।

ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपने पहले आधिकारिक कार्य को संपादित करते हुए, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और विश्व कप विजेता हरमनप्रीत कौर ने श्री एम. नागराजू, सचिव (एफएस), और पीएनबी के एमडी एवं सीईओ श्री अशोक चंद्र के साथ मिलकर बैंक के चार वित्तीय उत्पादों का अनावरण किया, जो थेः पीएनबी रूपे मेटल क्रेडिट कार्ड लग्जरा, पीएनबी वन 2.0, डिजी सूर्य घर और आईआईबीएक्स पोर्टल पर पीएनबी की ऑनबोर्डिंग जो नवाचार, डिजिटल-फर्स्ट सेवाओं और ग्राहक-केंद्रित समाधानों के प्रति पीएनबी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस अवसर पर बोलते हुए, एम. नागराजू, सचिव (एफएस), ने कहा हरमनप्रीत कौर ने पहली बार महिला क्रिकेट टीम को जीत दिलाकर भारत को गौरवान्वित किया है और लाखों युवा महत्वाकांक्षी लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने सोने के बुलियन ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए पीएनबी को आईआईबीएक्स पर ऑनबोर्ड किए जाने पर भी अपनी खुशी व्यक्त की। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और विश्व कप विजेता हरमनप्रीत कौर ने कहाः यह सचमुच अविश्वसनीय लग रहा है। मैं जब 18 साल की थी, तब से ही पीएनबी के साथ बैंकिंग कर रही हूँ, और मेरा पहला खाता पीएनबी मोगा शाखा में था। आज बैंक की ब्रांड एंबेसडर के रूप में यहाँ खड़ा होना मेरे लिए सम्मान की बात है। पीएनबी ने भारतीयों की पीढ़ियों को उनकी वित्तीय आकांक्षाओं को साकार करने में सहायता की है, और लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने की इसकी प्रतिबद्धता मेरे दिल को छूती है। मैं पूरे भारत में और अधिक चैंपियनों को प्रेरित करने के लिए एक साथ काम करने की आशा करती हूँ।

# एसकेडी एकेडमी का वार्षिक उत्सव 2025 संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** एसकेडी एकेडमी का शानदार वार्षिक उत्सव 2025 आज संपन्न हो गया, जिसने संस्थान की विभिन्न शाखाओं में सांस्कृतिक जीवंतता, शैक्षणिक समारोहों और छात्रों के शानदार प्रदर्शनों से भरे कई दिनों की पराकाष्ठा को चिह्नित किया। ग्रैंड फिनाले ने संस्थान की उस परंपरा को बनाए रखा, जिसमें यह आयोजन न केवल छात्रों की प्रतिभा का प्रदर्शन होता है, बल्कि गणमान्य सरकारी और सामाजिक हस्तियों तथा एसकेडी समूह के मुख्य नेतृत्व की उपस्थिति वाला एक महत्वपूर्ण सामुदायिक समारोह भी होता है। मनीष सिंह, निदेशक, एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन, ने अपनी सराहना व्यक्त करते हुए कहा यह वार्षिक उत्सव केवल एक वार्षिक समारोह नहीं है; यह एसकेडी परिवार के भीतर निहित अपार क्षमता और सामूहिक भावना का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन है। अपने छात्रों को ऐसे जुनून, अनुशासन और रचनात्मकता के साथ प्रदर्शन करते देखना हमें अद्वितीय गौरव से भर देता है। हम एक ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ प्रतिभा को पहचाना जाए, मूल्यों को बरकरार रखा जाए और हर छात्र को चमकने का एक मंच मिले। इस शानदार उपलब्धि के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सवः कल्चरल मॉडलिंग, नृत्य, लोक गीत से सजी शाम




- पटना से बैदा बोलाई दा...दीपिका मिश्रा ने लोकगीत गाकर मोहा मन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या के शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि पार्षद कल्पना वर्मा आयोजक अरुण प्रताप सिंह,गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में नवी अकैडमी के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। म्यूजिक और डांस के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक एवं अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का हृदय जीता। नवी अकैडमी की निदेशक शिल्पा सिंह और बालमन एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित होती है। शिल्पा सिंह, प्रदीप कुमार सिंह एवं सैयद मोहम्मद सुहेल ने बताया कि बच्चों में आत्मविश्वास अभिव्यक्त कौशल, व्यक्तित्व विकास सुदृढ़ होता हैं। कार्यक्रम के अगले सोपान में कथक ब्रज भजे भजन... जयंश्री, मीठी यादव, विहाना राय, संगवी सिंह, आराध्या पांडेय ने नृत्य कर समां बांधा। झांसी की रानी गाने पर डांस की प्रस्तुति वेदिका राय ने दी। वहीं शनाया सिंह, आराध्या पांडेय की जुगलबंदी ने चार चांद लगाए। कार्यक्रम के अगले क्रम में कल्चरल मॉडलिंग कर बिखेरा जादू। मॉडल नीलांशी अस्थाना, निहारिका, अंजलि, नंदनी, भावना ,रोली सिंह चौहान, रुचि गौरी, अर्चना, सरिता रावत ने मॉडलिंग कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद ग्रुप डांस चक चक....प्रस्तुत स्वाति रावत, अनिका प्रधान,अक्षित सिंह,नैना वर्मा, पार्थ चौहान, रागिनी कुमारी ने सभी का मन मोहा। विहाना राय, जयंश्री, आराध्या पांडेय, मीठी यादव,कथक की प्रस्तुति दी।

कोरियोग्राफी प्रियांशु कन्नौजिया, मौसमी भारती,निदेशक शिल्पा सिंह निहारिका ने किए। स्वर धारा म्यूजिक एंड डांस अकादमी के द्वारा फ्यूजन नृत्य, वेदांशी, समृद्धि, जयश्री, अनुश्री, अविका ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सूचना विभाग से लोक गायिका दीपिका मिश्रा ने जगदम्बा घर मे दिआना बार आई हो ... हिंदुस्तान महोत्सव धुमायो राजा जी...पटना से बैदा बोलाई दा....की सुंदर प्रस्तुति दी।

# यूनिटी पी.जी. कॉलेज में दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता संपन्न



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूनिटी पीजी कॉलेज में दो दिवसीय 10वीं जस्टिस मुर्तजा हुसैन मेमोरियल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में सफल विजेताओं की घोषणा पुरस्कार एवम प्रमाण पत्र वितरण के साथ सम्पन्न हो गई। पारूल युनीवर्सिटी, गुजरात मूट कोर्ट प्रतियोगिता के अंतिम दौर में जीत हासिल की और के0आई0आई0टी भूवनेश्वर उपविजेता रहा। सर्वश्रेष्ठ मूटर का पुरस्कार निलाक्षी धीमन, एच.पी.एन.एल.यू को प्रदान किया गया, जबकि सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार आबिद अली सिददीक़ी, युनीटी पी.जी कॉलेज, लखनऊ को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल का पुरस्कार स्टारेक्स यूनिवर्सिटी, गुड़गाँव को मिला।न्यायमूर्ति डी.के. अरोड़ा, न्यायमूर्ति अनिल कुमार, न्यायमूर्ति राकेश श्रीवास्तव और कॉलेज के चेयरमैन न्यायमूर्ति इम्तियाज मुर्तजा ने प्रतियोगिता के समापन समारोह की शोभा बढ़ाई न्यायमूर्ति डी.के. अरोड़ा ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। न्यायमूर्ति अनिल कुमार ने अपने भाषण के दौरान प्रतिभागियों को प्रेरित किया और उनका मनोबल बढ़ाया।

# पद्म भूषण स्व. कल्बे सादिक की पुण्य तिथि पर पौधारोपण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पद्म भूषण स्व. डा. कल्बे सादिक की पुन्य तिथि की पांचवीं बरसी के अवसर पर जन कल्याण के विभिन्न कार्यक्रमों के पखवारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट द्वारा यूनिटी कालेज के आर्गनिक क्लब के सहयोग से व्यापक वृक्षारोपण का कार्यक्रम निकट चरक हास्पिटल, लालजी टण्डन मार्ग पर आयोजित किया गया जिसमें यूनिटी कालेज, यूनिटी कालेज सेकेण्ड शिफ्ट न्यू सेण्ट जान्स स्कूल, ताहा स्कूल, एम्स स्कूल आदि के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर पौधारोपण किया। इस अवसर पर हिमांषु ढपोला वरिष्ठ वैज्ञानिक बायो डायवर्सिटी ,डाबर इण्डिया लिमिटेड ने ग्लोबल वार्मिंग एवं वायु प्रदूषण से निपटने के लिये व्यापक पैमाने पर पौधारोपण पर बल देते हुए कहा कि यह अत्यन्त आवश्यक है। इस की महत्ता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आहवान किया है कि हर व्यक्ति कम से कम अपनी मां के नाम एक पौधा अवश्य लगायें। हमारी प्रदेश सरकार भी वृक्षारोपण को लेकर बहुत गम्भीरता से काम कर रही है। उ0 प्र0 नान ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव आनन्द कुमार सक्सेना एडवोकेट ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर पौधारोपण किया और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों का आहवान किया कि सामाजिक सरोकार के इस काम में वे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें ताकि समाज जागरूक हो । यूनिटी कालेज के सचिव नजमुल हसन रिज़वी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं विषेषकर यूनिटी कालेज के आर्गनिक क्लब के सदस्यों से कहा कि ट्रस्ट के प्लाट खसरा सं0 281 उवं 286 पर पौधारोपण करके ट्रस्ट के संस्थापक पद्म भूषण स्व. डा. कल्बे सादिक की पुन्य तिथि पर वातावरण को स्वच्छ रखने का जो संदेष दिया है उससे समाज के सभी लोग जागरूक होंगे और वे भी पौधारोपण करेंगे।